भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद
INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT
AHMEDABAD

51 वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT 2012-13

संस्थापक प्रणेता

डॉ. जीवराज एन. मेहता

कस्तूरभाई लालभाई

डॉ. विक्रम ए. साराभाई

पूर्व अध्यक्ष

डॉ. जीवराज एन. मेहता

श्री प्रकाश टंडन

श्री एस.एल. किर्लोस्कर

श्री केशव महिन्द्रा

श्री वी. कृष्णमूर्ति

श्री ए.पी. वेंकटेश्वरन

प्रोफेसर एस.के. खन्ना

डॉ. आई. जी. पटेल

श्री एन.आर. नारायण मूर्ति

डॉ.विजयपत सिंघानिया

वर्तमान अध्यक्ष

श्री ए. एम. नायक

वर्तमान निदेशक

प्रोफेसर आशिष नन्दा

पूर्व निदेशक

डॉ. विक्रम ए. साराभाई

प्रोफेसर रवि जे. मथाई

डॉ. सैम्युअल पॉल

प्रोफेसर वी. एस. व्यास

डॉ. आई. जी. पटेल

प्रोफेसर एन. आर. शेठ

प्रोफेसर पी. एन. खांडवाला

प्रोफेसर जहर साहा

प्रोफेसर बकुल एच. धोलकिया

प्रोफेसर समीर के. बरुआ

इक्यावनवाँ वार्षिक प्रतिवेदन : 2012-13

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद

Indian Institute of Management Ahmedabad

विषयसूची

वर्ष का सिंहावलोकन 5

नया सहयोग ज्ञापन 5
बोर्ड का पहला परीक्षण 5
दीक्षान्त समारोह 5
संस्थान का प्रदर्शन 6
कार्मिक उत्कृष्टता 8
सामाजिक रूपांतरण 8
सामाजिक दायित्व 9
व्यक्तिगत टिप्पणी 9

शैक्षणिक कार्यक्रम 10

1. प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 10
2. कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 14
3. कार्यपालकों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम 16
4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम 18
5. नियुक्ति 19
6. दीक्षांत समारोह 22
7. प्रबंध में संकाय विकास कार्यक्रम 23

अनुसंधान एवं प्रकाशन 24

प्रबंध विकास कार्यक्रम 26

अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह 27

1. इलेक्ट्रॉनिक अभिशासन केन्द्र (सीईजी) 27
2. लिंग समानता, विविधता, और समावेशिता केन्द्र (जेडी सेन्टर) 27
3. अवसंरचना नीति एवं विनियमन केंद्र (सीआईपीआर) 30
4. नवाचार, ऊष्मायन एवं उद्यमिता केंद्र (सीआईआईई) 30
5. कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए) 33
6. स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केन्द्र (सीएमएचएस) 34
7. खुदरा बिक्री केंद्र 34
8. कंप्यूटर एवं सूचना प्रणाली समूह (सी. एंड आई.एस.जी.) 35
9. सार्वजनिक प्रणाली समूह (पीएसजी) 35
10. रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवाचार केंद्र (आरजेएमसीईआई) 36

अनुशासनिक क्षेत्र **37**

1. व्यापार नीति 37
2. संचार 38
3. अर्थशास्त्र 38
4. वित्त एवं लेखाकरण 38
5. विपणन 39
6. संगठनात्मक व्यवहार 40
7. कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध 40
8. उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके 41

पूर्वछात्र गतिविधियाँ **42**

वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले **46**

सहायता अनुदान **49**

बुनियादी ढाँचे का विकास **50**

कार्मिक **51**

छात्र गतिविधियाँ **53**

विक्रम साराभाई पुस्तकालय **73**

कल्याण गतिविधियाँ **76**

परिशिष्ट **79**

दृष्टि

प्रबंधन में अग्रणी विचारधारा के रूप में एक ऐसा संस्थान बनना जो कि विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एवं सम्माननीय हो।

लक्ष्य

भारत और अन्य देशों को बदलने के लिए अनुसंधान एवं निर्माण पर आधारित वैश्विक महत्त्व के नए विचारों को उत्पन्न करने तथा प्रचार के माध्यम से जोखिम उठाने वाले ऐसे अग्रणी-प्रबंधक तैयार करना जो संगठनों के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए प्रबंधकीय एवं प्रशासनिक प्रथाओं को बदल सकें।

उद्देश्य

- प्रबंधन और उसके अंतर्निहित विषयों के लिए जो प्रासंगिक है ऐसे अनुप्रयुक्त और संकल्पनात्मक अनुसंधान के माध्यम से ज्ञान का सृजन करना, और इस ज्ञान का प्रकाशनों के माध्यम से प्रसार करना।
- संगठनों के सभी प्रकारों में प्रबंधन में कैरियर और संबंधित क्षेत्रों के लिए युवा पुरूषों एवं महिलाओं को तैयार करने के लिए शैक्षणिक सुविधाएँ स्थापित करना।
- प्रबंधन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन शिक्षकों और शोधकर्ताओं को विकसित करना।
- नवाचार और अत्याधुनिक प्रबंधन शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से अभ्यासरत प्रबंधकों के निर्णय निर्धारक कौशलों एवं प्रशासनिक क्षमता में सुधार करना और शिक्षा जारी रखने के लिए अवसर उपलब्ध कराना।
- परामर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना ताकि – क) संगठनों में निर्णय निर्धारक कौशलों एवं प्रक्रियाओं को, और ख) सार्वजनिक नीतियों की प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सके।
- सार्थक सहयोग के माध्यम से अपनी क्षमताओं के निर्माण द्वारा अन्य प्रबंधन स्कूलों में प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाना।
- उपरोक्त उद्देश्यों में से किसी एक अथवा सभी के संदर्भ में संस्थान का संचालन और संबंधों का वैश्विकीकरण करना ताकि वैश्विक स्तर पर सम्मानित भारत में पूर्व-प्रख्यात प्रबंधन स्कूल के रूप में ऊभर सके।

वर्ष का सिंहावलोकन

बीता हुआ वर्ष वास्तव में एक परिवर्तन का वर्ष था। यह वर्ष आईआईएमए सोसाइटी एवं बोर्ड के नए अध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करने के साथ शुरू हुआ। विभिन्न हितधारकों के बीच एक लंबी बातचीत के बाद अंततः सरकार द्वारा संस्थान के एक नए सहयोग ज्ञापन का अनुमोदन किया गया। यह नया सहयोग ज्ञापन संस्थान को बोर्ड प्रबंधित एवं संस्था शासित बनाता है। भारत में ऐतिहासिक रूप से ऐसा पहली बार हो रहा है जिसमें सार्वजनिक शैक्षणिक संस्थान के बोर्ड को इतने बड़े अधिकार एवं उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं। यह परिवर्तन अपेक्षित था और ऐसी आशा जताई जा रही है कि ऐसे परिवर्तन अन्य सार्वजनिक संस्थानों के लिए भी प्रभावी होंगे।

नया सहयोग ज्ञापन

अब बोर्ड को संस्थान के अध्यक्ष एवं साथ ही साथ निदेशक के लिए नामों के सुझाव देने का अधिकार मिल गया है। संस्थान के पास अब यह पूरी स्वतंत्रता है कि वह अपने गतिविधि पॉर्टफॉलियो को तय करने, सुविधाओं के सृजन के स्थानों एवं साथ ही साथ अधिग्रहण तथा अपने संचालनों के लिए जरूरी संसाधनों के प्रबंधन का निर्णय ले सकता है। बोर्ड संस्थान के नए निदेशक की खोज में गंभीरता से लगा है। हाल के निदेशक ने दिसम्बर 2011 में बोर्ड को नवंबर 2012 से पहले ही अगले निदेशक की पहचान प्रक्रिया शुरू करने और पूरा करने की जरूरत के बारे में सतर्क कर दिया था। उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि उनके कार्यकाल के समापन से कुछ महीने पहले ही आगामी निदेशक की पहचान की जानी चाहिए ताकि यह परिवर्तन बिना किसी बाधा के हो सके।

बोर्ड का पहला परीक्षण

किसी भी संगठन के लिए शीर्ष पर दोहरा परिवर्तन अनिश्चितता से भरा होता है। ऐसी स्थितियों में, प्रमुख हितधारकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस परिवर्तन को सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करें। कोई भी हितधारक ऐसा आग्रह नहीं रख सकता कि उसके विचार निर्णय निर्धारण में शामिल होने चाहिए। वास्तव में यह एक खुशी की बात है कि एक प्रमुख हितधारक के छोटे से भाग के अनुचित व्यवहार के बावजूद, बोर्ड ने समझदारी से काम लिया और बोर्ड संचालित संस्थान होने के कारण आईआईएम-ए ने अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखा। आगे बढ़ते हुए कुछ हितधारकों के अशिष्ट व्यवहार अथवा संस्थान के खराब प्रदर्शन के कारण बोर्ड प्रदत्त स्वतंत्रता को कोई जोखिम नहीं है ऐसा सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड को तंत्र सजग करना था।

दीक्षान्त समारोह

वास्तव में यह उचित है कि जब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भारत का भविष्य इसके उद्यमशील युवाओं द्वारा तय किया जायेगा, इस समय वर्ष 2013 के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर एक निडर भारतीय उद्यमी, दुनियाभर में सर्वेसर्वा श्री लक्ष्मी निवास मित्तल जी उपस्थित थे।

संस्थान का प्रदर्शन

वर्ष 2008 में शुरू हुआ अभूतपूर्व वैश्विक आर्थिक संकट 2012-13 के उपरांत भी निरंतर जारी रहा। संस्थान ने ना केवल इस अभूतपूर्व एवं लंबे समय के संकट को काफी प्रभावी रूप से नष्ट कर दिया, अपितु इस संकट में मजबूत होकर ऊभरा है। 2013 में समाप्त हो रहे इन पाँच वर्षों में, संस्थान ने सभी आयामों में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है।

वित्तीय स्थिति

लगातार छठे वर्ष भी आर्थिक संकट के जारी रहने के बावजूद, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि संस्थान अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने में सक्षम रहा। प्रदर्शन के आधार पर संकायों को अतिरिक्त भुगतान तथा पेंशन देयताओं के प्रत्याशित व्ययों को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में राशि अलग रखने के बावजूद भी लगातार तीसरे वर्ष भी संस्थान ने वर्ष 2012-13 में लगभग 1300 लाख रुपए का अधिशेष प्राप्त किया है। यह व्ययों पर विवेकपूर्ण नजर रखने और राजस्व स्रोतों को बढ़ाने एवं विविधता लाने के ठोस प्रयासों के कारण संभव हुआ। पिछले पाँच वर्षों में संस्थान द्वारा उठाए गए कदमों के कारण आने वाले वर्षों में संस्थान ने विकास के लिए अच्छी वित्तीय स्थिति की नींव रखी है।

परिसर में बुनियादी सुविधाएँ

इस वर्ष बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता एवं साथ ही साथ परिसर की सुंदरता बढ़ाने की दिशा में कई परियोजनाओं को पूरा किया गया। संस्थान की बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता की तुलना आज देश में श्रेष्ठ के रूप में हो रही है। पुस्तकालय ने अनुसंधान एवं अध्यापन में आवश्यक डाटाबेस तथा जर्नलों में शैक्षणिक सामग्री तथा सदस्यता के अपने संग्रह का विस्तार करने का कार्य जारी रखा है। पुस्तकालय के अंदरूनी हिस्सों का नवीनीकरण इस वर्ष के दौरान शुरू किया गया। छात्रों एवं परिसर वासियों को खेल सुविधाएँ, फ़िटनेस केन्द्र और बाहरी हरियाली व्यायाम के लिए ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। परिसर में चल रहे कई कैफ़ेटेरिया लोगों को अनौपचारिक रूप से बैठने एवं चर्चा व विमर्श करने के अवसर प्रदान करते हैं। परिसर का माहौल वास्तव में ऐसा बन गया है कि एक शैक्षणिक संस्थान के लिए – यह विचारों के विनिमय एवं प्रतिक्रिया के माध्यम से सीखने के लिए अनुकूल है।

शैक्षणिक कार्यक्रम

भारत में आईआईएमए ऐसा पहला प्रबंधन स्कूल बन गया है जो वैश्विक स्तर पर विभिन्न आयामों में मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2012-13 में, सभी तीनों स्नातकोत्तर कार्यक्रमों ने अपनी संबंधित श्रेणियों के शीर्षस्थ कार्यक्रमों में स्थान बनाए रखना जारी रखा - फ़ाइनेंसियल टाइम्स (एफ़टी) ने पीजीपी को प्रबंधन के मास्टर्स कार्यक्रमों के बीच 10वें स्थान पर रखा; फ़ाइनेंसियल टाइम्स ग्लोबल एमबीए रैंकिंग में पीजीपीएक्स का वैश्विक एमबीए कार्यक्रम रैंकिग में तीन वर्षों की औसत रैंक के साथ 16वाँ स्थान रहा, इसके अलावा कैरियर प्रोग्रेस रैंक में प्रथम स्थान रहा। एज्युनिवर्सल ने पीजीपी-एबीएम को कृषि एवं खाद्य तकनीकी क्षेत्र में प्रबंधन कार्यक्रम के लिए शीर्षस्थ स्थान दिया। प्रबंध में फ़ेलो कार्यक्रम (एफ़पीएम) ने देश में सर्वाधिक पसंदीदा डॉक्टरेट कार्यक्रम के रूप में अपना स्थान बनाए रखा। दी इकॉनोमिस्ट द्वारा जारी वैश्विक रूप से शीर्षस्थ 100 बिज़नेस स्कूलों की रैंकिंग में संस्थान का 56वाँ स्थान रहा।

नियोक्ताओं का आत्मविश्वास

भारत में अन्य आईआईएमों के सहित अन्य प्रबंधन स्कूलों और आईआईएमए के बीच की खाई वर्ष 2013 में और अधिक गहरी हो गई है। इतनी विकट आर्थिक स्थिति के बावजूद जब अन्य आईआईएमों के सहित अन्य सभी प्रबंधन स्कूल अपने स्नातकों की नियुक्ति के लिए संघर्ष कर रहे थे तब आईआईएमए ने मार्च के शुरू में ही अपने पीजीपी एवं पीजीपी-एबीएम स्नातकों की नियुक्ति पूरी कर ली थी। इससे संस्थान के छात्रों की गुणवत्ता एवं शैक्षणिक प्रक्रियाओं में नियोक्ताओं के विश्वास को फिर से पुष्टि मिली।

कार्यकारी शिक्षा

संस्थान ने कार्यकारी शिक्षा के क्षेत्र में अपना प्रमुख स्थान बनाए रखना जारी रखा। कार्यकारी शिक्षा के वैश्विक पदचिह्न को अधिक विस्तृत करते हुए, संस्थान ने 'ब्रिक्स ऑन ब्रिक्स' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम चारों ब्रिक देशों ब्राजील, रूस, भारत और चीन के प्रत्येक एक प्रसिद्ध प्रबंधन स्कूल द्वारा सहयोगात्मक रूप से आयोजित गया। इस कार्यक्रम में एक सप्ताह के भारतीय मॉड्यूल का आयोजन मार्च के प्रारम्भ में परिसर में किया गया। चारों ब्रिक राष्ट्रों की कम्पनियों में से शीर्ष प्रबंधन के अट्ठाईस प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। इस कार्यक्रम के डिजाइन की अनूठी विशेषता यह थी कि इसको तैयार करने में पूर्वछात्रों की व्यापक भागीदारी रही। विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य पूर्वछात्रों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया था। भारतीय परिवारों एवं सामाजिक व्यवस्था व साथ-साथ भारतीय उपभोक्ताओं की प्रथमदर्शी समझ के लिए प्रतिभागियों को अहमदाबाद के पूर्वछात्रों ने घरेलू दौरा आयोजित कराया। इस कार्यक्रम को अत्यंत सराहा गया।

अनुसंधान एवं प्रकाशन

संस्थान में पर्याप्त ध्यान केन्द्रित अनुसंधान एवं अन्य शैक्षणिक कार्य विशेष ध्यान देने के लिए बनाए गए केन्द्रों द्वारा किया जाता है। मौजूदा केन्द्रों में कृषि प्रबंधन केन्द्र (सीएमए), अवसंरचना नीति एवं विनियमन केन्द्र (सीआईपीआर), स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केन्द्र (सीएमएचएस), आईआईएमए आइडिया दूरसंचार उत्कृष्टता केन्द्र (आईआईटीसीओई), लिंग समानता, विविधता एवं समावेशिता केन्द्र (जीईडीआई), इलेक्ट्रॉनिक अभिशासन केन्द्र (सीईजी), नवाचार ऊष्मायन एवं उद्यमिता केन्द्र (सीआईआईई) और खुदरा बिक्री केन्द्र शामिल हैं। इस वर्ष के दौरान इन केन्द्रों का गतिशील रहना जारी रहा और अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यों की महत्त्वपूर्ण मात्रा को पूरा किया गया। इन केन्द्रों से जुड़े संकायों द्वारा पूर्ण हुए कार्यों के प्रसार के लिए इन केन्द्रों ने प्रबंध विकास कार्यक्रमों और वार्ता, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं तथा सम्मेलनों का आयोजन भी किया।

संस्थान द्वारा किए गए अनुसंधानों की मात्रा काफी अधिक होती है, तब ऐसे अनुसंधानों को पर्याप्त बढ़ावा देने की जरूरत है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हैं। यह वैश्विक रूप से अग्रणी विचारक बनने में संस्थान की दृष्टि के अनुरूप होगा। बीते हुए इस वर्ष में, इस दृष्टि के अनुरूप विशेष उपाय लागू किए गए। प्रतिष्ठित जर्नलों में अब संकायों के अनुसंधान एवं प्रकाशन में योगदान को प्रधानता दी गई है। इससे संकाय सदस्यों के अपने चुने हुए जाँच के क्षेत्रों में ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने एवं दबाव डालने में परोक्ष बल मिलेगा।

अनुसंधान एवं प्रकाशन समिति को संस्थान के भीतर अनुसंधान को बढ़ावा देने का अधिकार है। वर्ष 2012-13 में, इस समिति ने 67 से अधिक परियोजनाओं, 14 संगोष्ठियों और 46 से अधिक वर्किंग पेपरों के प्रकाशन के लिए वित्त पोषण किया।

आईआईएमए बिज़नेस बुक्स सिरीज़ के बैनर तले संस्थान के संकायों द्वारा लिखित पढ़ने में सरल व संबंधित पुस्तकों का प्रकाशन रैन्डम हाउस के सहयोग से जारी है। इस सिरीज़ के तहत वर्ष 2012-13 के अंत तक, कुल 10 पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। इन पुस्तकों को कार्यकारी अधिकारियों द्वारा काफी सराहा गया और कई शीर्षक तो अधिकतम बिकने वाले भी बन गए हैं।

शैक्षणिक निर्गम का प्रसार

इस वर्ष संस्थान को अपने संकायों के बौद्धिक निर्गम के प्रसार में एक और महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए देखा गया। संकाय सदस्यों के अध्ययन केसों एवं अन्य शैक्षणिक उत्पादों के लिए वेब आधारित पहुँच उपलब्ध कराते हुए एक पॉर्टल का प्रारंभ किया गया। यह पॉर्टल 26 जनवरी, 2013 से पूर्णतया संचालित हो चुका है। पहले से ही एक हज़ार से अधिक अध्ययन केसों को अपलोड कर दिया गया है और ऑन-

लाइन डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध हैं। इस वर्ष के अंत तक, इनकी संख्या हज़ारों के गुणक में हो जाएगी। समय के साथ, इस पॉर्टल के गुणवत्ता युक्त अध्ययन केसों और अन्य संस्थानों के योगदान कर्ताओं द्वारा लिखित शिक्षण सामग्री का प्रसारक बनने की संभावना है।

उद्यमिता समर्थन

पिछले पाँच वर्षों में संस्थान ने नवाचार एवं उद्यमिता के समर्थन में नवाचार ऊष्मायन एवं उद्यमिता केन्द्र (सीआईआईई) के प्रयासों के माध्यम से महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यह केन्द्र देश में इस तरह का सर्वोत्तम केन्द्र बन चुका है। वर्ष 2012 में, 'पावर ऑफ़ आइडियाज़' नामक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के माध्यम से इस केन्द्र ने 75 प्रस्तावों की अंतिम सूची बनाई थी जो मूलधन समर्थन के लिए चुने गए थे। इन शुरूआती कम्पनियों ने बाद में दो-दिवसीय समारोह में बड़े निवेश के लिए अग्रणी उद्यमी पूंजीपतियों एवं प्रमुख निवेशकों को भाग लेने के लिए आकर्षित किया था। केन्द्र ने इनफ़्यूज़ भी आरंभ किया जो कि भारत का प्रथम ऐसा कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य ऐसे उद्यमों को बढ़ावा देना है जिसमें स्वच्छ तकनीक का उपयोग होता है। इनफ्यूज़ ने आगे सलाह व वित्तीय सहायता के लिए 20 उद्यमों की पहचान की। इस केन्द्र ने भारत में उद्यमिता के समर्थन हेतु वित्तीय सहायता के लिए 15000 लाख रुपए से अधिक की राशि को आकर्षित किया।

इस केन्द्र ने आईआईएमए से स्नातक हो रहे छात्रों को उद्यमी बनने में समर्थन करने के लिए 'यंग आईआईएमए मैवरिक्स कार्यक्रम' की भी शुरूआत की। ऐसे प्रत्येक छात्र को दो वर्ष तक प्रति महीने 30,000 रुपए का भत्ता दिया जाएगा, इस केन्द्र की तरफ से केन्द्र की सुविधाएँ एवं केन्द्र द्वारा रचित परामर्शन नेटवर्क से परामर्शन सहायता दी जाएगी। आईआईएमए के पूर्वछात्रों ने इस पहल के लिए अपने समर्थन का वचन दिया है और पहले से ही ग्यारह छात्र उद्यमियों को प्रायोजित करने के लिए वित्त पोषण हेतु प्रतिबद्ध हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि स्नातक हो रहे बैच से सात छात्रों को इस कार्यक्रम के तहत प्रायोजन के लिए चुना गया है। इस अद्वितीय पहल के लिए सहायता कर रहे, उन पूर्वछात्रों का मैं धन्यवाद कहना चाहूँगा।

कार्मिक उत्कृष्टता

संस्थान के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के योगदान को संस्थान के प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठता प्राप्त करने की दिशा में ज्यादातर नहीं पहचाना जाता। देश की शीर्षस्थ प्रबंधन स्कूलों में से कुछ में संकायों की क्षमता तुलनीय है, जबकि आईआईएमए में कार्यरत स्टाफ की गुणवत्ता अन्य स्कूलों के स्टाफ की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बेहतर है। पिछले कुछ वर्षों में संस्थान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संस्थान के कामकाज के सभी पहलुओं की प्रभावी प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप कायम रही है। कर्मचारियों के कार्य निष्पादन को मापने के लिए औपचारिक प्रणाली – कार्य निष्पादन की समीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली (पीआरएएस) है, इसका प्रारंभ पिछले वर्ष हुआ जिसे वर्ष 2012-13 में समेकित किया गया था। वर्ष 2007-08 में औपचारिक कार्यनिष्पादन मापन प्रणाली के बदले में कर्मचारी प्रोत्साहन प्रणाली लागू की गई, वह अब मजबूत हो चुकी है। संस्थान को आगे भी कर्मचारियों को प्रेरित करने के इस औपचारीकरण से उल्लेखनीय लाभ होगा।

सामाजिक रूपांतरण

वर्ष 1975 में संस्थान के प्रथम पूर्णकालिक निदेशक, रवि मथाई ने एक कार्य अनुसंधान परियोजना का शुभारंभ किया, जिसे जवजा परियोजना के नाम से जाना गया। यह 'ग्रामीण प्रयोग विश्वविद्यालय' गरीबों से भी गरीब के सामाजिक एवं आर्थिक उद्धार के लिए प्रबंधन के सिद्धांतों की प्रयोज्यता का परीक्षण करने के लिए था। लगभग दो दशकों के अंतराल के बाद, इसी उद्देश्य के लिए वर्ष 2010 में संस्थान टोरेंट समूह से जुटाए गए धन के माध्यम से जवजा कारीगर संघ को पुनर्जीवित करने के लिए वापस गया। संस्थान ने आईआईएमए की तरफ से दो संकाय सदस्यों, एनआईडी से एक संकाय सदस्य तथा संस्थान

के एक पूर्वछात्र, एनआईडी के पूर्व निदेशक तथा एक स्वयंसेवी चार्टर्ड एकाउंटेंट को मिला कर एक समूह का गठन जवाजा कारीगर संघ (एएजे) के विचार को पुनःगतिशील करने की प्रतिबद्धता से किया। वर्ष 2012-13 तक, नए उत्पाद डिजाइनों, पुनः प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं महिलाओं की भागीदारी से कारीगरों के परिवारों की आय में वर्ष 2010 की तुलना में 80 से 100 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई थी। इस समूह द्वारा किए गए प्रयासों से देश के भीतर अद्यतन बाजारों में इन उत्पादों की माँग देखी गई है। कुछ उत्पादों को निर्यात भी किया गया है।

सामाजिक दायित्व

वर्ष 2008-09 में, आईआईएमए शायद विश्व में प्रथम ऐसा बिज़नेस स्कूल बन गया है जिसने छात्रों को बिलकुल निःशुल्क शिक्षा देना शुरू किया। वर्ष 2008-09 में, संस्थान ने संस्थान के शिक्षा कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के 23 छात्रों को बिलकुल निःशुल्क शिक्षा के लिए सहायता दी। वर्ष 2009-10 में यह संख्या बढ़कर 41 हो गई, क्योंकि नए बैच के अन्य 18 छात्रों की भी निःशुल्क शिक्षा के लिए पहचान की गई थी। पूरी फीस माफी के अलावा, संस्थान आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों से आए छात्रों को भी वर्गीकृत शुल्क छूट प्रदान करता है। यह पहल वर्ष 2012-13 में जारी रही और इस वर्ष में जरूरत के आधार पर प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की राशि लगभग 700 लाख रुपए है। पिछले पाँच वर्षों में जरूरतमंद छात्रों को प्रदान की गई कुल सहायता राशि 3860 लाख रुपए है।

व्यक्तिगत टिप्पणी

निदेशक के तौर पर यह मेरा छठा एवं आखिरी वार्षिक प्रतिवेदन होगा। मैं सैंतीस वर्षों से जीवनभर के लिए संस्थान के साथ हूँ। जब मैं संस्थान से एक छात्र के रूप में जुड़ा तब मैंने ऐसा कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं इसी संस्थान का निदेशक बनकर सेवा करने का सम्मान पाऊँगा। मैंने इस संस्थान को एक संगठन से क्षमता के साथ ऊभरकर एक प्रतिष्ठित संस्थान बनते देखा है। निदेशक के तौर पर मैंने जो कुछ भी पाया है वह कर्मचारियों के पूर्ण सहयोग, बोर्ड के अनुग्रह एवं कुछ संकाय सहकर्मियों जिन्होंने मेरे साथ करीबी से कार्य किया है उनके प्रशासनिक समर्थन के बिना संभव नहीं होता। उन सभी से मिले इस समर्थन के लिए रिकार्ड पर मैं आभार व्यक्त करता हूँ जिससे पिछले छह वर्षों में निदेशक के तौर पर मुझे कर्तव्यों को निभाने में और संस्थान के लिए माइलस्टोन प्राप्त करने में सहायता मिली।

समीर के. बरुआ

शैक्षणिक कार्यक्रम

सन् 1964 से प्रस्तुत, संस्थान द्वारा पेश किया गया प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) सबसे लंबी अवधि तक चलने वाला कार्यक्रम है। भारत में और विदेशों में प्रकाशनों द्वारा किये गये सर्वेक्षणों में भारतीय प्रबंध स्कूलों के बीच यह कार्यक्रम लगातार शीर्ष पर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से संस्थान द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की श्रृंखला को विस्तारित किया गया है। वर्तमान में यह संस्थान अलग-अलग अवधियों के पाँच शैक्षणिक कार्यक्रम चलाता है : प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) (एमबीए के समकक्ष), कृषि व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) (एमबीए के समकक्ष), कार्यकारियों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स), प्रबंध में फैलो कार्यक्रम (एफपीएम) (पीएच.डी. के समकक्ष), तथा प्रबंध-शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)।

1 .प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) का उनचासवाँ सत्र, 18 जून, 2012 को 381 छात्रों के साथ प्रारंभ हुआ। वर्ष की समाप्ति पर 376 छात्र, द्वितीय वर्ष के लिए प्रोन्नत हुए।

इस कार्यक्रम का द्वितीय वर्ष, 11 जून, 2012 को 371 छात्रों के साथ शुरू हुआ। द्वितीय वर्ष के अंत में, 373 छात्र (दोहरी उपाधि कार्यक्रम सहित) संतोषप्रद रूप से शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने के बाद स्नातक हुए।

छात्र	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	विकलांग	कुल
प्रथम वर्ष	59	29	100	12	200
द्वितीय वर्ष	49	22	103	9	183

विवरण, **परिशिष्ट क1** में दिए गए हैं।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, और विकलांग (डी.ए.) छात्रों का विवरण निम्नानुसार है :

तैयारी कार्यक्रम

तैयारी कार्यक्रम को उन नए प्रविष्ट छात्रों के मतलब से तैयार किया गया है, जो संचार एवं गणितीय कौशलों में अपेक्षाकृत कमजोर हैं। नियमित सत्र प्रारंभ होने से पूर्व, 28 मई से 16 जून, 2012 तक आयोजित इस कार्यक्रम में सड़सठ छात्रों ने भाग लिया।

परिचय कार्यक्रम

नए प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए 18 से 20 जून, 2012 के दौरान परिचय कार्यक्रम चलाया गया। इसमें निदेशक व पीजीपी-अध्यक्ष के संबोधनों के अतिरिक्त, पीजीपी कार्यकारी समिति के साथ संवाद तथा कंप्यूटर एवं पुस्तकालय-सुविधाओं के उपयोग से संबंधित जानकारी परिचय कार्यक्रम में शामिल थी। छात्रों को केस-पद्धति शिक्षण से परिचित कराने हेतु केस-तैयारी और केस-पद्धति पर एक विस्तारित सत्र का आयोजन किया गया।

शिक्षकीय

कार्यक्रम की आवश्यक अपेक्षाओं को पूरा करने में छात्रों की सहायता के उद्देश्य से, प्रथम वर्ष के कुछ कार्यक्रमों में प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकीय दिए गए।

पाठ्यक्रम

नवीनतम अनुसंधानों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए पाठ्यक्रम समय समय पर पीजीपी समीक्षा समिति द्वारा संशोधित किया जाता है।

इस वर्ष प्रथम वर्ष के छात्रों ने 6 स्लॉटों में विस्तारित 31 पाठ्यक्रम लिए।

द्वितीय वर्ष में, 105 वैकल्पिक पाठ्यक्रम व 81 परियोजना-पाठ्यक्रम (बिना क्रेडिट की 2 स्वतंत्र परियोजनाओं सहित) पेश किये गए।

नए पाठ्यक्रम

वर्ष के दौरान, पीजीपी के द्वितीय वर्ष में 17 नए वैकल्पिक पाठ्यक्रम चलाए गए। इन पाठ्यक्रमों के विवरण **परिशिष्ट क2** में दिये गये हैं।

दोहरी उपाधि कार्यक्रम एवं एक सत्रीय विनिमय कार्यक्रम

दोहरी उपाधि कार्यक्रम

शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्रों में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान विकसित करने के उद्देश्य से, संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से निम्नलिखित विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ स्नातकोत्तर स्तर पर एक दोहरी उपाधि कार्यक्रम बनाया गया है :

- ईसेक बिजनेस स्कूल, फ़्रान्स
- यूनिवर्सिटी ऑफ बोकोनी, मिलान, इटली
- एचईसी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, फ़्रान्स

इस दोहरी उपाधि कार्यक्रम के अधीन, यूनिवर्सिटी ऑफ बोकोनी, इटली के पाँच छात्रों, और एचईसी, फ़्रान्स के दो छात्रों ने पीजीपी द्वितीय वर्ष में 2012-13 के दौरान अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी समय, अपने संस्थान से द्वितीय वर्ष के सात छात्र, इस दोहरी उपाधि कार्यक्रम के अधीन यूनिवर्सिटी ऑफ बोकोनी, इटली, और एचईसी, फ़्रान्स में गए।

एक सत्रीय विनिमय कार्यक्रम

संस्थान ने पीजीपी का अंतरराष्ट्रीयकरण करने और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन प्रदान करने के क्रम में शैक्षणिक वर्ष 2012-13 के दौरान छात्रों के विनिमय के लिए कई अंतरराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों के साथ सहयोग किया है।

आईआईएम-ए से चौहत्तर (एक सत्रीय विनिमय) और सात (दोहरी उपाधि कार्यक्रम) के छात्रों को सहभागी विदेशी विश्वविद्यालयों में भेजा गया, जबकि 79 (एक सत्रीय विनिमय) एवं 7 (दोहरी उपाधि) सहयोगी विश्वविद्यालयों के छात्रों ने संस्थान के पाठ्यक्रमों में भाग लिया।

सहयोगी शैक्षणिक संस्थानों तथा विनिमय छात्रों की संख्या का विवरण **परिशिष्ट क3 और क4** में दिया गया है।

व्याख्यान श्रृंखला

वर्ष 2012-13 के दौरान निम्नलिखित प्रसिद्ध व्यक्तियों ने छात्रों को संबोधित किया :

राज बियानी	प्रबंध निदेशक, माइक्रोसॉफ़्ट इन्डिया
अनूप बागची	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज़ लिमिटेड
कुलदीप शर्मा	पुलिस महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, नई दिल्ली

छात्रवृत्तियाँ

संस्थान ने शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर एक बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियाँ प्रदान की हैं। यह जरूरत के आधार पर भी छात्रवृत्तियाँ प्रदान करता है।

उद्योग छात्रवृत्तियाँ

इस वर्ष के दौरान अड़तीस छात्रों ने शैक्षणिक प्रदर्शन की योग्यता के आधार पर उद्योग-छात्रवृत्तियाँ प्राप्त की।

- **आदित्य बिड़ला छात्रवृत्तियाँ**

  ये छात्रवृत्तियाँ नौ छात्रों को प्रदान की गई।

- **सर रतन टाटा छात्रवृत्तियाँ**

  सर रतन टाटा ट्रस्ट द्वारा स्थापित सर रतन टाटा छात्रवृत्तियाँ, पीजीपी के द्वितीय वर्ष के छात्रों को उनके प्रथम वर्ष के शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर प्रदान की जाती हैं। ये छात्रवृत्तियाँ पाँच छात्रों को दी गई।

- **ओ. पी. जिंदल छात्रवृत्तियाँ**

  प्रत्येक को 1,25,000 रुपए की ओ.पी. जिंदल छात्रवृत्तियाँ दो पीजीपी छात्रों को दी गई।

- **सोसाइटी जनरल वैश्विक समाधान केन्द्र छात्रवृत्तियाँ**

  सोसाइटी जनरल वैश्विक समाधान केन्द्र प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलुरू ने चार पीजीपी छात्रों को छात्रवृत्तियाँ दी हैं। छात्रवृत्तियों की कुल राशि 12,72,000 रुपए थी।

- **श्री एस.के. शेठ स्मारक पुरस्कार**

  यह पुरस्कार श्रीमती शान्ति शेठ द्वारा संस्थापित अपने पति स्व. श्री एस. के. शेठ, संस्थान के प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष की स्मृति में पीजीपी कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में उच्चतम ग्रेड अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार निखिल अग्रवाल को दिया गया।

- **एस. उमापति पुरस्कार**

  यह पुरस्कार स्वर्गीय एस. उमापति के भाई द्वारा, जो एक पीजीपी छात्र थे, उनकी स्मृति में किसी एक छात्र की शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचान दिलाने के लिए संस्थापित, पीजीपी प्रथम वर्ष के श्रेष्ठ छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार निखिल अग्रवाल को दिया गया।

- **सर्वोत्तम पीजीपी ऑल राउंडर के लिए कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार**

  कोलेनगोडे वी.श्रीनिवास पुरस्कार, स्वर्गीय श्री कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास के माता-पिता द्वारा किसी असाधारण छात्र के बहुमुखी प्रदर्शन को पहचान दिलाने एवं संस्थान के साथ श्रीनिवास की स्मृति में सम्मान के लिए स्थापित किया गया, जो एक पीजीपी छात्र थे। इस वर्ष, यह पुरस्कार गोपाल बालाकृष्णन् को दिया गया।

शैक्षिक प्रदर्शन के लिए देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वर्ण पदक

यह पुरस्कार, भारत के प्रथम राष्ट्रपति, स्व. डॉ राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में कामधेनु फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है। यह उस छात्र को दिया जाता है जो कार्यक्रम के दोनों वर्षों में सर्वोच्च ग्रेड अंक प्राप्त करता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार निखिल अग्रवाल को दिया गया।

महिला ऑल राउंडर पुरस्कार

पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता पुरस्कार, इस संस्थान के अल्युम्नस श्री अरूण दुग्गल की पत्नी श्रीमती रीता दुग्गल द्वारा एक असाधारण महिला छात्रा के ऑलराउंड निष्पादन को पहचान देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष, यह पुरस्कार दिपन्नीता सेनगुप्ता को दिया गया।

पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता स्वर्ण पदक क्वेजल फाउंडेशन द्वारा एक असाधारण महिला छात्रा के ऑलराउंड निष्पादन को मान्यता देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष, यह पुरस्कार दिपन्नीता सेनगुप्ता को दिया गया।

सजीव सिरपाल शैक्षणिक एवं सृजनात्मक उत्कृष्टता पुरस्कार

सुश्री कनक सिरपाल (पीजीपी 1984) एवं मित्रों द्वारा संस्थापित यह पुरस्कार श्री सजीव सिरपाल (पीजीपी 1984) की स्मृति में छात्रों में शिक्षाविदों एवं सृजनात्मकता की उत्कृष्टता की पहचान करने के लिए दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार निखिल अग्रवाल एवं सुमित सोमानी को दिया गया।

भा. प्र. संस्थान अहमदाबाद की विशेष आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्तियाँ (एसएनबीएस)

संस्थान ने कुल 6,99,63,000 रुपए की आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्तियाँ 103 पीजीपी और 34 पीजीपी-एबीएम के छात्रों को दी। इस छात्रवृत्ति में 74,000 रूपए से लेकर 5,25,000 रूपए तक की धनराशि थी। कुल पाठ्यक्रम फीस का अधिकतम 70 प्रतिशत समर्थन 29 छात्रों को दिया गया।

भारत सरकार - सर्वोच्च श्रेणी की शिक्षा के लिए केन्द्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना

अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति के लिए - मानव संसाधन विकास मंत्रालय को नौ आवेदन भेजे गए।

अनुसूचित जनजाति के लिए - पिछले शैक्षणिक वर्ष की छात्रवृत्ति की 21,69,200 रुपए राशि प्राप्त हुई और प्राप्तकर्ताओं में बाँट दी गई। वर्तमान वर्ष के लिए, पाँच आवेदन प्राप्त हुए थे और उन्हें मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेजा गया है।

भा.प्र.सं.अ. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्तियाँ

इस वर्ष के दौरान, 164 छात्रों को प्रत्येक को 1500 रुपए के हिसाब से अ.जा./अ.ज.जा. छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई।

पीजीपी पूर्वछात्र छात्रवृत्तियाँ

कई पीजीपी पूर्वछात्रों ने उदारतापूर्वक जरूरतमंद छात्रों को सहायता देने के लिए योगदान दिया है। जबकि कुछ निधियों का उपयोग एस.एन.बी.एस. प्रदान करने में किया गया, कुछ राशि एस.एन.बी.एस. को पूरा करने के लिए वापस करने के आधार पर प्रदान की गई।

राज्य सरकार की छात्रवृत्तियाँ

राज्य सरकार द्वारा (महाराष्ट्र एवं केरल सरकार द्वारा) प्रायोजित लगभग 31,09,037 रुपए राशि की छात्रवृत्तियाँ संस्थान ने इस वर्ष के दौरान पाँच छात्रों को प्रदान की।

विभिन्न छात्रवृत्तियों के प्राप्तकर्ताओं के नाम **परिशिष्ट क5 में दिए गए हैं।**

प्रवेश

जून 2012 की शुरूआत में तीन सौ इक्यासी छात्रों को पीजीपी में प्रवेश दिया गया।

श्रेणी	पुरुष	महिला	कुल
सामान्य	159	25	184
एनसी-ओबीसी	82	17	99
अ.जा.	44	14	58
अ.ज.जा.	20	8	28
विकलांग	12	-	12
कुल	**317**	**64**	**381**

कंप्यूटर-आधारित परीक्षा, सामान्य प्रवेश परीक्षा (कैट), 11 अक्टूबर से 06 नवम्बर, 2012 तक 21 दिनों की विन्डो जाँच के साथ आयोजित की गई। जून 2013 से शुरू होने वाले पीजीपी-स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए कई विदेशियों के सहित 1,80,855 आवेदन प्राप्त हुए।

प्राप्त आवेदनों की संख्या एवं छात्रों के प्रवेश के विवरण **परिशिष्ट क6 और क7** में दिये गये हैं।

2. कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

कृषि व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) ने वैश्विक स्तर पर पहचान हासिल की है और एड्यूनिवर्सल, पेरिस द्वारा लगातार दो वर्ष तक (2011 एवं 2012) विश्वभर में कृषि व्यवसाय/खाद्य उद्योग प्रबंधन कार्यक्रम में इसे प्रथम स्थान पर रखा गया है।

जब से संस्थान ने कृषि, खाद्य, एवं अन्य विकास से संबंधित महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के प्रबंधकीय मुद्दों को स्वीकार किया है तब से ही अपनी स्थापना के दिन से ही संस्थान ने सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण खाद्य एवं कृषि व्यवसाय के प्रति प्रतिबद्धता जताई है। इसका अनुसरण करते हुए सर्वप्रथम वर्ष 1974 में कृषि में विशेषज्ञता पैकेज के साथ स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एसपीए) पेश किया गया। सन् 2000 में, बदलते आर्थिक परिवेश में संस्थान के कृषि व्यवसाय प्रबंधन शिक्षा के लिए दृष्टिकोण की समीक्षा के बाद कार्यक्रम को दोबारा बनाया गया और एक 15 महीने का कृषि व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किया गया। वर्ष 2003 में इसे दो वर्षीय पूर्णकालीन कार्यक्रम में रूपांतरित कर दिया गया।

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

इस कार्यक्रम का उद्देश्य खाद्य एवं कृषि व्यवसाय, ग्रामीण तथा संबद्ध क्षेत्रों में युवा महिला एवं पुरूषों को सक्षम व्यावसायिक प्रबंधक बनाना है। बढ़ती हुई पर्यावरणीय चिंताओं एवं उच्चतम बाजारोन्मुख प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में चुनौतियाँ बढ़ने से कृषि खाद्य उद्योग नीतियों में एवं प्रबंधन में बदलाव लाने के लिए प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता है। नवीन कौशलों के साथ साथ, इस उद्योग में कार्यरत लोगों को प्रबंधकीय कौशलों, नीति के वातावरण की परिचितता, एवं एक सामरिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। यह कार्यक्रम छात्रों को गतिशील उद्योग में प्रमुख बदलावों और उन बदलावों की प्रक्रिया में प्रबंधन के कठिन कार्य के लिए तैयार करता है। यह कार्यक्रम, तेज़ी से बदलते कृषि व्यवसाय क्षेत्र के लिए छात्रों को तैयार करता है, साथ ही साथ इस कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्य निम्नानुसार हैं :

- छात्रों को कृषि-व्यवसाय के संदर्भ में सामाजिक उद्देश्य के लिए प्रबंधकीय निर्णय लेने और निर्णयों के कार्यान्वयन के लिए वैचारिक एवं अंतर्वैयक्तिक कौशल से सुसज्जित करना।
- छात्रों को सफल व्यवसायियों के रूप में ढालने हेतु उन्हें कृषि-उद्यम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।
- छात्रों में नेतृत्व-क्षमताएँ विकसित करना, ताकि वे परिवर्तन के अनुरूप ढल सकें और जिन संगठनों में वे कार्य करते हैं, उन्हें प्रेरित कर सकें।
- छात्रों की कल्पना-शक्ति का विस्तार करना तथा उनमें व्यावसायिकता, ईमानदारी, नैतिकता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के मूल्यों को पैदा करना।

प्रवेश

इस वर्ष, संस्थान को पिछले वर्ष के 1,23,462 आवेदनों की तुलना में, 1,35,911 आवेदन प्राप्त हुए। एक कठिन चयन प्रक्रिया के बाद, जिसमें सामान्य प्रवेश परीक्षा, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार शामिल थे, इस कार्यक्रम में 43 छात्र जून 2012 से जुड़े।

विवरण **परिशिष्ट ख1** में दिए गए हैं।

तैयारी कार्यक्रम

गणित, संचार एवं कम्प्यूटर कौशलों को मजबूत करने हेतु सभी छात्रों को 30 मई, 2012 से 15 जून, 2012 तक चलाए गये एक प्रारंभिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कहा गया।

अभिविन्यास कार्यक्रम

नए प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए 20 से 22 जून, 2012 की अवधि के दौरान एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पीजीपी-एबीएम कार्यकारी समिति के साथ बातचीत हुई और कम्प्यूटर एवं पुस्तकालय सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को केस-पद्धति शिक्षण से परिचित कराने के लिए केस-तैयारी और केस-चर्चा पर एक सत्र का भी आयोजन किया गया।

पाठ्यक्रम

इस कार्यक्रम का प्रथम वर्ष पीजीपी के साथ समान ही रहता है और दूसरे वर्ष में कुछ ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के अलावा चार क्षेत्र-विशेष अनिवार्य पाठ्यक्रम होते हैं।

ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल

ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ग्रामीणों के जीवन से संपर्क कराना, ग्रामीणों के साथ बातचीत से सीखना और ग्रामीण परिवेश, समाज, संस्थानों, एवं अर्थव्यवस्था से परिचित होने का एक मौका प्रदान कराना है।

ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल का पहला चरण, 1 से 10 अप्रैल, 2012 तक आयोजित किया गया। छात्रों को आठ समूहों में विभाजित किया गया। इन समूहों में से दो समूहों को बिहार के सीतामढ़ी और मधुबनी जिलों में, दो समूहों को सीड्स (एनजीओ) आधारित एक्सएलआरआई, जमशेदपुर में, दो समूहों को कलामंदिर, जमशेदपुर में एक अन्य एनजीओ में और आखिरी दो समूहों को आन्ध्र प्रदेश में रखा गया था।

दूसरा चरण इन्हीं स्थानों पर 11 से 18 दिसंबर, 2012 तक आयोजित किया गया।

पुरस्कार / छात्रवृत्तियाँ

विवरण **परिशिष्ट ख2** में दिए गए हैं।

विनिमय कार्यक्रम

पीजीपी-एबीएम के द्वितीय वर्ष के पाँच छात्र ईएसएसईसी-एसेक, एम.एस. एग्रि बिज़नेस स्कूल, पेरिस गए, और अक्टूबर-दिसम्बर, 2012 के दौरान एक सत्र व्यतीत किया।

प्राप्त आवेदनों की संख्या एवं प्रवेश प्राप्त छात्रों की संख्या के विवरण **परिशिष्ट ख3** एवं **परिशिष्ट ख4** में दिए गए हैं।

3. कार्यपालकों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम

कार्यपालकों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) 8 अप्रैल, 2012 से शुरू हुआ। इस बैच में 6 महिलाओं सहित 85 छात्र थे। जी-मेट के औसत स्कोर 717 के साथ, औसत आयु 34 वर्ष, और उनके पास औसत 10 वर्ष 5 महीनों का कार्यानुभव था, इसमें 3 वर्ष एवं 2 महीने का अंतर्राष्ट्रीय अनुभव शामिल था।

पीजीपीएक्स 2012-13 के बैच के लिए **परिशिष्ट ग** देखें।

कार्यक्रम की संरचना

पाँच शैक्षणिक सत्रों में विस्तृत पीजीपीएक्स की संरचना लगभग छह खंड़ों में की गई है – प्रेरण, ब्लॉक निर्माण, शीर्ष प्रबंधन की तैयारी, अंतरराष्ट्रीय निमज्जन, चयनात्मकता एवं कैपस्टोन। इस शैक्षणिक वर्ष के दौरान पच्चीस मुख्य/अनिवार्य एवं पाँच नए पाठ्यक्रमों सहित पैंतीस ऐच्छिक पाठ्यक्रम पेश किए गए।

अंतरराष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम

विदेशी संस्थानों में दो-सप्ताह के निमज्जन कार्यक्रम को शैक्षणिक प्रशिक्षण के तहत 3 से 14 सितम्बर, 2012 के दौरान पेश किया गया। छात्रों को तीन समूहों में बाँटकर भेजा गया :

- चाइनीज़ युनिवर्सिटी ऑफ हाँगकाँग, हाँगकाँग (24 छात्र)
- वारविक बिजनेस स्कूल, वारविक युनिवर्सिटी, कोवेन्ट्री (24 छात्र)
- ईएससीपी, पेरिस (37 छात्र)

शैक्षणिक प्रदर्शन और छात्रवृत्तियाँ

सभी 85 पीजीपीएक्स छात्रों ने सफलतापूर्वक स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसमें निम्नलिखित प्रशस्तियाँ दी गई :

- पीजीपीएक्स शीर्षस्थ आदित्य बंसल को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।
- आदित्य बंसल, अभिषेक वर्मा, आशुतोष शुक्ला, श्रीकान्त देव, एवं नवीन दोशी : शीर्षस्थ पाँचों छात्रों को प्रत्येक को 20,000 रुपए की राशि के साथ शैक्षणिक योग्यता पुरस्कार दिए गए।
- श्री अरुण दुग्गल (अध्यक्ष, श्रीराम कैपिटल लिमिटेड, आईआईएमए के आगंतुक संकाय, एवं 1974 बैच के पूर्वछात्र) द्वारा प्रायोजित 50,000 रुपए का ऑल-राउंड उत्कृष्टता पुरस्कार आदित्य बंसल को दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय मान्यता

पीजीपीएक्स ने *फ़ाइनेंसियल टाइम्स* एफ़टी वैश्विक एमबीए रैंकिंग्स 2013 में कैरियर प्रगति पैरामीटर पर प्रथम रैंक पर अपना स्थान जारी रखा।

पीजीपीएक्स छात्र गतिविधियाँ

संयोजन (कोनेक्सियन) 2012

कोन्नेक्सियन 2012, वार्षिक व्यापार सम्मेलन का आयोजन 2-3 नवम्बर, 2012 को किया गया। परिसर के अंदर 5 किलोमीटर की दौड़ के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई। लगभग 20 व्यापार अग्रणी इस समारोह में उपस्थित रहे और "भारत का कायाकल्प – कॉरपोरेट क्षेत्र की भूमिका" मुख्य विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। जीई कैपिटल इंडिया, गोल्डमैन सैच्स इंडिया, आईएल एंड एफ़एस, पीडब्ल्यूसी, इंगरसोल रैंड, 3एम इंडिया, बेनेत्त कॉलमेन एंड कं., एरिक्सन ग्लोबल, टीसीएस, आईबीएम, एस्सार ग्रुप, अशोक लीलेंड, आल्स्टोम, बर्टलिंग लोजिस्टिक्स, तथा थर्मैक्स जैसी कम्पनियों से वरिष्ठ कार्यपालकों ने, छात्रों एवं संकायों के साथ व्यवसाय चक्रों का संचालन, नवाचार, भारत को वैश्विक ब्रांड बनाना और

आगामी विकास इंजनों को स्थापित करना, विषयों पर इस समारोह में विचारो का आदान-प्रदान किया गया। उद्यमों को बढ़ावा देने की अपनी समृद्ध परम्परा को आगे बढ़ाते हुए, व्यवसाय अग्रणियों की उद्यमों में प्राप्त उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक रात्रिभोज का भी आयोजन किया गया। विभिन्न शुरूआती आई.टी. एवं ई-कॉमर्स के सहसंस्थापकों ने श्रोतागण के साथ अपने अनुभव साझा किए।

एक्स-बिज़

इस वर्ष तत्काल रूप से एक्सबिज़ का आयोजन किया गया और इसमें एकाधिक ब्रांड खुदरा बिक्री के बारे में एफ़डीआई के प्रभाव पर ध्यान केन्द्रित किया गया। उद्योग विशेषज्ञों ने अपनी अंतर्दृष्टि आधारित अनुभवों पर अपने विचार व्यक्त किए और प्रतिभागी टीमों को मार्गदर्शन दिया। इसमें छह टीमें थी जो प्रत्येक एक हितधारक का प्रतिनिधित्व कर रही थी जैसे कि - ट्रान्स नेशनल रिटेलर, भारतीय संगठित खुदरा विक्रेता, भारतीय किराना स्टोर, भारतीय मिडलमैन, भारतीय किसान और भारत सरकार / नीति निर्धारक। इस समारोह की प्रस्तुति प्रोफ़ेसर शैलेन्द्र मेहता ने की। इस समारोह में प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों, भारतीय खुदरा व्यापारी महासंघ, ई-कॉमर्स कम्पनियों के प्रतिनिधियों, भारतीय संगठित खुदरा विक्रेताओं (फ़्यूचर ग्रुप), तथा खाद्य नीति में विशेषज्ञ वरिष्ठ पत्रकारों ने भाग लिया।

पीजीपीएक्स पूर्वछात्र मिलन

इस समारोह में बड़ी तादाद में पीजीपीएक्स पूर्वछात्र आए और अपनी सफलता की रोचक कहानियों तथा अपने रोजगार में पीजीपीएक्स के योगदान को साझा किया। इस समारोह का समापन अग्रणी बैच के सम्मान समारोह के साथ हुआ।

वक्तव्य श्रृंखला

वक्तव्य श्रृंखला पीजीपीएक्स छात्रों की एक पहल है जिसमें वरिष्ठ कॉरपोरेट अग्रणियों एवं प्रतिष्ठित लोगों को पीजीपीएक्स छात्रों से अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित वक्ताओं को आमंत्रित किया गया :

- श्री प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ उप प्रमुख, जायडस केडिला, 26 मई, 2012
- श्री बी.वी. जगदीश, प्रबंध भागीदार, केएएजे वेन्चर्स, 29 जुलाई, 2012
- श्री संतोष अनू, कार्यालय प्रबंधन प्रमुख, डेलॉयट कंसल्टिंग सर्विसेज प्रा.लि., 18 अगस्त, 2012
- श्री रत्नेश्वर प्रसाद एवं श्री रत्नेश सहाय, भारतीय प्रतियोगिता आयोग (सीसीआई), 13 अक्टूबर, 2012
- श्री श्रीप्रकाश लोहिया, संस्थापक एवं अध्यक्ष, इंडोरमा कॉरपोरेशन, 27 नवम्बर, 2012
- श्री दीपक महुरकर, निदेशक एवं प्रमुख, तेल एवं गैस उद्योग विधि, प्राइस वॉटर हाउस कूपर्स, 20 दिसम्बर, 2012
- प्रोफ़ेसर बालाधरन्, रॉबर्ट बी. एवं कैन्डिस जे. हास, आगंतुक प्रोफ़ेसर, हार्वर्ड लॉ स्कूल, 02 जनवरी, 2013
- श्री कुलधर सैकिया, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, असम, 06 जनवरी, 2013
- श्री यू. के. सिन्हा, अध्यक्ष, सेबी, 15 फरवरी, 2013

विपणन गतिविधियाँ

संस्थान ने उद्योगों एवं विदेशी प्रतिनिधिमंडलों को बढ़ावा देने के लिए 8 से 13 जनवरी, 2013 के दौरान वाइब्रंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड प्रदर्शनी, गाँधीनगर में भाग लिया। ये प्रतिनिधिमंडल जापान, अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, जर्मनी, फ़्रान्स, रूस, चीन, बेल्जियम, नीदरलैंड्स, डेन्मार्क, ऑस्ट्रेलिया, फिलिपिंस, मोज़ाम्बिक एवं रवान्डा से आए थे।

2013-14 के लिए प्रवेश

पीजीपीएक्स 2013-14 के लिए छह सौ साठ आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 247 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चुना गया। 92 उम्मीदवारों को प्रस्ताव दिए गए और 25 को प्रतीक्षा सूची में रखा गया।

4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम

फैलो कार्यक्रम के प्रारंभ से अब तक 279 छात्रों ने *भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद की फैलो* उपाधि प्राप्त की है। 23 मार्च, 2013 को स्नातक हुए 16 छात्रों को जोड़ने पर यह संख्या 295 हो गई है। 33 छात्र उनके शोध प्रबंध चरण में हैं और 34 छात्र पाठ्यक्रम कार्य कर रहे हैं।

वर्ष 2013 में स्नातक हुए एफ़पीएम छात्रों के विवरण, **परिशिष्ट घ** में दिये गये हैं।

पीजीपी, पीजीपी-एबीएम और एफपीएम में छात्रों की पिछले 10 वर्ष की संख्या के विवरण **परिशिष्ट ङ** में दिए गए हैं।

पुरस्कार हेतु शोध-प्रबंध प्रस्ताव

निम्नलिखित शोध-प्रबंध प्रस्तावों ने आईएफ़सीआई एवं अन्य पुरस्कार जीते :

छात्र का नाम	शोध-प्रबंध प्रस्ताव का शीर्षक	पुरस्कार
रवि कोठारी (पी एवं क्यूएम)	एकल पंक्ति सुविधा लेआउट समस्या के लिए मेटाह्युरिस्टिक्स (अनुमानी)	1. 15,000 रुपए का आईएफ़सीआई पुरस्कार 2. श्रेष्ठ शोध-प्रबंध प्रस्ताव के लिए 10,000 रुपए का चौधरी-पद्मनाभन-पंत पुरस्कार
अभिजीत खानरा (पी एवं क्यूएम)	अखबार वाले की समस्या पर निबंध	15,000 रुपए का आईएफ़सीआई पुरस्कार
रामकृष्णन् टी.एस. (पीएसजी)	भारत में यात्री परिवहन में रेल की बढ़ती हिस्सेदारी : एक खोजपूर्ण अध्ययन	15,000 रुपए का आईएफ़सीआई पुरस्कार
मनीषा मिश्रा (पी एंड आईआर)	उच्च व्यावसायिक शिक्षा के संदर्भ में दोषारोपण प्रक्रियाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आरक्षण की अनुभवात्मक धारणाओं के कार्यान्वयन के बाद का एक खोजपूर्ण अध्ययन	विकास क्षेत्र में श्रेष्ठ शोध-प्रबंध के लिए 75,000 रुपए का प्रोफ़ेसर तीरथ गुप्ता स्मृति पुरस्कार
स्मृति अगरवाला (ओबी)		प्रथम वर्ष में विद्वत्तापूर्ण प्रदर्शन के लिए चौधरी-पद्मनाभन-पंत पुरस्कार

छठी आईआईएम-ए डॉक्टरीय वार्ता

छठी आईआईएमए डॉक्टरीय वार्ता का आयोजन 7 से 9 जनवरी 2013 के दौरान किया गया। इस वार्ता के आकार में वृद्धि हुई और अनुसंधान समुदाय को अपने विचार आगे बढ़ाने तथा एक मूल्यवान अनुसंधान नेटवर्क बनाने के लिए मंच प्रदान किया।

इस वर्ष की वार्ता में, 102 पंजीकरण हुए, जिनमें से 78 पेपर प्रस्तुतकर्ता थे। 20 से अधिक प्रतिभागी दूसरे आईआईएमों से एफ़पीएम के उम्मीदवार थे। इस वार्ता के विभिन्न प्रवाहों में व्यवसाय नीति एवं रणनीति, संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक एवं उद्योग संबंध, विपणन, उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके, कम्प्यूटर एवं सूचना प्रणाली, सार्वजनिक नीति एवं सार्वजनिक प्रणालियाँ, अर्थशास्त्र, कृषि प्रबंधन, तथा वित्त एवं लेखाकरण जैसे क्षेत्र शामिल थे।

प्रोफ़ेसर मसाकी कोताबे, फ़ॉक्स स्कूल ऑफ़ बिज़नेस, टेम्पल युनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय एवं विपणन के वाशबर्न चेयर प्रोफ़ेसर मुख्य वक्ता के रूप में थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कई शिक्षाविद् भी उपस्थित थे। केनसॉ स्टेट युनिवर्सिटी के प्रोफ़ेसर जॉ हाइर, दक्षिण कैरोलिना युनिवर्सिटी के प्रोफ़ेसर सुभाष शर्मा, चेस्टर युनिवर्सिटी के प्रोफ़ेसर पीटर स्टॉक्स, क्वीन्सलैंड युनिवर्सिटी के प्रोफ़ेसर सुनिल विनायक और संस्थान के कई संकायों ने अपने अनुसंधान के अनुभव साझा किए।

यह वार्ता एमरेल्ड पब्लिशिंग, सेज पब्लिशर्स, सेनगेज, बद्रुका मैनेजमेंट स्कूल, एच.पी. ग्लोबल एनालिटिक्स, एवं मिनिटैब इन्क द्वारा प्रायोजित की गई। इस समारोह का समापन निदेशक के संबोधन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ।

5 .नियुक्ति

आईआईएम अहमदाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) के लिए स्नातक हो रहे छात्रों के बैच की नियुक्ति प्रक्रिया उनकी पसंद के क्षेत्रों एवं कार्यों में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। छात्रों की उच्च गुणवत्ता तथा नियुक्ति की मजबूत प्रकृति, संस्थान के सफल भर्ती चक्र और छात्रों एवं भर्तीकर्ताओं के बीच पर्याप्त लचीलापन प्रदान करते हैं।

नियुक्ति प्रक्रिया

नियुक्ति प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की गई। शुरू में पार्श्विक प्रक्रिया थी जिसमें कम्पनियों ने कार्यानुभव वाले छात्रों के साक्षात्कार लिए और उन्हें मध्य स्तर के प्रबंधकीय पदों की पेशकश की। दूसरे चरण में, अंतिम नियुक्ति प्रक्रिया के तहत कंपनियों को कॉहार्ट सिस्टम के आधार पर बाँटकर प्रोफ़ाइल प्रस्तुत किए गए और उन्हें अलग अलग समूहों में परिसर में आमंत्रित किया गया। पिछले वर्षों की तरह, छात्रों को 'सपनों' से खेलने की अपनी अनुमति जारी रखते हुए, संस्थान ने उन्हें अपनी पसंद की किसी भी कम्पनी में जाने की छूट दी, चाहे उन्हें पहले पेशकश मिल गई हो। इसने छात्रों को अपनी पसंद के क्षेत्रों में अपना भविष्य बनाने की आजादी दी है।

पार्श्व नियुक्ति

बैच के पचास प्रतिशत छात्र पार्श्व नियुक्ति के लिए अर्हताप्राप्त थे, जिसने उनको अपने बेहतर कार्य अनुभव का लाभ उठाने के लिए एक अवसर प्रदान किया । पार्श्व नियुक्ति प्रकिया में प्रौद्योगिकी, परामर्शन, फार्मास्यूटिकल्स एवं विश्लेषिकी जैसे विविध क्षेत्रों से कम्पनियाँ शामिल हुई थी। जिन कम्पनियों ने भाग लिया वे हैं आदित्य बिरला ग्रुप, अमेजन, डेलॉइट, जनरल इलैक्ट्रिक, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, प्राइसवॉटरहाउस कूपर्स, तथा थॉमसन रॉयटर्स।

क्षेत्रीय अवलोकन

बाजार की विपरीत स्थितियों के बावजूद, संस्थान को नियुक्ति के किसी भी क्षेत्र में रूकावट नहीं आई। वर्ष 2011-13 के बैच के छात्रों को जिन वैश्विक निवेश बैंकों ने नियुक्त किया, उनमें अमेरिका मेरिल लिंच बैंक, बारक्लेस, सिटीबैंक, ड्यूश बैंक, गोल्डमेन सैच्स, एचएसबीसी, मॉर्गन स्टेनली, स्कॉटलैंड रॉयल बैंक, तथा स्टांडर्ड चार्टर्ड बैंक थी। कई अन्य बैंक एवं वित्तीय संस्थानों भी थे जिन्होंने इस वर्ष के छात्रों

को नियुक्त किया, जैसे कि एक्सिस बैंक, डीबीएस, एचडीएफसी, कोटक महिन्द्रा, जेएम फाइनेंसियल तथा यश बैंक। परामर्शन कम्पनियों ने अंतिम एवं पार्श्व दोनों प्रक्रियाओं में बड़ी तादाद में नियुक्ति की। परामर्शन भर्तीकर्ताओं में वैश्विक रणनीति परामर्शन कम्पनियों के साथ विशिष्ट परामर्शन कम्पनियाँ – एक्सेन्चर, ए.टी. केअर्नी, बेन एंड कम्पनी, बूज़ एंड कम्पनी, बोस्टन परामर्शन ग्रुप, केपजेमिनी, डेलॉइट, अर्न्स्ट एंड यंग, फ़ीडबेक वैन्चर्स, के.पी.एम.जी., मैककिन्से एंड कम्पनी, मॉनिटर ग्रुप, ओलिवर वाइमन, ओपेरा सोल्युशन्स, प्राइसवॉटरहाउस कूपर्स, टी.एस.एम.जी., तथा वैक्टर कन्सल्टिंग शामिल थी। बड़ी संख्या में छात्रों ने सैल्स एवं विपणन कंपनियों जैसे कि, एयरटेल, एशियन पेंट्स, एच.यु.एल., आई.टी.सी., क्राफ़्ट, लोरियल, मार्स, नेसले, पी एंड जी, पेप्सी, तथा रेकिट बेन्कीसर में पदभार सँभाले। आदित्य बिरला ग्रुप, सिपला, जनरल इलेक्ट्रिक, इंगरसोल रैंड, महिन्द्रा, रिलायन्स, आरपीजी ग्रुप, टीएएस, थॉमसन रॉइटर्स सहित अन्य द्वारा छात्रों को सामान्य प्रबंधन एवं नेतृत्व प्रोफाइल की पेशकश की गई। कोग्निजेंट, गूगल, ह्युलेट पैकार्ड, एचसीएल, माइक्रोसॉफ्ट, ओरेकल तथा एसएपी जैसी प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियों में छात्रों ने नियुक्ति पाई।

प्रमुख नियोक्ता

वर्ष 2013 में पार्श्व नियुक्ति प्रक्रिया सहित नियुक्ति प्रक्रिया में 130 से अधिक कम्पनियों ने भाग लिया। संख्या की दृष्टि, बोस्टन कन्सल्टिंग ग्रुप सभी समूहों में से प्रमुख नियोक्ता था जिसने 15 छात्रों का भर्ती के लिए चयन किया। एक्सेन्चर ने 13 छात्रों को, और मैक्किंज़े एडं कम्पनी तथा कैपजेमिनी दोनों ने 10-10 छात्रों को भर्ती किया और बैन एंड कम्पनी ने 9 छात्रों को नियुक्त किया। वैश्विक निवेश बैंकों में, गोल्डमेन सैच्स ने वित्तीय विपणन तथा मात्रात्मक रणनीति में सर्वाधिक 7 छात्रों की नियुक्ति की। उपभोक्ता सामग्री एवं सेवा क्षेत्र में एयरटेल ने भारत तथा अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर विपणन एवं वित्त में सर्वाधिक 11 छात्रों को प्रस्तावित किया। अमेजन ने व्यवसाय विकास तथा संचालन में भूमिका के लिए 7 छात्रों को नियुक्त किया।

उद्यमिता

हमेशा से संस्थान ने छात्रों को कैरियर के रूप में उद्यमिता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है और इस वर्ष, चार छात्रों ने अपने नए उपक्रम शुरू करने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना। इन स्टार्टअप में फोटोग्राफरों के लिए एक ऑनलाइन सेम्पलिंग व विपणन अनुसंधान पोर्टल तथा परियोजना के उपकरणों के लिए एक ई-कोमर्स वेन्चर हैं। उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी संस्कृति के साथ इस क्रम में संस्थान अपने छात्रों को एक नियुक्ति छुट्टी प्रदान करता है, जिसमें उनका उद्यम आगे नहीं बढ़ने के मामले में आगामी दो वर्षों में किसी एक में वे नियुक्तियों में भाग ले सकते हैं।

पीजीपी

नियुक्ति प्रक्रिया में जिन 360 छात्रों ने भाग लिया उन्हें 433 नियुक्तियों की पेशकश की गई।

पुराने संबंधों को मजबूत बनाना तथा नए संबंध स्थापित करना

नियुक्तियों को औद्योगिक संबंध एवं पारस्परिक सहयोग संघ बनाने के लिए एक अवसर के रूप में देखा जाता है। मौजूद नियोक्ता ना केवल बड़ी संख्या में भर्ती करने के माध्यम से आईआईएमए के साथ संबंध बनाए रखते हैं, बल्कि कई नई कम्पनियों ने भी नियुक्तियाँ की हैं। उनतालीस कम्पनियाँ पहली बार संस्थान

से जुड़ी। सूचीकृत सभी कम्पनियाँ राष्ट्रीय और/या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने संचालन क्षेत्र की अग्रणी कम्पनियाँ हैं। यह आईआईएमए के स्नातकों की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का एक संकेत है।

विदेशी पेशकशों की 13 स्वीकृतियाँ हुई। बाकी के 347 छात्रों के लिए स्वदेशी नियुक्तियाँ हुई।

पूर्व-नियुक्ति प्रस्ताव (पीपीओ) नियुक्तियाँ

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर 45 कम्पनियों द्वारा 107 पूर्व-नियुक्ति प्रस्ताव पेश किए गए, इनमें से 85 प्रस्ताव स्वीकार किए गए।

पीजीपी-एबीएम

इस कार्यक्रम को प्रतिकूल बाजार परिस्थितियों एवं नियुक्ति के अवसर घटने के बावजूद, कृषि व्यवसाय क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिभा के आपूर्तिकर्ता के रूप में अच्छी पहचान मिली है। लगभग 25 से अधिक कम्पनियों ने नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लिया और नियोक्ताओं के विविध समूह को इस बैच ने आकर्षित किया, इनमें बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से लेकर लघु एवं मध्यम उद्यम तथा उल्लेखनीय शुरूआती कम्पनियाँ भी शामिल थी। सिंजेंटा, फ्रन्टल रैन, जीएसएफसी, यश बैंक इसमें प्रमुख नियोक्ता थे, और प्रत्येक ने तीन छात्रों को भर्ती किया। इफ़को, आई3 कन्सल्टिंग, एस्कोर्ट्स, फ्रन्टल रैन, नैंसी बेरीज एंटरप्राइज सोल्युशन्स फ़ोर पोवर्टी, तथा ग्लैक्सोस्मिथक्लिन ने पहली बार यहाँ भर्ती की। सिंजेंटा, राबोबैंक, गोदरेज एग्रोवेट, स्टारऐग्री, तथा यश बैंक जैसे नियमित नियोक्ता उपस्थित थे। बेयर क्रोपसाइन्स लिमिटेड ने संस्थान से नियुक्ति करके भारत में पहली बार अपने वाणिज्यिक उत्कृष्टता नेतृत्व कार्यक्रम की पेशकश की।

इसमें बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कोर्पोरेट बैंकिंग, खाद्य एवं कृषि व्यवसाय अनुसंधान एवं सलाहकार, रसद एवं भंडारण प्रबंधन, मंच विकास, वृक्षारोपण, कमोडिटी व्यवसाय, कृषि मशीनरी, ग्रामीण बैंकिंग, और परामर्शन जैसे उप-क्षेत्रों में विभिन्न पदों की पेशकश की गई।

दो छात्रों ने नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहते हुए – एक ने भंडारण में एक उद्यमी के रूप में अपना उद्यम शुरू करने और दूसरे ने सामाजिक क्षेत्र में अपना उद्यम शुरू करने का विकल्प चुना। जो छात्र अपने शुरूआती उद्यम शुरू करते हैं उन छात्रों को दो वर्ष की नियुक्ति छुट्टी प्रदान करके संस्थान उद्यमशीलता को समर्थन देता है।

पीजीपीएक्स

रोलिंग आधार पर पीजीपीएक्स नियुक्ति का प्रारंभ दिसम्बर में हुआ और प्रतिभागियों को मध्यम से वरिष्ठ स्तर के पदों के लिए नियुक्त किया गया। इसमें अच्छे योग्य प्रतिभागियों एवं संभावित रोजगार/पदभार को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

इस नियुक्ति सत्र ने अनेक क्षेत्रों से विविध नियोक्ताओं को आकर्षित किया। इस वर्ष की नियोक्ता सूची में कंपनियों के संगठन, बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ, लघु एवं मध्यम उद्यम (एसएमई) तथा शुरूआती और कई पहली बार आए नियोक्ता शामिल थे।

निम्न तालिका में छात्रों की वर्तमान स्थिति के विश्लेषण का विवरण दिया गया है :

छात्रों की कुल संख्या	85
अपने उद्यम शुरू करने के लिए नियुक्ति छुट्टी चाहने वाले छात्र	2
अपने दम पर नियुक्ति चाहने वाले छात्र (बाहरी नियुक्ति प्रक्रिया)	23
अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश	4
नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम प्रस्ताव प्राप्त करने वाले छात्र	45
प्रक्रिया में छात्र	11

नियुक्ति के लिए वापस आई कम्पनियों में गूगल, गोल्डमेन सैच्स, आरपीजी, हीरो मोटो कोर्प, अमेजोन, माइंडट्री आदि शामिल हैं। आईबीएम ने भारत में पहली बार अपना नेतृत्व विकास कार्यक्रम शुरू किया, जबकि थर्मैक्स ने अपने आने वाले उद्यम के लिए इस बैच से एक सीईओ को चयन किया। एरिक्सन तथा हीरो ने आज तक सबसे अधिक संख्या में प्रस्ताव दिए हैं।

नियोजन कार्यालय ने रुचि व्यक्त करने वाले छात्रों एवं कम्पनियों के बीच बातचीत की सुविधा के द्वारा पूर्ण समर्थन देना जारी रखा।

एफपीएम

एफपीएम नियुक्ति, निर्धारित नियुक्ति से आगे बढ़कर रोलिंग नियुक्ति प्रक्रिया बन गई है। चूँकि किसी भी छात्र ने नियुक्ति का विकल्प नहीं चुना था, इसलिए यह नई प्रक्रिया पिछले वर्ष लागू नहीं की जा सकी थी। इसीलिए वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में पहली बार नई प्रक्रिया देखी गई। नए नियमों के अनुसार, नियुक्ति सहायता नियुक्ति प्रक्रिया में छात्र के प्रवेश से लेकर अधिकतम 7 महीनों की अवधि के लिए ही प्रदान की जा सकती है। इस वर्ष 8 एफ़पीएम छात्रों ने ही अंतिम नियुक्ति को चुना है। व्यवसाय नीति से 1 उम्मीदवार, सीआईएसजी से 1, पी एवं क्यूएम से 1, अर्थशास्त्र से 1, विपणन से 2, पी एवं आईआर से 1, तथा पीएसजी से 1 छात्र ने नियुक्ति का विकल्प चुना। सामान्यतः उम्मीदवारों को विशिष्ट भूमिकाओं के लिए देखा गया, जिसके साथ उनकी व्यापक अनुसंधान रूचियों एवं पृष्ठभूमि का गठबंधन किया गया।

नए नियोक्ताओं से एफ़पीएम कार्यक्रम और नियुक्तियों की रोलिंग प्रकृति के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सम्पर्क किया गया। इस वर्ष करीबन 30 कम्पनियों से संपर्क किया गया और ज्यादातर से ओलिवर वाइमन, मोनिटर ग्रुप, इनफ़ोसिस लैब्स, जेनपैक्ट, तथा एटी किअर्नी सहित अनुकूल प्रतिक्रिया मिली।

निम्न तालिका में छात्रों की वर्तमान स्थिति के विश्लेषण का विवरण दिया गया है :

छात्रों की कुल संख्या	8
अपने दम पर नियुक्ति चाहने वाले छात्र	0
अपने उद्यम शुरू करने के लिए नियुक्ति छुट्टी चाहने वाले छात्र	0
अंतिम प्रस्ताव प्राप्त करने वाले छात्र	2
शैक्षणिक प्रस्ताव वाले छात्र	4
छात्रों की नियुक्ति शेष है	2

नियुक्ति के विवरण **परिशिष्ट च** में दिये गये हैं।

6 .दीक्षांत समारोह

संस्थान का अड़तालीसवाँ दीक्षांत समारोह, 23 मार्च, 2013 को आयोजित किया गया। श्री एल. एन. मित्तल, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आर्सेलर मित्तल ने दीक्षांत भाषण दिया। दीक्षांत समारोह में, 16 एफपीएम छात्रों को "भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद फैलो" की उपाधि से सम्मानित किया गया, 373 छात्रों को प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया, 35 छात्रों को कृषि-व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया, और 85 छात्रों को कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में एकवर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया।

अड़तालीसवें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर आर्सेलर मित्तल के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एल. एन. मित्तल

प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) के निम्नलिखित छात्रों को शैक्षिक कार्य-निष्पादन के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद पदक से सम्मानित किया गया :

- निखिल अग्रवाल
- अनिकेत तलवाई
- सुमित सोमानी

स्वर्ण पदक विजेता

निखिल अग्रवाल

अनिकेत तलवई

सुमित सोमानी

शशांक राठी

आदित्य बंसल

कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए शशांक राठी ने और कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए आदित्य बंसल ने शैक्षिक प्रदर्शन के लिए, भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद पदक प्राप्त किया।

7. प्रबंध में संकाय विकास कार्यक्रम

संकाय विकास कार्यक्रम (एफ़डीपी) विशेष रूप से प्रबंध शिक्षा के संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षण संस्थानों के लिए बनाया गया है। पिछले कई वर्षों में एफ़डीपी की संरचना एवं पाठ्यक्रम में प्रबंध शिक्षकों के विकास की उभरती आवश्यकताओं को देखते हुए, उसे फिर से रचा गया है। 34वाँ एफडीपी 11 जून से 29 सितम्बर, 2012 तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नेपाल से तीन और भूटान से एक सहित कुल इकतालीस प्रबंध शिक्षकों ने भाग लिया। इसमें से नौ महिलाएँ थी। इकतालीस में से सात ने प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों में डॉक्टरेट किया हुआ था। उनमें से चौदह स्वयं द्वारा प्रायोजित थे और दो आंशिक रूप से प्रायोजित थे। स्वयं द्वारा प्रायोजित चौदह प्रतिभागियों को कुल 49,000 रू. की फैलोशिप उपलब्ध कराई गई। इनमें से जिन प्रतिभागियों ने गुजरात केन्द्रित अनुसंधान अध्ययनों पर कार्य करने में उत्सुकता जताई, उनको क्षेत्रीय प्रबंधन अध्ययन केन्द्र द्वारा अनुसंधान अनुदान दिया गया। चार प्रतिभागियों ने छह अनुसंधान परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं और, उनके पूर्ण होने पर, उन्हें केस के लिए 6000/- रुपए और अनुसंधान रिपॉर्ट के लिए 15,000/- रुपए अनुसंधान एवं प्रकाशन कार्यालय के माध्यम से अनुसंधान फ़ैलोशिप के रूप में दिए जाएंगे।

एफ़डीपी में प्रबंध शिक्षकों के शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान कौशलों पर विशेष रूप से शिक्षा तथा अनुसंधान तरीकों में जिन शिक्षकों को वर्तमान घटनाक्रम के परिचय का अवसर नहीं मिला है, ऐसे शिक्षकों के उन्नयन के लिए ध्यान दिया जाता है। 33वें एफडीपी के विकासशील गठन को जारी रखते हुए, 34वें एफ़डीपी में पाठ्यक्रम के तीन समूह पेश किये गए : अनुशासन आधारित पाठ्यक्रम, मूलभूत पाठ्यक्रम, और ऐच्छिक का एक समूह।

प्रतिभागियों ने क्षेत्रीय दौरे भी किए जिसमें साणंद स्थित टाटा नैनो फ़ैक्टरी भी थी। उन्होंने रणनीति अनुकार कार्यशाला में भी भाग लिया।

एफडीपी को एक गहन प्रबंधन संकाय विकास के अनुभव के लिए देश में सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम के तौर पर मान्यता प्राप्त है। अभी एफडीपी पूर्वछात्र नेटवर्क में नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका, भूटान और इथियोपिया से 80 प्रबंध शिक्षकों सहित 664 सदस्य हैं।

अनुसंधान एवं प्रकाशन



इस संस्थान में अनुसंधान महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधि का गठन करता है। वित्तीय सहायता एवं अन्य समर्थनों की मात्रा के आधार पर वृहत, लघु, या मूलधन परियोजनाओं के रूप में वर्गीकृत अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तीय सहायता, इस संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। केस-लेखन एक अन्य महत्त्वपूर्ण गतिविधि है जिसे संस्थान से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। प्रकाशन के विभिन्न प्रकार जैसे पुस्तकें, मॉनोग्राफ्स , जर्नल्स में लेख, केस - इन अनुसंधान परियोजनाओं के परिणाम हैं।

वर्ष के दौरान, 4 अनुसंधान परियोजनाएँ, 4 मूलधन परियोजनाएँ, और 6 केस-विकास परियोजनाओं का कार्य पूर्ण किया गया। दस अनुसंधान परियोजनाएँ, 3 मूलधन परियोजनाएँ, और 4 केस-विकास परियोजनाओं का प्रारंभ किया गया। जबकि 4 परियोजनाओं को रोक दिया गया, 2 अनुसंधान परियोजनाओं को वापिस लिया गया। इसके अलावा, 20 ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप परियोजनाएँ चलाई गईं।

इस वर्ष के दौरान, शैक्षणिक समुदाय ने 12 पुस्तकें, 06 मोनोग्राफ एवं जर्नल्स में 78 लेख लिखे। उन्होंने पुस्तकों में 15 अध्यायों का योगदान दिया, सम्मेलनों में 124 आलेख प्रस्तुत किए और 51 वर्किंग पेपर लिखे।

इनके विवरण, **परिशिष्ट छ, ज और झ** में दिए गए हैं।

पेपर/संगोष्ठियाँ/प्रकाशन

सम्मेलनों/संगोष्ठियों में प्रस्तुत पेपरों, पत्रिकाओं के प्रकाशनों, तथा कार्यशालाओं में भाग लेने के विवरण, अनुसंधान एवं प्रकाशन समिति की अलग से प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट में व्यापक विस्तार से दिए गए हैं।

विकल्प : निर्णयकर्ताओं का जर्नल

विकल्प : निर्णयकर्ताओं का जर्नल, (www.vikalpa.com) भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद का एक तिमाही प्रकाशन है। वर्तमान में इसके 38वें वर्ष के प्रकाशन में, विकल्प शिक्षाविदों एवं प्रबंधकों के लिए



प्रबंधन विकास संप्रेषण के एक शीर्ष प्रबंध-जर्नल के रूप में उभरा है। इसमें अनुप्रयुक्त अनुसंधान पर ध्यान केन्द्रित किया गया है, जो शैक्षणिक कठिनता और प्रतिभावों के मानकों को पूरा करते हैं तथा अभ्यासरत प्रबंधकों के लिए प्रासंगिक हैं।

विकल्प के प्रत्येक अंक में निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं। **दृष्टिकोण** उन उभरते मुद्दों व विचारों को प्रस्तुत करता है जो संगठनों में प्रबंधकों, प्रशासकों व नीति निर्माताओं से कार्रवाई या पुनर्विचार की मांग करते हैं। **अनुसंधान** में विश्लेषणात्मक या अनुसंधान आधारित लेख होते हैं, जो प्रबंधकीय व शैक्षणिक मुद्दों के समाधान पर ध्यान आकर्षित करते हैं। **अंतराफलक** ऐसे लेख प्रस्तुत करता है, जो प्रबंधकों के लिए व्यावहारिक रूप से उपयोगी होते हैं तथा उनके प्रबंधकीय कौशलों को अद्यतन बनाने में सहायक होते हैं। टिप्पणियाँ एवं व्याख्याएँ प्रारंभिक अनुसंधान, साहित्य की समीक्षा, और प्रकाशित आलेखों के विषय पर टिप्पणियों को समाविष्ट करती हैं। वार्ता के अंतर्गत समसामयिक विषय पर की गई चर्चा शामिल होती है। **प्रबंध केस** में, किसी एक प्रबंधक या संगठन ने, रणनीतिगत, प्रकार्यात्मक या प्रचालनात्मक स्तरों पर किसी वास्तविक स्थिति का सामना किया हो, उस पर निर्णय लिया हो या कार्रवाई की हो, उसका वर्णन होता है। निदान, अकादमी के सदस्यों एवं व्यवसायियों द्वारा किए गए किसी केस के विश्लेषण को प्रस्तुत करता है। पिछले दो वर्षों से, **विकल्प** ने केस और उसके निदान को एक ही अंक में समाहित करना शुरू कर दिया है अन्यथा बीते वर्षों में बाद वाले अंक में निदान का प्रकाशन होता था। *विकल्प* **पुस्तक समीक्षाएँ** भी प्रस्तुत करता है।

विकल्प, ऐसा जर्नल है जिसकी समीक्षा समान योग्यता वाले व्यक्तियों द्वारा की जाती है। प्रकाशन के लिए प्राप्त सामग्री की दोहरी अप्रत्यक्ष समीक्षा की जाती है और स्वीकृत सामग्री को उचित ढंग से संपादित किया जाता है। इस वर्ष के दौरान, लगभग 60 समीक्षक इसके समीक्षा कार्य में शामिल थे।

2012-13 के दौरान, विकल्प को 342 पेपर प्राप्त हुए, जिनमें से 289 को प्रारंभिक चरण में अस्वीकार कर दिया गया, तथा बाकी के समीक्षा प्रक्रिया में हैं।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

वर्ष 2012-13 में, संस्थान ने 53 प्रबंध विकास कार्यक्रम (एमडीपी) पेश किए। इनमें सरकारी विभागों सहित, निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों से 1,614 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रबंध विकास कार्यक्रम गतिविधि 11,982 प्रतिभागी - दिवसों के लिए चलायी गई।

इन 53 कार्यक्रमों में से, चार कार्यक्रम नियमित सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम थे। बाकी के 49 कार्यक्रमों में से, 3 नए कार्यक्रम थे, और 46 कार्यक्रमों की पुनरावृत्ति हुई थी। इन 3 नए कार्यक्रमों में से, एक वैश्विक कार्यक्रम था और हर एक की पेशकश वित्त एवं लेखा, सार्वजनिक प्रणाली तथा स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केन्द्र द्वारा की गई थी।

इनके विवरण **परिशिष्ट 'ञ'** में दिए गए हैं।

अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह

1. इलेक्ट्रॉनिक अभिशासन केन्द्र (सीईजी)

सीईजी ने अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रक्रिया संघ कार्यकारी समूह 9.4 के साथ भागीदारी में न्यूज़लेटर इन्फ़ोरमेशन टैकनोलोजी इन डेवलप्ड कन्ट्रीज़ के तीन अंक प्रकाशित किए हैं। इन तीनों अंकों में आईटी व्यवसायियों, शिक्षाविदों, विकास व्यवसायियों, एवं भारत के अलावा, रूस, घाना, दक्षिण अफ़्रिका, नाइजिरिया, श्रीलंका, नेपाल, एवं अमेरिका जैसे देशों में आईसीटी नीति से संबंधित 20 लेख सम्मिलित थे। इस न्यूज़लेटर की वेबसाइट को 15 देशों के लगभग 2500 दर्शकों द्वारा देखा गया।

सीईजी संकाय ने निम्न विषयों पर पेपर लिखे :ई-अभिशासन, सेवा वितरण में आईसीटी की सशक्तीकरण-भूमिका के माध्यम से विकास और मोबाइल के लिए व्यवसाय मॉडल नवाचार तथा ऊभरती अर्थव्यवस्थाओं में कम आय वर्ग के लिए आईसीटी आधारित सेवाएँ। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुतियाँ भी रखीं।

नीति समर्थन एवं प्रशिक्षण

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी), भारत सरकार ने भारत में ई-शासन के कार्यान्वयन के लिए क्षमता निर्माण रोडमैप तैयार करने के लिए अक्टूबर 2012 में एक कार्यकारी समूह का गठन किया था। इस कार्यकारी समूह ने अपनी रिपोर्ट मार्च 2013 में प्रस्तुत की।

दिसम्बर 2012 में राष्ट्रीय ई-शासन अकादमी की स्थापना के बारे में डीआईटी ने एक कार्यकारी समिति का गठन किया। इस अकादमी के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए सीईजी से एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था।

ई-शासन विषय पर विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं में सीईजी संकायों द्वारा लगभग एक दर्जन प्रस्तुतियाँ की गई। इन कार्यशालाओं में से दो का आयोजन दिल्ली और केरल के कैबिनेट मंत्रियों तथा विधायकों के लिए किया गया था।

2. लिंग समानता, विविधता, और समावेशिता केन्द्र (जेडी सेन्टर)

लिंग की मुख्यधारा

वर्ष 2012-13 में इस केंद्र द्वारा नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों, नेताओं, प्रबंधकों, उद्यमियों, और अन्य भागीदार घटक दलों के साथ संवादों की एक श्रृंखला के माध्यम से लिंग को मुख्यधारा में लाने पर ध्यानकेन्द्रित करना था। इस केन्द्र का प्राथमिक कार्य जेडी वार्ता के माध्यम से लिंग संवेदनशील प्रक्रियाओं को सृजित करने, समर्थन देने, और उसे टिकाये रखने के लिए बेहतर समझ रखना है और लिंग भेद के प्रबंधन में असाम्यता से निपटना है। इसे नीति अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए जेडी वार्ता संध्या और शिक्षा के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, और बाहरी पहुँच के माध्यम से क्षमता निर्माण के उद्देश्य से

रचा गया, जिसमें नीति निर्माताओं, अभ्यस्तों, विद्वानों, और पूर्वछात्रों को लिंग पहल पर सलाहकार समर्थन के साथ उपलब्ध किया जाता है, और लिंग समानता विविधता, एवं समावेशिता में ज्ञान सृजन एवं कार्रवाई अनुसंधान के लिए गतिविधियों के उपक्रम उपलब्ध कराये जाते हैं।

जेडी सेन्टर का विषयगत केन्द्र-बिंदु 2012-13

जेडी वार्ता संध्या का आयोजन लिंग भेद प्रबंधन में असामंजस्य की राजनीति पर आसपास के विभिन्न विषयों पर किया गया। आदर्श रूप से, "लिंग" शब्द पुरुष और स्त्री दोनों के दृष्टिकोण की एक समझ को दर्शाता है। यह केन्द्र "महिलाओं के अध्ययन" की धारा से अलग, जीवन के विभिन्न चरणों में उत्पन्न लिंग अन्याय और कार्य जीवन में वयस्क भूमिकाओं की संकीर्णता को त्वरित रूप से तय नहीं किये जाने पर ध्यान केन्द्रित करता है। इसी कारण से, इस केन्द्र ने जीवन-चक्र के परिप्रेक्ष्य में, गर्भ से लेकर बुढ़ापे तक लिंग भेद की राजनीतिक असामंजस्यता से निपटने के लिए प्रसव पूर्व देखभाल, शिशु देखभाल, बच्चे का पालन, शिक्षा, कार्यालय-जीवन में युगल की भूमिकाओं और प्रणालियों में संतुलन, आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रबंधन तथा पेशेवर महिलाओं के जीवन में पुराने प्रतिनिधित्व को अपनाया है। इनमें से कुछ पहचानी गई प्राथमिकताओं में चुनी गई महिलाओं के प्रतिनिधित्व के तहत पेशेवर महिलाओं के उत्तरदायित्व की चयनित भूमिकाओं और कार्यस्थल पर तथा उच्च शिक्षा प्रणाली में लिंग विविधता, समानता, एवं समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण और बच्चे के पालन में लिंगगत व्यवहार और शैक्षिक पाठ्यक्रम के डिजाइन में प्रणालीगत कमी तथा महिला उद्यमियों और प्रबंधकों के लिए विशेष चुनौतियों का सामना करना है।

अनुसंधान एवं प्रकाशन

अनुसंधान कार्यसूची में परामर्शीय संवादों की एक श्रृंखला पर आधारित कार्य रखे गए और इस केन्द्र के साथ जुड़े हुए संकाय सदस्यों द्वारा अनुसंधान एवं प्रकाशनों के परिणामों की टिप्पणी भी ली गई जिसमें कुछ चौंकानेवाले खुलासे हुए :

- इस वर्ष के दौरान महिला कर्मियों के साथ व्यापक यौन उत्पीड़न से लेकर विभिन्न रूपों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा, इसके उपरांत व्यापक रूप से समुदाय-वर्गों में घरेलू हिंसा और दुष्कर्म का खतरा भी शीर्षस्थ मुद्दे बने रहे, यहाँ तक कि दिसम्बर 2012 की घटना पहले से ही राष्ट्रीय आक्रोश के रूप में फूट पड़ी थी। तदनुसार, जेडी वार्ता संध्या में एक दीर्घकालीन नीति अनुसंधान एजेंडा की पहचान करने के लिए दुष्कर्म, बदले की भावना, और महिलाओं के खिलाफ हिंसा विषयों को विचार विमर्श के लिए चुना।
- कार्यस्थलों पर महिला एवं पुरूष समान ही हैं परन्तु अलग अलग प्रदर्शन सूची है जिससे उचित व्यक्तिगत शैली विकसित हो और हम ऐसे संगठनात्मक डिजाइन में निर्देशों के बारे में काफी कम जानते हैं जो कि संभवतः व्यावसायिक भूमिकाओं में महिलाओं की प्रतिभागिता को बढ़ावा देते हैं।
- यदि उन्हें केवल मर्दाना मानदंडों के सीमित दायरे में अपनी क्षमताओं के विकास को सीमित रखने के लिए विवश कर दिया गया तो महिला कर्मियों का कैरियर विशेष रूप से कमजोर कर रहे हैं। अभी तक, विभिन्न जेडी वार्ता संध्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं और वकीलों की तरफ से मुख्य शिकायतों पर आवाज़ उठाई गई, वे विधि द्वारा अधिसूचित किए जाने के बावजूद भी सार्वजनिक प्रणालियों में लिंगगत न्याय नीतियों के कार्यान्वयन की कमी और संगठनों में विविधता के समर्थन के लिए अपर्याप्त हैं।
- संगठनात्मक भूमिकाओं में महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ने के कारण प्रबंधकीय शैलियों में काफी विविधता के साथ सहयोगात्मक संतुलन के लिए व्यवसायियों के तौर पर पुरूष भी हैरानी एवं काफी चिंतात्मक सीमाओं का आश्चर्यजनक अनुभव करते हैं।
- कतिपय जीवन कौशलों को व्याख्यानों के पाठन या श्रवण से अथवा केसों के विमर्श करने से नहीं सीखा जाता है और जब तक माता-पिता एवं शिक्षकों को शामिल करते हुए बच्चों के पालन एवं प्राथमिक शिक्षा की प्रथा में बदलाव नहीं लाया जाएगा तब तक पुरूषों व महिलाओं में वयस्क जीवन में कमी रहेगी।

- प्रोफ़ेसर आशा कौल और मंजरी सिंह ने कुछ भारतीय संगठनों में अपनाई गई अच्छी लैंगिक न्याय प्रथाओं के योगदानों का दस्तावेजीकरण करते हुए एक पुस्तक लिंग समावेशिता के नए मानदंड : सिद्धांत और सर्वोत्तम प्रथाएँ को सम्पादित किया।

सेवा पर केस अध्ययन के साथ प्रगति

अनुसंधान एवं प्रकाशन समिति के समर्थन से एक केस अध्ययन में सेवा (एसईडब्ल्यूए) की मूल विशेषताओं, संकर संगठनात्मक सुविधाओं, और प्रतिकारी शक्ति गतिशीलता को समझते हुए आनंद, मुर्शीदाबाद, तथा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के दौरे किए गए ताकि गरीब महिलाओं द्वारा जिन चुनौतियों का सामना किया जाता है उसको तुरंत ही दस्तावेज किया जा सके।

जेडी वार्ता संध्या (2012-13) की मुख्य विशेषताएँ

वर्ष के दौरान पाँच वार्ता संध्याओं का आयोजन किया गया। 10 अक्टूबर, 2012 को जेडी वार्ता में पुरस्कार विजेता स्पेनिश मनोवैज्ञानिक रोमांचक फ़िल्म "द स्किन आई लिव इन" (अँग्रेज़ी उपशीर्षक के साथ) प्रदर्शित करते हुए और बाद में इस वार्ता संध्या के हमारे अतिथि एंकर डॉ. अपूर्व शाह के द्वारा इस फिल्म का विश्लेषण किया गया और एक अंतर्क्रियात्मक चर्चा हुई। इस फ़िल्म के विषय में यौन उत्पीड़न, चिंता, अकेलापन, विश्वासघात, लैंगिक पहचान और मृत्यु शामिल हैं।

21 नवम्बर, 2012 को "*लैंगिक समानता पर संवाद : 21वीं सदी के लिए अधूरा एजेंडा*" विषय पर एक विशेष जेडी वार्ता संध्या का आयोजन किया गया ताकि यह समझा जाए कि गैरसरकारी संगठन-एनजीओ गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए क्या करते हैं और इस केन्द्र की दीर्घ अवधि अनुसंधान एजेंडा के नीति अनुसंधान प्रश्नों की सूची बनाने के लिए सभी एनजीओ के अनुभव और श्रेष्ठ प्रथाओं को प्रदर्शित किया जा सके।

17 दिसम्बर, 2012 को हुई *जेडी* वार्ता संध्या में, पुरूषों एवं महिलाओं की तरफ से प्रभाव जुटाने के लिए संघर्ष से प्रेरित विषय –"*महिलाओं का प्रभाव*" *था।* विरोध आंदोलनों की लघु फ़िल्म क्लिप एक खुली चर्चा के बाद प्रदर्शित की गई।

7 फरवरी, 2013 को आयोजित *जेडी* वार्ता संध्या में सामान्यतः भारतीय समाज में लिंग समानता, विविधता और समावेशिता की राजनीति के संदर्भ में जस्टिस वर्मा समिति रिपोर्ट एवं विशाखा फैसले की सिफारिशों के बारे में जीवंत चर्चा हुई और यदि ये सिफारिशें कार्यान्वित की जानी हो तो विशेषतः कार्यस्थलों पर सकुशलता, सुरक्षा और सद्भाव के प्रभाव पर चर्चा हुई।

7 फरवरी, 2013 को एक विशेष *जेडी* वार्ता संध्या में जिन सघन मुद्दों को उठाया गया, उन पर 8 मार्च, 2013 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जस्टिस जे.एस. वर्मा के साथ चर्चा हुई। "*द जैंडर इक्वेशन*"(लैंगिक समीकरण) शीर्षक पर अपनी वार्ता में जस्टिस जे.एस. वर्मा ने कहा कि कैसे पुरुष प्रधान समाज मे लैंगिक न्याय के विरूद्ध मुकाबला करना है क्योंकि वे गलत तरीके से महिलाओं पर नम्रता के मानदंडों को थोपते हैं। उन्होंने भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐतिहासिक फैसलों की व्यूह-रचना के माध्यम से लैंगिक समानता, विविधता और समावेशिता के संघर्ष का पता लगाया। उन्होंने दृढ़ता से इशारा करते हुए समाधान के रूप में अलगाव का विरोध जताया और कहा कि अलगाव भेदभाव का ही एक रूप है जिससे पुरूष प्रधानता को प्रोत्साहन मिलता है।

लैंगिक अध्ययन

वर्ष के दौरान, इस केन्द्र और विक्रम साराभाई पुस्तकालय ने लैंगिक अध्ययनों के विषयों के बारे में विक्रम साराभाई पुस्तकालय में सभी सबंधित संसाधनों को एकसाथ लाते हुए ऐसे अध्ययनों के बारे में संदर्भ पुस्तक सामग्रियों के लिए एक नया वर्गीकरण बनाने हेतु सहयोगात्मक कार्य किया। इसके अलावा, इस केन्द्र द्वारा दीर्घ अवधि अनुसंधान एजेंडा का गठन करके थीम के अनुसार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित प्रमुख लेखों को भी निकालकर सूचीबद्ध किया।

3. अवसंरचना नीति एवं विनियमन केंद्र (सीआईपीआर)

अवसंरचना नीति एवं विनियमन केंद्र (सीआईपीआर), परामर्शी सेवाओं, शिक्षा, प्रकाशन, अनुसंधान तथा अवसंरचना, नीति व विनियमन के क्षेत्रों में प्रशिक्षण को बढ़ावा देता है। सीआईपीआर, संस्थान में उपलब्ध बुनियादी ढाँचे व विनियमन के क्षेत्रों में नीति अनुसंधान में महत्वपूर्ण अनुभव को शक्ति प्रदान करने का प्रयास करता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

पावर एक्सचेन्ज इंडिया लिमिटेड के लिए पावर मार्केट लीडरशिप कोर्स – 24 से 26 सितम्बर, 2012।

भारत सरकार के नियामकों के फोरम (एफ़ओआर), के लिए इलैक्ट्रिसिटी विनियामकों का अभिविन्यास कार्यक्रम। यह कार्यक्रम दो चरणों में चलाया गया : पहला चरण संस्थान में 11 से 13 अक्टूबर, 2012, और दूसरा चरण सान फ़्रान्सिस्को में लॉरेन्स बर्कली नेशनल लैबोरेटरी में 18 से 22 मार्च, 2013।

पावर एक्सचेन्ज इंडिया लिमिटेड के लिए विद्युत उत्पादन अनुकूलन पर नेतृत्व कार्यक्रम –18 से 20 मार्च, 2013।

प्रबंध विकास कार्यक्रम (सार्वजनिक प्रणाली समूह के माध्यम से प्रस्तुत अथवा सीआईपीआर संकाय द्वारा समन्वित)

- अवसंरचना में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी), 15 से 20 अक्टूबर, 2012
- अवसंरचना में कानूनी व विनियामक मुद्दे, 5 से 9 नवम्बर, 2012
- व्यवसाय नेतृत्व और कानून, 17 से 19 दिसम्बर, 2012
- कॉरपोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की छानबीन, 13 से 15 फरवरी, 2013
- ब्रिक्स के बारे में ब्रिक्स : एक ब्रिक अनुभव, 4 से 8 मार्च, 2013

4. नवाचार, ऊष्मायन एवं उद्यमिता केंद्र (सीआईआईई)

नवाचार, ऊष्मायन और उद्यमिता केन्द्र (सीआईआईई) नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए 2001 में स्थापित किया गया। गुजरात सरकार तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से 2007 में भौतिक अवसंरचना एवं प्रौद्योगिकी व्यापार ऊष्मायन की स्थापना हुई थी।

अनुसंधान में रुचि के प्राथमिक क्षेत्रों के रूप में तीन क्षेत्र उभरे हैं :

- ऊष्मायन एवं निवेश
- उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र विकास
- अनुसंधान एवं प्रशिक्षण

पावर ऑफ़ आइडियाज़ 2012

पावर ऑफ़ आइडियाज़ 2012 कार्यक्रम जिसका शुभारंभ इस वर्ष जून में किया गया था, उसका समापन एक 10 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला में प्रतिभागी बनी 75 टीमों के साथ सितम्बर में हुआ। अपने स्टार्टअप्स के विकास के लिए अपनी क्षमताओं के निर्माण में कम्पनियों को सहायता करने के लिए इस कार्यशाला में वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ अग्रणियों ने भाग लिया। पचास कम्पनियाँ 2 लाख रुपए के पुरस्कार के लिए चुनी गई और 20 कम्पनियों को 20 लाख रुपए के मूलधन वित्तपोषण के लिए चुना गया।

30 नवम्बर और 1 दिसम्बर, 2012 को अंतिम 75 कम्पनियों के लिए सीआईआईई ने एक निवेशक प्रदर्शन का आयोजन किया। इसमें देश के अग्रणी उद्यमी पूंजीपतियों और दाताओं के नेटवर्क ने भाग लिया।

उद्यम गतिवर्धक इन्फ़्यूज़ (आईवीए)

- प्रारंभिक चरण के शुद्ध तकनीकी उद्यमों के उद्देश्य से भारत के पहले गतिवर्धक कार्यक्रम उद्यम गतिवर्धक इन्फ़्यूज़ का शुभारंभ सीआईआईई ने किया। 2 अगस्त, 2012 को कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और 130 से अधिक आवेदकों में से विस्तृत मूल्यांकन के लिए 21 स्टार्टअप्स को चुना गया। बारह को 30 अक्टूबर से 11 नवम्बर, 2012 के दौरान संस्थान में तीन-दिवसीय आईवीए बूट शिविर के लिए आमंत्रित किया गया। भारत में शुद्ध तकनीकी क्षेत्र के कौन क्या है ऐसे ब्यौरे सहित 20 से अधिक संरक्षकों ने इन स्टार्टअप्स को भविष्य के विकास पथ रचने में सहायता करने के लिए उन्हें तीन दिनों तक मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम के तहत और अधिक समर्थन के लिए चार स्टार्टअप्स को चुना गया। ये स्टार्टअप्स गतिवर्धक चरण में प्रविष्ट हो गए जिसके दौरान आगामी 6 से 8 महीनों तक इन्फ़्यूज़ टीम करीबी से कार्यरत रहेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं तथा बड़े निवेश के लिए तैयार हो जाते हैं। सीआईआईई अन्य 8 स्टार्टअप्स के साथ भी निकट संपर्क में है जो बूट शिविर के लिए उनके साथ काम के लिए केस-दर-केस आधार पर चुने गए थे ।

क्षमता विकास और पारिस्थितिकी तंत्र निर्माण के लिए जीआईजेड कार्यशालाएँ

जर्मन अंतरराष्ट्रीय सहयोग सोसाइटी (जीआईजेड) के सहयोग में सीआईआईई के सामाजिक उद्यम कार्यक्रम, आरोहण ने भारत में सामाजिक उद्यमों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकास एवं क्षमता निर्माण पर जोर देते हुए कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का शुभारंभ किया। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य सामाजिक उद्यमों एवं सामाजिक ऊष्मायन पहल के लिए समर्थन बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाना है।

जीआईजेड-आरोहण पहल का लक्ष्य उद्यमों एवं ऊष्मायनकर्ताओं को शिक्षा देते हुए प्रभावी रूप से कैसे इन मुद्दों से निपटा जा सकता है उस पर रखा गया।

आई-गतिवर्धक – 2012

आई-गतिवर्धक, आई टी और मोबाइल क्षेत्र में अभिनव प्रौद्योगिकियों को पहचान दिलाने, प्रोत्साहित करने तथा प्रेरणा के लिए सीआईआईई द्वारा किया गया एक प्रयास है। इस वर्ष, आठ टीमों ने व्यवसाय मॉडल को परिष्कृत करते हुए; न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद की व्याख्या करते हुए (एमवीपी); उपयोगकर्ता के अनुभव/बातचीत को गठित करते हुए; और उपयोगकर्ता अधिग्रहण के लिए समर्थन और मार्गदर्शन प्राप्त किए। इस कार्यक्रम के आखिरी महीने में आई-गतिवर्धक में प्रारंभिक चरण के दाता एवं वी. सी. निवेशकर्ताओं को लाने पर जोर दिया गया। इस प्रणाली से निवेशकों के दृष्टिकोण को समझने में स्टार्टअप्स को मदद मिली और उनको नेटवर्क बनाने में मदद मिली। आई-गतिवर्धक 2012 के लिए डेमो डे (प्रदर्शन दिवस) समारोह 25 जनवरी, 2013 को मनाया गया। सिकोइया, नेक्सस, ओमदियार, मोतीलाल ओसवाल पी.ई., यूर्नेस्ट, तथा आई.ए.एन. ऐसे कुछ निवेशक हैं जिन्होंने इसमें भाग लिया।

पारिस्थितिकी तंत्र विकास

सीआईआईई का लक्ष्य शुरूआती नवीन आविष्कारकों तथा उद्यमियों को विभिन्न प्रकार के समर्थन के माध्यम से इच्छुक उद्यमियों एवं नवीन आविष्कारों के लिए एक अनुकूल माहौल प्रदान करना है। इस केन्द्र ने देशभर में कई प्रमुख उद्यमिताओं को बढ़ावा देने के प्रयासों के साथ भागीदारी के लिए आगे कदम बढ़ाये हैं। उसकी विश्वसनीयता एवं नेटवर्कों को देखते हुए, सीआईआईई उद्यमशीलता की पहल को बढ़ावा देने की पहल के लिए पसंदीदा साथी है।

मार्गदर्शक नेटवर्क

उद्यमशीलता की भावना को उत्प्रेरित करने के लिए, संस्थान के पूर्वछात्रों एवं सीआईआईई ने एक सक्रिय सलाहकार नेटवर्क के माध्यम से देशभर में सीआईआईई की पहुँच के लिए भागीदारी की है। यह नेटवर्क इच्छुक उद्यमियों की मदद करने हेतु पूर्वछात्रों की विशेषज्ञता एवं सीआईआईई के ऊष्मायन अनुभव का लाभ उठायेगा।

नवोदित उद्यमियों को मार्गदर्शन उपलब्ध कराने हेतु कई मार्गदर्शन क्लिनिकों के दौर आयोजित किए गए। ये मार्गदर्शक स्टार्टअप्स के लिए सीआईआईई द्वारा आयोजित प्रशिक्षण / कार्यशालाओं में सक्रिय रूप से उपस्थित रहते हैं।

आईआईएमए मेवरिक बैठक

सभी बैचों से सफल एवं नवोदित पूर्वछात्रों, उद्यमियों, एवं परिवर्तनकर्ताओं को आईआईएमए मेवरिक बैठक 2013 में एक साथ मंच पर लाया गया और उनकी उद्यमशीलता एवं सृजनात्मक स्वप्नों का अनुसरण करने के लिए युवा अभ्यर्थियों को प्रेरित किया गया। सन् 2008 में उद्यमशीलता के समर्थन में पूर्वछात्रों एवं उनके वर्तमान संगठनों की पहचान बनाने, जश्न मनाने और संलग्न करने की एक पहल के हिस्से के रूप में सीआईआईई द्वारा आयोजित आईआईएमए उद्यमी बैठक की सफलता पर यह बैठक आयोजित की गई।

इस समारोह में बाहर से लगभग 150 प्रतिभागी उपस्थित रहे, इनमें अधिकतर पूर्वछात्र थे, कुछ उद्यमी थे, अन्य ऐसे छात्र थे जो उद्यमशीलता के बारे में कुछ अधिक जानना चाहते थे और जिन उद्यमियों ने नए मार्गों को चुनकर उद्यम अपनाया, उनके अनुभवों से कुछ सीखना चाहते थे।

युवा मेवरिक्स फैलोशिप कार्यक्रम

युवा मेवरिक्स फैलोशिप कार्यक्रम अपनी तरह के ऐसे कार्यक्रमों में से एक है जो उद्यमशीलता अथवा अन्य अपारम्परिक कैरियर को तुरंत प्रारंभ करने की इच्छा रखने वाले स्नातक हो रहे छात्रों को आधार प्रदान करता है। इस पुरस्कार में दो वर्ष तक प्रति महीने 30,000 रुपए की फैलोशिप दी जाएगी। यह फैलोशिप पूर्वछात्रों द्वारा समर्थित है और इससे पुरस्कार विजेताओं को अपने संघर्ष के समय के दौरान खुद को बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

अनुसंधान एवं प्रशिक्षण

सीआईआईई नई प्रवृत्तियों, नवाचार एवं उद्यमशीलता के क्षेत्र में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण को अंजाम देता है। संस्थान के छात्रों एवं इच्छुक उद्यमियों, दोनों को उपक्रम निवेश, उद्यमशीलता, और प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में आवश्यक कौशलों का विकास करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान जाता है।

सीआईआईई प्रासंगिक विषयों में विभिन्न संगोष्ठियों और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करने के अलावा, नए पाठ्यक्रम एवं केसों के गठन में भी शामिल रहा है। इस वर्ष के दौरान, 75 छात्रों सहित 25 टीमों ने निधि प्रबंधन कार्यक्रम पाठ्यक्रम (एफ़एमपीसी) में भाग लिया और स्टार्टअप्स से सौदों के मूल्यांकन एवं परिश्रम करने के कारणों पर बातचीत की।

सीआईआईई के संकाय ने राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के सहयोग से नए प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग, डिजाइन, तथा व्यवसाय मॉडल शीर्षक के रूप में एक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया। इस पाठ्यक्रम में डिजाइन और प्रबंधन के छात्रों की टीम द्वारा नई प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग की पहचान करना, इन अनुप्रयोगों में से किसी एक के लिए डिजाइन तैयार करना और इनको बाजार में ले जाने के लिए मॉडल की खोज करना शामिल हैं। चौवन छात्रों ने (दोनों संस्थानों से 27 - 27 छात्र) यह पाठ्यक्रम लिया।

इस वर्ष के दौरान ब्रिटेन और भारत में ऊष्मायन के मॉडल पर एक ब्रिटिश परिषद् समर्थित परियोजना शुरू की गई। संस्थानगत ऊष्मायन मॉडलों पर साहित्य की समीक्षा के अलावा, इस परियोजना के तहत शैक्षणिक संस्थानों में इनक्यूबेटरों के छह केसों (प्रत्येक देश में तीन) पर अध्ययन शुरू होगा।

सीआईआईई निवेश गतिविधियाँ

सीआईआईई ने ऊष्मायन एवं निवेश गतिविधियों के माध्यम से उद्यमिता को समर्थन देने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रारंभिक चरण में जोखिम पूँजीवादी निवेशकर्ताओं को दूरदर्शिता वाले निवेशकर्ता और

क्रांतिकारी स्टार्टअप्स को एकसाथ लाने की दिशा में आगे बढ़ाए कदम के रूप में देखा गया तथा उनसे जुड़ने के लिए प्रयास किए गए। इसमें मिलान निधियाँ, तथा ऊष्मायन एवं प्रबंधकीय समर्थन उपलब्ध कराने के द्वारा लेन-देन के बारे में सहयोग करते हुए परिश्रम के कारण, स्टार्टअप मूल्यांकन सेवाएँ उपलब्ध कराना शामिल हैं। यह एक उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का सृजन करने के अंतिम लक्ष्य के क्रम में है जो कि नवीन सोच और उद्यमशीलता को बनाए रखने तथा समृद्ध करने में सक्षम है।

ऑनलाइन निवेश प्रदर्शन

संभावित निवेशकर्ताओं एवं उद्यमी टीम को जोड़ने के लिए एक ऑनलाइन वेब सम्मेलन प्लेटफॉर्म के ऊपर आठ निवेश प्रदर्शनों को अंजाम दिया गया। ये प्रदर्शन एक सप्ताह के बाद पूरे किए गए जिसमें टीम ने निवेशक-समूह के समक्ष एक घंटे की प्रस्तुति रखी थी, और उसके बाद एक प्रश्नोत्तरी राउंड हुआ।

निवेशक प्रदर्शन दिवस

आई-गतिवर्धक के अंत में प्रदर्शन दिवस का आयोजन किया गया। विचारों की शक्ति एक समारोह था और इसमें देशभर से आए निवेशकों के साथ प्रतिभागियों के बारे में अधिक जानने के लिए और उत्पाद को पहली नजर में देखने की घटना के बारे में बताना था।

निवेश के अवसर और संबंध निर्माण

सेक्टर-केन्द्रित निवेश की पहलों से अलग, सीआईआईई ने व्यक्तियों (संगठित एवं असंगठित) और संस्थानगत निवेशकों के साथ सक्रिय सौदों के बारे में उन्हें सूचित करते हुए समय समय पर बातचीत जारी रखी है। इससे समरसता एवं सहयोग की संभावनाओं को खोजते हुए, सह-निवेश के अवसरों से सौदों के लिए सिंडिकेट्स बनाने में भी सहायता मिली है।

एक सक्रिय एवं साथ-साथ आवश्यकता के आधार पर अंजाम दी गई निवेश संबंधित गतिविधियों के माध्यम से लगभग 2 मिलियन डॉलर के अनुवर्ती धन जुटाव के लिए लगभग 15 सीआईआईई वित्तपोषित कम्पनियाँ आगे बढ़ी। सीआईआईई देश में अग्रणी दाता निवेशकों को समाहित करते एक नेटवर्क को रचने में समर्थ बन चुका है, जबकि देश में दाता नेटवर्कों एवं उपक्रम पूँजीपतियों के रूप में संगठित निवेशको के लिए सक्रिय बातचीत करने के लिए पाइपलाइन भी कर चुका है। ये निवेशकर्ता प्रारंभिक चरण की कम्पनियों के लिए निधि जुटाएंगे और परामर्शन से सहायता करेंगे, जिससे वे आगे अपने प्रारंभिक उत्पाद बना सकेंगे और एक शुरूआती टीम इकट्ठा कर पायेंगे।

5. कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए)

संस्थान में कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए) एक अंतर्विषयक समूह है, जो खाद्य, कृषि व्यवसाय, ग्रामीण एवं संबंधित क्षेत्रों में अनुप्रयुक्त नीति एवं समस्या समाधान के अनुसंधान में संलग्न है। शिक्षण, प्रशिक्षण एवं परामर्शी गतिविधियों के इन क्षेत्रों में भी सीएमए शामिल है।

अनुसंधान

सात अनुसंधान परियोजनाएँ प्रगति में हैं :

- कृषि व्यवसाय एवं संबद्ध गतिविधियों में आजीविका संवर्धन के लिए क्रेडिट बनाम क्रेडिट-प्लस अभिगमः एक समेकित अध्ययन रिपोर्ट
- भूमि स्वास्थ्य, पौधों का स्वास्थ्य, और मानव स्वास्थ्य
- भारत में प्रमुख खाद्यान्नों के विपणन और विक्रेय अधिशेष का आकलन
- भारत में तिलहन और पाम उत्पादन की समस्याएँ तथा संभावनाएँ
- संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकी का एक विश्लेषण : लघु सिंचाई प्रणाली का एक केस

- लघु वित्त के तहत स्वयं सहायता और संयुक्त देयता समूह संस्थानों की स्थिरता
- कृषि में जैव प्रौद्योगिकी : वादे, प्रदर्शन, चिंताएँ, और अर्थशास्त्र की जाँच

पाठ्यक्रम

कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए) के संकायों ने स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में 21 और फैलो प्रबंध कार्यक्रम (कृषि) में छह पाठ्यक्रम चलाए।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- कृषि निवेश विपणन
- अनुबंध खेती प्रबंधन
- खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
- सामरिक प्रतिस्पर्धा एवं सहयोगात्मक लाभ के लिए बौद्धिक संपदा का दोहन करना
- सम्मेलन / कार्यशालाएँ
- निचले स्तर पर रचनात्मकता एवं नवीनता पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 7 से 8 दिसम्बर, 2012।
- एईआरसी परियोजनाओं में भाग लेने के लिए कार्यपद्धति कार्यशाला, 16 अप्रैल, 2012।

6.स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केन्द्र (सीएमएचएस)

परियोजनाएँ

- संक्रमण नियंत्रण हस्तक्षेप अध्ययन : विकासशील देशों में प्रसव देखभाल एवं स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रवेश बिन्दु के रूप में संक्रमण नियंत्रण का प्रयोग (एबरडीन विश्वविद्यालय)
- गुजरात सरकार के चिरंजीवी कार्यक्रम का मृत्युदर प्रभाव मूल्यांकन और जननी सुरक्षा योजना, (मैकआर्थर फ़ाउंडेशन) के तहत आपातकालीन प्रसूति देखभाल के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी का अध्ययन।
- भारत में मातृ स्वास्थ्य में सुधार करने और दाई कार्य को मजबूत करने के लिए स्वीडिश एवं भारतीय संस्थानों के बीच भागीदारी, सीडा चरण – 3 (कारोलिंस्का संस्थान, स्वीडन और नर्सिंग अध्ययन अकादमी, हैदराबाद)।
- टीकाकरण कार्यक्रम के लिए मानव संसाधन आवश्यकता मूल्यांकन का एक अध्ययन (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)।
- अस्पताल प्रबंधन केस विकास (जॉह्नसन एंड जॉह्नसन भारत)।

7.खुदरा बिक्री केंद्र

खुदरा बिक्री केन्द्र का उद्देश्य अंतिम ग्राहक तक उत्पाद एवं सेवाओं के वितरण की क्षमता एवं गुणवत्ता में सुधार करने के लिए खुदरा प्रबंधन विषयक ज्ञान का सृजन और प्रसार करना है। नौ संकाय-सदस्यों की एक अंतःशास्त्रीय टीम को इस केन्द्र के उद्देश्यों से संबंधित अनुसंधान, प्रशिक्षण, व परामर्शी कार्यकलाप में लगाया गया है।

प्रबंधन विकास / संस्थान के आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 2011-12 के दौरान, दो कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए :

- खुदरा प्रबंधन पर अल्पावधि कार्यक्रम, दुबई
- खुदरा प्रबंधन

8.कंप्यूटर एवं सूचना प्रणाली समूह (सी. एंड आई.एस.जी.)

पाठ्यक्रम

पीजीपी

अनिवार्य

- प्रबंधकीय कम्प्यूटिंग
- व्यापार के लिए इंटरनेट प्रौद्योगिकी
- व्यापार के लिए सूचना प्रणाली

ऐच्छिक

- विकास के लिए डिजिटल समावेशन
- ईआरपी प्रणालियाँ : प्रौद्योगिकी योजना और कार्यान्वयन
- उद्यम डिजिटल अवसंरचना
- ई-शासन में परामर्श : दूरदृष्टि से कार्यान्वयन तक (पीजीपी-एबीएम के लिए खुला)
- निर्णय निर्धारण के लिए डाटा दृश्यावलोकन

एफ़डीपी

- प्रबंधन के लिए आई.टी.

प्रबंधन विकास कार्यक्रम

- ईआरपी प्रणालियाँ : तकनीकी योजना एवं कार्यान्वयन

9.सार्वजनिक प्रणाली समूह (पीएसजी)

इस वर्ष के दौरान, सार्वजनिक प्रणाली समूह ने अपने कार्यकलाप को पर्यावरण, परिवहन, अवसंरचना, शहरी प्रबंध, स्वास्थ्य प्रबंध और मूल्यांकन पर केन्द्रित किया।

पाठ्यक्रम

पीजीपी

- कार्बन वित्त
- पर्यावरण प्रबंध
- सुशासन एवं गरीबी में जी रहे लोग
- अस्पताल एवं स्वास्थ्य देखभाल प्रबंध
- अवसंरचना विकास एवं वित्त व्यवस्था
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच
- अवसंरचना सेवा प्रबंधन में कानूनी एवं विनियामक मुद्दे
- ऊर्जा व्यवसाय प्रबंधन
- विकास के लिए भागीदारी रंगमंच
- संगठनों में सत्ता एवं राजनीति
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक नीति
- सामाजिक उद्यमिता : सामाजिक परिवर्तन का नवीनीकरण
- शहरी अर्थव्यवस्थाएँ और व्यवसायिक वातावरण
- अपशिष्ट व्यवसाय प्रबंधन

एफपीएम

- आर्थिक विकास एवं वृद्धि
- इलैक्ट्रिक पावर अर्थशास्त्र और नीति
- ऊर्जा एवं पर्यावरण नीति
- स्वास्थ्य नीति एवं योजना
- व्याख्यात्मक अनुसंधान तरीके
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक प्रबंध
- सार्वजनिक नीति
- पर्यावरण प्रबंध के लिए सार्वजनिक नीति उपकरण
- परिवहन नीति पर संगोष्ठी

पीजीपीएक्स

- कार्बन वित्त
- पर्यावरण प्रबंध (पीजीपी ऐच्छिक पीजीपीएक्स के लिए खुला)
- अस्पताल प्रबंध (पीजीपी ऐच्छिक पीजीपीएक्स के लिए खुला)
- बुनियादी ढाँचे में कानूनी एवं विनियामक मुद्दे
- ऊर्जा व्यवसाय प्रबंधन (पीजीपी ऐच्छिक पीजीपीएक्स के लिए खुला)
- दूरसंचार उद्यम प्रबंधन
- सामाजिक उद्यमिता : सामाजिक परिवर्तन में नवीनीकरण
- परिवहन अवसंरचना

पीजीपी-एबीएम

- कृषि व्यवसाय में कार्बन वित्त
- ऊर्जा बाजार एवं कृषि व्यवसाय

एफडीपी

- जनतांत्रिक समाज में व्यवसाय
- जलवायु परिवर्तन प्रबंध पर पाठ्यक्रम डिजाइन
- पर्यावरण प्रबंध
- स्वास्थ्य और अस्पताल प्रबंध
- गुणात्मक अनुसंधान के तरीके
- सामाजिक उद्यमिता : सामाजिक परिवर्तन का नवीनीकरण

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान इस समूह ने निम्नलिखित कार्यक्रम प्रस्तुत किए :

- चिकित्सकीय लैब प्रबंधन
- अस्पताल प्रबंध
- अवसंरचना में कानूनी एवं विनियामक मुद्दे*

*इसे व्यवसाय नीति विषय में संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया

- अवसंरचना में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी)

10. रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवाचार केंद्र (आरजेएमसीईआई)

रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवाचार केन्द्र (आरजेएमसीईआई) को शिक्षा के क्षेत्र में समस्याओं का मुकाबला करने के लिए नवाचार एवं नवीन दृष्टिकोण पर कार्य करने का काम सौंपा गया है। उच्च शिक्षा और संस्था निर्माण पर एक ध्यान केन्द्रित पहल के साथ प्राथमिक शिक्षा, साक्षरता और माध्यमिक शिक्षा को शामिल करने तक इसका दायरा धीरे-धीरे विस्तृत हुआ है। समीक्षा के तहत इस वर्ष के दौरान, आरजेएमसीईआई ने प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों पर अपने अनुसंधान बढाए हैं। "शौक्षणिक नवाचार बैंक : सार्वजनिक विद्यालयों में विकेन्द्रीकृत व्यावसायिक विकास और गुणवत्ता संवर्धन" परियोजना को नवम्बर-2012 में हेवलेट पैकार्ड स्थिरता व सामाजिक नवाचार पुरस्कार (भारतीय इंटीग्रल शिक्षा परिषद्, भारतीय शिक्षा नवाचार कोष द्वारा समर्थित) दिया गया। राज्य एवं पंचायत स्कूलों में कार्यरत प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों के शैक्षणिक नवाचारों के लिए एक क्लीयरिंग हाउस निर्मित करने के लिए चल रहे काम के मापन में इस पुरस्कार का उपयोग किया जा रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य उन सरकारी शिक्षकों को मजबूत बनाने का है जो अपने तुरंत संदर्भों में शैक्षणिक समस्याओं के समाधान हेतु अपने बूते पर प्रयोग एवं नवाचार करते हैं।

"शिक्षण एवं सीखने के परियोजना आधारित तरीके : छात्रों की शिक्षा के संज्ञानात्मक-प्रेरक पहलुओं के प्रति एवं शिक्षकों की रोजगार संतुष्टी, आत्मसम्मान एवं रचनात्मकता के प्रति इसके संबंध" विषय पर तीन स्कूलों का एक अध्ययन पूर्ण हुआ। निलोबराय विद्यालय, रालेगाँव सिद्धि, और बैंगलुरू के परिक्रमा स्कूल जैसे नवाचार स्कूलों के अध्ययन को भी अंजाम दिया गया।

आरजेएमसीईआई ने माध्यमिक स्कूलों के प्रिंसिपलों के लिए तथा प्रबंधन शिक्षा संस्थानों के निदेशकों के लिए हफ्ते भर के कार्यक्रमों की पेशकश जारी रखी।

"शिक्षा में उद्यमशीलता" विषय पर पीजीपी के लिए एक वैकल्पिक पाठ्यक्रम और एफडीपी व एफपीएम के लिए संचार संबंधित वैकल्पिक पाठ्यक्रम भी पेश किये गए।

अनुशासनिक क्षेत्र

संस्थान में आठ अनुशासनिक क्षेत्र हैं : व्यापार नीति, संचार, अर्थशास्त्र, वित्त एवं लेखा, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक व औद्योगिक संबंध तथा उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके।

1 .व्यापार नीति

पाठ्यक्रम

पीजीपी के प्रथम वर्ष में रणनीतिक प्रबंधन, व्यवसाय के वैधानिक पहलू, और व्यवसाय कराधान में इस क्षेत्र ने अनिवार्य पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए हैं।

ऐच्छिक पाठ्यक्रम

- व्यवसाय, सरकार और कानून
- रणनीति का अर्थशास्त्र
- उद्यमिता एवं नए उपक्रम की योजना
- रणनीति परामर्शन की नींव
- नवाचार एवं बौद्धिक सम्पदा
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार
- नेतृत्व : दृष्टि, अर्थ और वास्तविकता
- उभरते बाजारों में रणनीति
- प्रौद्योगिकी और बौद्धिक सम्पदा
- उच्च-तकनीक उद्योगों के लिए प्रौद्योगिकी रणनीति

पीजीपी-एबीएम – 2

- अंतरराष्ट्रीय कृषि व्यवसाय

पीजीपीएक्स

- कैपस्टन अनुकार
- कॉर्पोरेट अभिशासन
- अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय
- नेतृत्व, मूल्य और नैतिकता
- नई और छोटी कंपनियों का प्रबंधन
- विलय और अधिग्रहण (संयुक्त रूप से वित्त एवं लेखा क्षेत्र में पेश किया गया)
- सामरिक प्रबंधन

एफपीएम

- डेटा प्रबंधन और विश्लेषण

एफडीपी

- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
- विधिक पर्यावरण
- रणनीति निर्माण और कार्यान्वयन
- उभरते बाजारों में रणनीति

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस क्षेत्र ने निम्नलिखित प्रबंध विकास कार्यक्रम प्रस्तुत किए :

- अनुबंध प्रबंधन
- विकास के लिए रणनीतियाँ
- 21वीं सदी के लिए संगठनात्मक नेतृत्त्व
- नवाचार, कोर्पोरेट रणनीति, और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन
- ज्ञान प्रबंधन
- व्यवसाय नेतृत्व और कानून
- प्राधिकरण, संगठन, रणनीतियाँ और संबद्धता की राजनीति पर कार्य सम्मेलन

उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में संगठनों के बारे में केसों को विकसित करने का काम क्षेत्रीय संकायों ने जारी रखा। रूचि के अनुसंधानों में बौद्धिक संपदा अधिकार, वैश्विकीकरण, विश्व के बाजार और क्षमता विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं।

2.संचार

पाठ्यक्रम

पीजीपी / पीजीपी-एबीएम

अनिवार्य

- मौखिक व्यापार संचार
- लिखित विश्लेषण और संचार – 1
- लिखित विश्लेषण और संचार – 2

ऐच्छिक

- चीनी व्यवसाय
- फ्रेन्च व्यवसाय
- जर्मन व्यवसाय
- कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा संचार
- सांस्कृतिक पहचान और अंतर-सांस्कृतिक संचार
- मुश्किल संचार
- अंतर-सांस्कृतिक संचार क्षमता
- प्रबंधकीय संचार
- मीडिया और समाज : अर्थशास्त्र, राजनीति, नैतिकता, और जन संचार प्रौद्योगिकियाँ
- संगठनात्मक संचार
- प्रेरक संचार
- नेताओं के लिए सामरिक चर्चा कौशल

पीजीपीएक्स

- प्रबंधन संचार (मुख्य)

एफपीएम

- प्रबंध शिक्षकों के लिए संचार
- लिखित विश्लेषण और संचार 1

एफडीपी

- प्रबंध शिक्षकों के लिए संचार

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- प्रभावी संचार रणनीतियाँ
- लोगों को साथ लेकर : प्रोत्साहन द्वारा प्रबंधन
- जीतने की कगार : नेतृत्वकर्ताओं के लिए संचार रणनीतियाँ

3.अर्थशास्त्र

पीजीपी

- आर्थिक वातावरण एवं नीति
- बृहत् अर्थशास्त्र एवं नीति
- सूक्ष्म अर्थशास्त्र

ऐच्छिक

- निर्णय निर्धारण के लिए अर्थमितीय पद्धति
- संगठन का अर्थशास्त्र
- रणनीति का अर्थशास्त्र (संयुक्त रूप से व्यवसाय नीति क्षेत्र के साथ प्रस्तुत)
- खेल सिद्धांत और अनुप्रयोग
- विकासशील देशों में श्रम बाजार
- मौद्रिक सिद्धांत और नीति
- सार्वजनिक वित्त (संयुक्त रूप से सार्वजनिक प्रणाली समूह के साथ प्रस्तुत)

पीजीपीएक्स

- कंपनियाँ एवं बाजार
- अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था एवं राजनीतिक माहौल
- खुली अर्थव्यवस्था में बृहत्-अर्थशास्त्र

एफपीएम

- उन्नत सूक्ष्म अर्थशास्त्र
- अर्थमिति

एफडीपी

- अर्थशास्त्र मॉड्यूल

4.वित्त एवं लेखाकरण

पीजपी

पाठ्यक्रम

- कॉर्पोरेट वित्त
- लागत एवं नियंत्रण प्रणालियाँ
- वित्तीय लेखा, रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण
- वित्तीय बाजार

ऐच्छिक

- वैकल्पिक निवेश और बचाव निधि (नया)
- व्यावहारिक वित्त
- निर्धारित आय प्रतिभूतियाँ - सी
- निर्धारित आय प्रतिभूतियाँ - आर
- वायदा, विकल्प व जोखिम प्रबंधन
- वित्तीय संस्थाओं का प्रबंधन
- बीमा व्यवसाय का प्रबंधन

- विलय, अधिग्रहण, एवं कॉर्पोरेट पुनर्गठन
- आधुनिक निवेश व पोर्टफोलियो प्रबंधन
- मूल्य निर्धारण व्युत्पन्न प्रतिभूति (नया)
- हस्तांतरण मूल्य निर्धारण के सिद्धांत
- प्रतिभूति विनियमन
- कॉर्पोरेट वित्त पर संगोष्ठी पाठ्यक्रम
- वित्त में प्रसंभाव्य कलन
- रणनीतिगत वित्तीय प्रबंधन
- व्यापार रणनीतियाँ
- कम्पनियों का मूल्यांकन (नया)
- उद्यम पूंजी एवं निजी इक्विटी

एफपीएम

- गणितीय वित्त (ऐच्छिक)
- लेखांकन शोध पर संगोष्ठी पाठ्यक्रम (ऐच्छिक)
- कॉर्पोरेट वित्त पर संगोष्ठी पाठ्यक्रम
- निजीकरण पर संगोष्ठी (ऐच्छिक)
- वित्त सिद्धान्त 1
- वित्त सिद्धान्त 2
- बृहत् अर्थशास्त्र एवं वित्त के लिए समय श्रेणी पद्धति (ऐच्छिक)

पीजीपीएक्स

- कॉर्पोरेट वित्त
- वित्तीय कार्य का प्रभावशाली प्रबंधन (ऐच्छिक)
- वित्तीय बाजार
- वित्तीय रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण
- वित्तीय विवरण विश्लेषण (ऐच्छिक)
- प्रबंधन नियंत्रण और संगठनात्मक प्रदर्शन के लिए मेट्रिक्स
- विलय और अधिग्रहण
- सामरिक लागत प्रबंधन

एफडीपी

- लेखा
- वित्तीय प्रबंधन

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- उन्नत कॉर्पोरेट वित्त
- मूल्य निर्धारण और प्रतिरक्षा व्युत्पन्न प्रतिभूतियाँ
- रणनीतिगत लागत प्रबंधन

इस क्षेत्र के संकाय अन्य क्षेत्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल हुए और विभिन्न संस्थानों में परामर्शन सेवाएँ पेश की।

अनुसंधान

इस वर्ष काफी संख्या में अनुसंधान परियोजनाएँ शुरू की गई।

5 .विपणन

वर्ष 2012-13 में विपणन क्षेत्र ने भी शिक्षण, अनुसंधान, परामर्श गतिविधियों, और अकादमिक प्रशासन की दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। अग्रणी व्यवसायियों द्वारा अनुभव बाँट कर इस क्षेत्र के पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया गया। उद्योग से कई वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों ने क्षेत्र द्वारा पेश हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों में अपने अनुभव बाँटे। इस क्षेत्र के संकायों ने परामर्शन सहायता प्रदान की और अंबुजा सीमेंट, ल्यूपिन, जे.के. सीमेंट, ब्लू स्टार, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा, टाटा, और एक्साइड को स्वनिर्धारित कार्यक्रमों की पेशकश की।

पाठ्यक्रम

इस क्षेत्र ने पीजीपी, एफ़पीएम और पीजीपीएक्स में अनिवार्य और ऐच्छिक पाठ्यक्रम पेश किए।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- विपणन निर्णयों के लिए उन्नत डेटा विश्लेषण
- बी टू बी (व्यापार से व्यापार तक) विपणन
- उपभोक्ता आधारित व्यवसाय रणनीति
- उपभोक्ता संबंध प्रबंधन
- विक्रय बल के कार्य निष्पादन को बढ़ाना
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार
- खुदरा व्यापार का प्रबंधन
- लाभ के लिए मूल्य निर्धारण
- मात्रात्मक डेटा विश्लेषिकी और व्यवसाय / विपणन में उसके अनुप्रयोग
- संगठनात्मक प्रदर्शन का अवलोकन

अनुसंधान

अनुसंधान के ध्यान केन्द्रित विषयों में उपभोक्ता व्यवहार, ब्रांडिंग, विज्ञापन, बिक्री संवर्धन, खुदरा बिक्री, सूचना उत्पाद एवं सेवाएँ, पिरामिड तलक्षेत्र, सेवा केन्द्रित रणनीति जैसे शामिल थे।

परामर्शन

परामर्शन कार्यों में उपभोक्ता मूल्य, व्यवसाय विकास, नेतृत्व कौशल, ब्रांड प्रबंधन, सामरिक योजना निर्माण, सामरिक कार्यान्वयन योजना विकास, और अन्यों के बीच खुदरा रणनीति के लिए कार्यान्वयन योजना की समझ एवं स्थापना जैसे विषयों को शामिल किया गया।

6. संगठनात्मक व्यवहार

पाठ्यक्रम

पीजीपी / पीजीपी-एबीएम 1

- व्यक्तिगत गतिशीलता
- पारस्परिक एवं सामूहिक प्रक्रियाएँ
- संगठनात्मक गतिशीलता

पीजीपी2

- सहनिर्माणाधीन संगठनात्मक परिवर्तन
- उद्यमी व्यक्तित्व का विकास
- स्व-रचनात्मकता का विकास
- मानव संसाधन विकास स्कोर कार्ड 2500 से बौद्धिक पूंजी प्रबंधन
- संगठन में सत्ता एवं राजनीति
- प्रतिभा प्रबंधन

पीजीपीएक्स

- संगठन व्यवहार
- उन्मुखीकरण कार्यक्रम
- प्रदर्शन करने की क्षमता : आत्म जागरूकता की यात्रा
- नेतृत्व कौशल पर कार्यशाला

एफपीएम 1

- बृहत् संगठन व्यवहार (ओबी)
- सूक्ष्म संगठन व्यवहार (ओबी)

एफपीएम 2

- उन्नत सूक्ष्म संगठन व्यवहार (ओबी)
- संगठन व्यवहार में उन्नत अनुसंधान के तरीके
- अनुप्रयुक्त व्यवहार विज्ञान 1
- अनुप्रयुक्त व्यवहार विज्ञान 2
- अनुसंधान का क्राफ़्टिंग और प्रकाशन
- राष्ट्रीय संस्कृति : कल्पित कथाएँ, अर्थ, और उपाय
- संगठनात्मक सिद्धांत और उसका सामाजिक संदर्भ

एफडीपी

- संगठनात्मक व्यवहार को समझना

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- मुख्य क्षमता के रूप में रचनात्मकता और नवाचार
- व्यावसायिक महिलाओं की नेतृत्व क्षमताओं और संभावनाओं को बढ़ावा देना
- पारस्परिक प्रभावशीलता एवं टीम निर्माण
- नेतृत्व एवं परिवर्तन प्रबंधन

7. कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध

पीजीपी 1

- क्षमता निर्माण प्रणालियाँ
- कार्मिक क्षमता

पीजीपी 2

- व्यापार स्थिति सुधार और संगठनात्मक परिवर्तन
- सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन

ऐच्छिक

- क्षमताओं का विश्लेषण एवं निर्माण
- व्यापार स्थिति सुधार और संगठनात्मक परिवर्तन
- व्यापार स्थिति सुधार और संगठनात्मक परिवर्तन
- समझौता-वार्ता का प्रबंधन
- सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन

एफडीपी

- मानव संसाधन प्रबंधन

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- उन्नत मानव संसाधन प्रबंधन
- मानव संसाधन प्रबंधन, दुबई
- वार्ता एवं कौशल क्लिनिक

अनुसंधान

- इस क्षेत्र के संकाय सदस्यों ने केस-लेखन, शिक्षण-सामग्री विकास और उनकी अभिरूचि के क्षेत्रों के अनुसंधान में अपना योगदान दिया।

8. उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके

पाठ्यक्रम

पीजीपी 1

- निर्णय निर्माण 1एवं 2
- संचालन प्रबंधन 1एवं 2
- संभावना एवं सांख्यिकी 1, 2 एवं 3

पीजीपी 2

- डाटा विश्लेषण के उन्नत तरीके
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण
- डेटा विश्लेषण में सांख्यिकीय पद्धतियाँ

पीजीपीएक्स

- डेटा विश्लेषण
- माँग-पूर्ति के लिए परिचालनों की डिजाइनिंग
- रसद प्रबंध
- निर्णय के लिए मॉडलिंग
- गुणवत्ता प्रबंधन
- सेवा स्तरों की स्थापना एवं वितरित करना
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
- जोखिम की समझ और आकलन

एफपीएम

- प्रबंधन में उन्नत संभावना
- अनुप्रयुक्त बहुभिन्नरूपी विश्लेषण
- डेटा विश्लेषण
- संचालन अनुसंधान
- वास्तविक विश्लेषण

एफ़डीपी

- डाटा विश्लेषण के अनुप्रयोग
- निर्णय निर्माण
- संचालन प्रबंधन

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- प्रबंधन में उन्नत विश्लेषिकी
- उन्नत गुणवत्ता प्रबंधन
- रसद समाधान वितरण
- खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
- परियोजना प्रबंध
- मात्रात्मक डाटा विश्लेषिकी और व्यवसाय/विपणन में इसके अनुप्रयोग
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण
- जोखिम : मॉडलिंग और प्रबंधन
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

अनुसंधान

- प्रौद्योगिकी प्रबंधन, प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों, विनिर्माण, निर्णय समर्थन प्रणाली, रसद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, राजस्व प्रबंधन, अनुकूलन, नेटवर्क अनुकूलन एवं बहु-अनुमानी, नेटवर्क विश्वसनीयता, वित्त में सांख्यिकीय मॉडलिंग, और सांख्यिकीय निष्कर्ष ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ क्षेत्रीय संकाय सदस्यों ने प्रकाशनों के माध्यम से अपना योगदान दिया है।

पूर्वछात्र गतिविधियाँ

इस वर्ष के दौरान, पूर्वछात्रों के डाटाबेस सुव्यवस्थित किए गए। विस्तृत सत्यापन के बाद, पूर्वछात्र डाटाबेस (वर्तमान पतों के साथ हैं उनके) की संख्या 16,670 सदस्यों तक पहुँची है। कुल मिलाकर, पूर्वछात्रों की संख्या 35,000 से थोड़ी-सी ज्यादा है। इस तरह, लगभग 50 प्रतिशत सदस्यों तक पहुँचने की पुष्टि हुई है।

एक नया अत्याधुनिक पूर्वछात्र पोर्टल (www.iimaalumni.org) दिसम्बर 2012 में शुरू किया गया था। इसमें कई नई सुविधाएँ जैसे, पूर्वछात्र निर्देशिका, समाचार एवं घोषणाएँ, चैप्टर पृष्ठ, विशेष रूप से प्रदर्शित पूर्वछात्र, सामाजिक नेटवर्किंग, मार्गदर्शन कार्यक्रम, चर्चा मंच, चैप्टर समाचार एवं घटनाएँ, रोजगार केन्द्र, इत्यादि हैं। इस पूर्वछात्र प्रबंध प्रणाली से हमें आगे भी संपर्क सुधार में मदद मिलेगी।

एमडीपी पूर्वछात्र दर्जे के लिए कारगर पात्रता

01 अप्रैल, 2012 से पहले, संस्थान से स्नातक हुए सभी छात्र 1967 में गठित एक गैर पंजीकृत संगठन आईआईएमए पूर्वछात्र संघ (आईआईएमएएए) के सदस्य बन गए। 01 अप्रैल, 2012 से, संस्थान ने एमडीपी पूर्वछात्र सदस्यता के लिए एक या एक से अधिक लघु अवधि के कार्यक्रमों में 21 दिनों की उपस्थिति के रूप में पात्रता मानदंडों की शुरूआत की है। इस तरह से, दीर्घावधि कार्यक्रम वाले प्रतिभागी स्वतः ही पूर्वछात्र बन जाते हैं, जबकि एमडीपी प्रतिभागियों को पूर्वछात्र दर्जा प्राप्त करने के लिए कम से कम 21 दिनों की उपस्थिति आवश्यक है।

भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद पूर्वछात्र संघ

इस संघ का संविधान अपने कार्यों - संस्थानों की बातों को आगे बढ़ाने से लेकर चैप्टरों को स्थापित करने एवं बनाए रखने तक के व्यवस्थापन के लिए एक कार्यकारी समिति (ईसी) प्रदान करता है। अभी कई वर्षों से कार्यकारी समिति निष्क्रिय है। आंतरिक विमर्शों एवं अनुमोदनों के बाद, संस्थान ने कार्यकारी समिति के गठन का निर्णय लिया है। इसका गठन वर्ष 2013-14 के दौरान किया जाएगा।

पूर्वछात्र सदस्यता शुल्क

वर्ष 2012-13 के दौरान, सदस्यता शुल्क में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 0.7 प्रतिशत (वर्ष 2011-12 के दौरान 38.70 लाख रुपए से वर्ष 2012-13 के दौरान 39.04 लाख रुपए तक) की वृद्धि हुई है।



आईआईएम-ए अल्युम्नस पत्रिका

वर्ष में तीन बार – जून, अक्टूबर, फरवरी में प्रकाशित आईआईएम-ए अल्युम्नस पत्रिका के अक्टूबर 2012 के अंक में डिजाइन, संरचना एवं कवरेज में प्रमुख सुधार देखा गया। इस पत्रिका के प्रकाशन की लागत को पूरा करने के एक हिस्से रूप में विज्ञापन शामिल हैं। वर्ष 2012-13 के दौरान, विज्ञापनों के माध्यम से 6.23 लाख रुपए अर्जित किए गए।

रजत जयंती पुनर्मिलन

21 से 23 दिसम्बर, 2012 के दौरान 1988 (1986-1988) में स्नातक हुए पीजीपी बैच का रजत जयंती पुनर्मिलन आयोजित किया गया। लगभग 94 पूर्वछात्रों ने सहपरिवार इसमें भाग लिया। इस पुनर्मिलन के दौरान, 1988 के बैच को पढ़ाने वाले 16 संकायों को सम्मानित किया गया। अब आगामी रजत जयंती पुनर्मिलन 20 से 22 दिसम्बर, 2013 के दौरान आयोजित किया जाएगा।

अन्य पुनर्मिलन

रजत-जयंती पुनर्मिलन के अतिरिक्त, विभिन्न पीजीपी बैचों के पुनर्मिलन भी आयोजित किये गए : 4 से 6 जनवरी, 2013 के दौरान (40 वर्ष पूर्ण करने पर) 1970-72 बैच का मिलन हुआ; 28 से 30 दिसम्बर, 2012 के दौरान (20 वर्ष पूर्ण करने पर) 1990-92 बैच का; 23 से 24 दिसम्बर, 2012 के दौरान (15 वर्ष पूर्ण करने पर) 1995-97 बैच का; और 14 से 16 दिसम्बर, 2012 के दौरान (10 वर्ष पूर्ण करने पर) 2000-2002 बैच का।

पूर्वछात्र शैक्षणिक संबंध

संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत पूर्वछात्रों द्वारा कई ऐच्छिक पाठ्यक्रम पेश किए गए। इन पूर्वछात्रों को नियमित रूप से अपने ज्ञान एवं अनुभव को साझा करने के महत्व के बारे में सूचित किया जाता है। संस्थान में अक्टूबर 2012 में पूर्वछात्रों के लिए केस लेखन पर एक दो-दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

पूर्वछात्रों पहचान-पत्र

पूर्वछात्रों के लिए पहचान-पत्र की एक अनूठी अवधारणा की शुरूआत की गई। पूर्वछात्रों के वर्गीकरण के आधार पर, इस वर्ष के दौरान, लगभग 650 पहचान-पत्र जारी किए गए।

लिंक्डइन पहल

अपने पूर्वछात्रों को कैरियर समर्थन प्रणाली उपलब्ध कराने की एक पहल के रूप में संस्थान ने दो समूहों की स्थापना के लिए लिंक्डइन के साथ गठबंधन किया है। ये दो समूह हैं - (क) आईआईएमए पूर्वछात्र समूह, यह उन सभी दीर्घावधि के पूर्वछात्रों के लिए है जो दीक्षांत समारोह के जरिए स्नातक हुए हैं। इस समूह के लिए नियोजन कार्यालय नियोक्ता उप-समूह का हिस्सा बनने के लिए हमारे महत्वपूर्ण नियोक्ताओं को आमंत्रित करेगा; और (ख) आईआईएमए कार्यकारी शिक्षा पूर्वछात्र समूह, जो कि अल्पावधि कार्यक्रम के पूर्वछात्रों के लिए है। इस समूह तक नियोक्ताओं की पहुँच उपलब्ध नहीं करायी जाती। संस्थान की नीति के अनुरूप जो छात्र दीक्षांत समारोह के माध्यम से स्नातक हुए हैं वे ही नियोजन सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल के पीछे का उद्देश्य पूर्वछात्रों को साथियों के साथ नेटवर्क बनाने की सुविधा देना और एक बुनियादी ढांचा बनाना है जो नियोक्ताओं को पूर्वछात्रों के साथ बातचीत करने की स्वीकृति देगा, जो उन्हें ऐसा करने की अनुमति देते हैं। नियोक्ताओं के लिए, यह लाभ है इससे मध्यम से वरिष्ठ स्तर तक के पद भरने के लिए जानकारी की खोज की लागत कम हो जाती है। पूर्वछात्रों के लिए, केवल

अपनी मातृसंस्था और अपने बैच के साथियों के साथ सम्पर्क में रहने का ही फायदा नहीं है बल्कि मध्य कैरियर बदलाव के लिए संभावित नियोक्ताओं के साथ जुडने का भी है। वर्तमान छात्रों के लिए, वरिष्ठों तक पहुँचने की क्षमता और कैरियर-विशेष चर्चा बोर्डों में भाग लेने का लाभ शामिल है। संस्थान के लिए, पूर्वछात्रों की कैरियर प्रगति को निरंतर ट्रैक करने की क्षमता और परिसर में नियोजन सेवा उपलब्ध कराने से आजीवन स्थानांतरण के साथ-साथ पूर्वछात्रों से संबंध बनाने के दोनों उद्देश्यों का लाभ मिलता है। अब तक 1750 पूर्वछात्र इन समूहों से जुड़ चुके हैं।

पूर्वछात्रों की तरफ से निधियाँ

वर्ष 2012-13 के दौरान, विभिन्न बैचों और व्यक्तिगत रूप से पूर्वछात्रों ने संस्थान को 3 करोड़ रुपये का दान दिया है। प्रमुख दानदाता इस प्रकार हैं :

बैच	नाम (यदि व्यक्तिगत हैं तो)	राशि लाख रुपए में
1966	दीवान अरुण नंदा	16.50
1971	बैच	7.50
1975	टंडन परिवार प्रतिष्ठान	135.00
1985	दीपक गुप्ता	6.50
1989	बैच	15.50
1992	पुलक सी. प्रसाद	10.00
1996	बैच	7.00
2001	बैच	37.31
1969	मार्टी जी. सुब्रह्मणियम्	15.00

छात्रवृत्तियाँ और पुरस्कार

इस वर्ष के दौरान, पूर्वछात्रों द्वारा निम्न छात्रवृत्तियाँ/पुरस्कार दिए गए :

- **सजीव सिरपाल शैक्षणिक एवं रचनात्मक उत्कृष्टता पुरस्कार :** कनक सिरपाल (पीजीपी 1984) और मित्रों द्वारा श्री सजीव सिरपाल (पीजीपी 1984) की स्मृति में यह पुरस्कार स्थापित किया गया। यह पुरस्कार पीजीपी प्रतिभागियों के बीच शिक्षाविदों और रचनात्मकता में उत्कृष्टता की पहचान दिलाता है। पीजीपी को दो छात्रों, निखिल अग्रवाल और सुमित सोमानी को प्रत्येक को 2 लाख रुपए के पहले पुरस्कार दिए गए।
- **मार्टी मन्नारिया गुरुनाथ उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार :** प्रोफ़ेसर मार्टी सुब्रह्मणियम् (पीजीपी 1967-69) द्वारा श्री मार्टी मन्नारिया गुरुनाथ की स्मृति में यह पुरस्कार स्थापित किया गया है। यह पुरस्कार एक संकाय सदस्य को उस दीक्षांत समारोह में स्नातक हुए पीजीपी बैच के अध्यापन के लिए दिया जाता है। 50,000 रुपए का पहला पुरस्कार प्रोफ़ेसर अनुराग अग्रवाल को दिया गया।
- **1969 बैच छात्रवृत्ति** : वर्ष 2011-13 से पीजीपी 1969 बैच के दाताओं ने आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से कमजोर प्रथम वर्ष के पीजीपी छात्रों को समर्थन देने का निर्णय लिया। पाँच छात्रों के लिए प्रत्येक को 2 लाख रूपए की वित्तीय सहायता पीजीपी 1969 निधि वर्ग से जारी की गई।
- **श्री जी. सी. मित्तल उद्यमिता सहायता** : अंकित मित्तल द्वारा स्थापित 2 लाख रुपए की यह सहायता उन स्नातक छात्रों के लिए है जो अपना उद्यम स्थापित करना चाहते हैं। यह पुरस्कार सिद्धि करनानी (पीजीपी-एबीएम 2013) को मिला।

सभा गतिविधियाँ

इस वर्ष के दौरान अहमदाबाद, बैंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लंदन, अमेरिका आदि में स्थित सभाएँ विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करने में काफी सक्रिय रही।

दिनांक	सभा	समारोह	उपस्थित पूर्वछात्रों की संख्या	टिप्पणियाँ
7 मई, 2012	चेन्नई	समकालिक और परिवार मिलन समारोह	30	प्रमुख श्री मुरलीधरन् द्वारा इस मिलन समारोह में स्वागत प्रवचन हुआ। कंडास्वामी भारतन् द्वारा रचित फ़िल्म आईआईएमए : 50 वर्ष (उनके तीन दर्जे हैं – पीजीपी 1978 पूर्वछात्र, प्रोफ़ेसर, व मुख्य कार्यपालक अधिकारी कवितालय जो कि आईआईएमए पर श्रेष्ठ परिप्रेक्ष्य दे रहे हैं) को काफी पसंद किया गया।
12 मई, 2012	हैदराबाद	समकालिक - लगभग 450 से अधिक सक्षम स्कूलों को लेकर	90	प्रोफ़ेसर अतनू घोष, डीन पूर्वछात्र एवं बाह्य संबंध, ने पूर्वछात्रों से जुड़े रहने पर बढ़ते महत्त्व पर विशेष ध्यान देते हुए संस्थान के विकास के बारे में निरूपण किया। आईआईएमए में दाखिला प्राप्त चौबीस हैदराबादी उपस्थित रहे थे।
20 मई, 2012	बैंगलुरू	वार्षिक समकालिक	160	वार्षिक समकालिक बैठक का आयोजन हुआ। पूर्वछात्रों द्वारा लगभग 30 नए छात्रों का स्वागत किया गया।
मई, 2012	लंदन	पैन आईआईएम यूरोप पूर्वछात्र संघ गतिविधियाँ	130	हाल ही में लंदन में सबसे बड़ा समारोह हुआ जिसमें लंदन मे रहने वाले सभी आईआईएम के ग्रीष्मकालीन इंटर्न्स का एक संयुक्त इंटर्न्स रात्रिभोज में स्वागत किया गया। इसमें आईआईएमए के प्रोफ़ेसर बी.एच. जाजू, डीन, एवं आईआईएम बैंगलुरू के संकायों सहित 130 प्रतिभागी उपस्थित थे।
मई, 2012	अमेरिका	पैन आईआईएम यूरोप पूर्वछात्र संघ गतिविधियाँ	–	सैन फ्रान्सिस/खाड़ी एरिया में प्रोफ़ेसर त्रिलोचन शास्त्री, तथा प्रोफ़ेसर राकेश बसंत के साथ रात्रिभोज।
2 जून, 2012	अमेरिका	पैन आईआईएम यूरोप पूर्वछात्र संघ गतिविधियाँ	–	प्रोफ़ेसर इन्दिरा परीख, पूर्व डीन, आईआईएम के साथ रात्रिभोज। वॉशिंगटन डी.सी.
28 सितम्बर, 2012	सिंगापुर	वार्षिक रात्रिभोज एवं नृत्य समारोह	–	सिंगापुर सभा ने वार्षिक रात्रिभोज एवं नृत्य समारोह का आयोजन किया। पुराने बैचों ने युवा बैच से कहीं अधिक नाचगान किया।
20 अक्टूबर, 2012	अहमदाबाद	निदेशक को विदाई	–	निवर्तमान निदेशक प्रोफ़ेसर समीर बरुआ के लिए इस सभा ने विदाई समारोह का आयोजन किया।
अक्टूबर 2012	अमेरिका	पैन आईआईएम यूरोप पूर्वछात्र संघ गतिविधियाँ	–	प्रोफ़ेसर अनिल गुप्ता के साथ सुबह का अल्पाहार, टोरन्टो।
3 नवम्बर, 2012	दिल्ली	पूर्वछात्र महा मिलन समारोह	300	इस दिवाली मिलन में प्रोफ़ेसर समीर बरुआ की उपस्थिति से चार चाँद लग गए। उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बात कही और संस्थान को इससे भी अधिक ऊँचाई पर ले जाने के लिए पूर्वछात्रों से अधिक सहयोग की माँग की।
10 नवम्बर, 2012	चेन्नई	दिवाली मिलन समारोह	50	
25 नवम्बर, 2012	हैदराबाद	रवि जे. मथई स्मृति व्याख्यान	125	सुश्री मल्लिका साराभाई मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता रहीं। आईआईएमए की पूर्वछात्र एवं बाह्य संबंध समिति के सदस्य प्रोफ़ेसर सरल मुखर्जी ने भी इस समारोह में उपस्थिति दर्ज करायी और पूर्वछात्रों से बातचीत की।
16 और 17 फरवरी, 2013	हैदराबाद		28	वीकएंड रिसोर्ट में मनोरंजन
23 फरवरी, 2013	कोलकाता	महामहिम श्री एम.के. नारायणन् राज्यपाल, पश्चिम बंगाल के साथ वार्ता सत्र	70	वार्ता सत्र के लिए चयनित विषय था, दक्षिण तथा दक्षिण-पूर्व एशिया में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दे और व्यवसाय पर उसके प्रभाव। प्रोफ़ेसर समीर बरुआ ने संस्थान भविष्य की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विचार साझा किए। प्रोफ़ेसर शेखर चौधरी, निदेशक, आईआईएम-कोलकाता और आईआईएमए पूर्वछात्र (एफ़पीएम 1980) भी उपस्थित थे।

वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले

रैंकिंग और सर्वेक्षण

इस वर्ष के दौरान संस्थान ने 17 व्यावसायिक-स्कूलों के सर्वेक्षणों (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) में भाग लिया। संस्थान ने सभी प्रमुख एवं प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में शीर्ष स्थान बनाये रखा। रैंकिंग में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि संस्थान के कार्यक्रम और छात्र उच्च गुणवत्ता के हैं और वैश्विक रूप से श्रेष्ठ में से हैं।

प्रबंध में एफ.टी *(फाइनान्सियल टाइम्स)* मास्टर्स रैंकिंग 2012

प्रबंध में मास्टर्स रैंकिंग 2012 में रैंकिंग के लिए वैश्विक रूप से समीक्षित 70 कार्यक्रमों में संस्थान दसवें रैंक पर रहा। संस्थान ने प्रबंध शिक्षा के वैश्विक नक्शे पर शीर्ष 10 स्थानों में एकमात्र भारतीय बी-स्कूल के रूप में बने रहना जारी रखा है।

संस्थान के पीजीपी कार्यक्रम को नियोजन सफलता रैंक में प्रथम स्थान पर रैंककृत किया गया है।

एफटी वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2013

यह संस्थान *फाइनान्सियल टाइम्स वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2013* में शीर्ष 100 बी-स्कूलों में छब्बीसवें स्थान पर रहा है। इसके अलावा, *एफ़.टी. कैरियर प्रगति रैंकिंग* में पीजीपीएक्स ने दुर्लभ गौरव प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इकोनोमिस्ट रैंकिंग 2012

यह संस्थान *इकोनोमिस्ट पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2012* में स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र भारतीय व्यावसायिक-स्कूल है।

रैंकिंग के लिए 'खुले नए रोजगार अवसर' कसौटी में शीर्ष दस व्यावसायिक-स्कूलों की सूची में संस्थान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। एशिया एवं ऑस्ट्रेलिया क्षेत्रीय रैंकिंग 2012 में संस्थान को पाँचवाँ स्थान प्राप्त हुआ है तथा *दी इकोनोमिस्ट पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2012* में वैश्विक रूप से 22 स्थान आगे बढ़कर 56वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

एड्युनिवर्सल सर्वोत्तम मास्टर रैंकिंग 2012

आईआईएमए के कृषि-व्यवसाय में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) ने इस क्षेत्र के लिए वैश्विक रूप से शीर्ष 50 रैंककृत कार्यक्रमों में *एड्युनिवर्सल कृषि-व्यवसाय / खाद्य उद्योग प्रबंधन की सर्वोत्तम मास्टर* रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। *एड्युनिवर्सल* उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक विशेष फ्रांसीसी रेटिंग एजेंसी है।

विवरण **परिशिष्ट ट** में दिये गये हैं।

वैश्विक भागीदारी

संस्थान ने प्रतिष्ठित विदेशी व्यावसायिक -स्कूलों / विश्वविद्यालयों के साथ भागीदारी की शुरुआत की है। संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीयकरण के प्रयासों के लिए निम्नलिखित विश्वविद्यालयों के साथ नए क्षेत्रों में शैक्षणिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए समझौता सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए :

- कातोलिका लिस्बन बिज़नेस एवं अर्थशास्त्र स्कूल, पुर्तगाल
- ईएससी ब्रेतान्य ब्रेस्त – ब्रितानी प्रबंधन स्कूल, फ़्रान्स
- प्रबंधन स्नातक स्कूल, क्योटो युनिवर्सिटी, जापान
- लुवेन प्रबंधन स्कूल, बेल्जियम
- युनिवेर्सिदाद ईएसएएन, पेरु
- वॉरसॉ अर्थशास्त्र स्कूल, पोलेंड

सामरिक भागीदारी

संस्थान ने दोहरी उपाधि कार्यक्रम के लिए ईबीएस बिज़नेस स्कूल, जर्मनी के साथ सामरिक भागीदारी की शुरूआत की है, इसमें दोनों भागीदार संस्थानों के छात्र अनुभव साझा करेंगे, जिससे वैश्विक प्रबंधन व्यवहारों की काफी गहरी समझ का योगदान हो सके। इसके साथ ही संस्थान, चार भागीदार विश्वविद्यालयों के साथ दोहरी उपाधि (डीडी) कार्यक्रम प्रस्तुत करता है। दोहरी उपाधि कार्यक्रम पर छात्र केवल उच्च गुणवत्ता की शिक्षा ही प्राप्त नहीं करते, बल्कि एक पूरे वर्ष तक विदेश में रहकर अध्ययन एवं निवास के द्वारा अपनी सीमा को विस्तृत करने का अवसर प्राप्त करते हैं।

विदेशी संस्थानों के साथ संलग्नता

इस वर्ष के दौरान विदेशी संस्थानों / अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सियों के 20 उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ अकादमिक सहयोग के लिए सार्थक संवाद में संस्थान संलग्न रहा है।

कुछ महत्त्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडलों में शामिल हैं :

- प्रोफ़ेसर सुरेश कलाज्ञानम्, लेखाकरण में सहयोगी प्रोफ़ेसर, एडवर्ड्स स्कूल ऑफ़ बिजनेस, सेसकेचवन युनिवर्सिटी, कनाडा
- प्रोफ़ेसर एंटोनियो बातिस्ता, कार्यपालक शिक्षा के डीन, एफ़डीसी, ब्राजील
- प्रोफ़ेसर डॉ. मोहम्मद गुलाम सामदानी फ़कीर, उपकुलपति, बीआरएसी युनिवर्सिटी, ढाका
- प्रोफ़ेसर केओएच चीन यी, निदेशक (एशिया), नेशनल युनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर, सिंगापुर
- प्रोफ़ेसर पीटर वायएच पैंग, सहायक उपप्रमुख, नेशनल युनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर, सिंगापुर
- प्रोफ़ेसर निक वैल्स, सहयोगी प्रोफ़ेसर, निदेशक, एमबीए कार्यक्रम, युनिवर्सिटी ऑफ़ सिडनी, ऑस्ट्रेलिया
- प्रोफ़ेसर कियोशी कोबायशी, निदेशक, एशिया बिजनेस स्कूल, ग्रेज्युएट स्कूल ऑफ़ मेनेजमेंट, क्योटो युनिवर्सिटी, जापान
- प्रोफ़ेसर टिमोथी एस. दूपनिक, वाइस प्रोवोस्ट एवं प्रोफ़ेसर, युनिवर्सिटी ऑफ़ कैरोलिना, कोलम्बिया
- प्रोफ़ेसर योशिहिरो टोकुगा, डीन, ग्रेज्युएट स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट, क्योटो युनिवर्सिटी, जापान
- प्रोफ़ेसर एक्सल शूमाकर, सहयोगी डीन, इंटरनेशनल संबंध, ईबीएस उनिवेर्सितात फ़्यूर विर्तचाफ़्त उंद रेच्त, ईबीएस बिजनेस स्कूल, जर्मनी
- ग्रेज्युएट स्कूल ऑफ़ मेनेजमेंट, क्योटो युनिवर्सिटी, जापान से प्रतिनिधिमंडल

संस्थान में ला साबाना युनिवर्सिटी, कोलम्बिया के छात्र

आईआईएमए में अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों के लिए अध्ययन दौरे

कार्यक्रम/अनुसंधान अध्ययन	विदेशी प्रतिभागी/संगठन	अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी
व्यवसाय का बहु-संस्कृतिवाद और वैश्विक परिप्रेक्ष्य	ला साबाना युनिवर्सिटी, कोलम्बिया में अर्थशास्त्र एवं प्रशासनिक विज्ञान अंतरराष्ट्रीय स्कूल (आईएसईएएस)	34
शैक्षणिक दौरा	विदेशों से बैंक अधिकारी	40
कृषि उद्यमिता	क्योटो युनिवर्सिटी, जापान	1 (अनुसंधान कार्य)

प्रेस सम्मेलन जारी है

मीडिया संपर्क

संस्थान नियमित रूप से बड़ी संख्या में प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ अपनी पहुँच के हिस्से के रूप से जुड़ा हुआ है। यह समर्थन कई साक्षात्कारों, प्रेस ब्रीफिंगों, प्रेस सम्मेलनों एवं प्रेस विज्ञप्तियों को जारी करने के माध्यम से बढ़ाया गया है।

संस्थान में रक्षा सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारी

प्रोटोकॉल और दौरे

प्रत्येक वर्ष संस्थान की गतिविधियों और कार्यक्रमों के लिए सक्षम आगंतुकों की उपलब्धता करायी जाती है। वर्ष 2012-13 के दौरान, संस्थान ने लगभग 4000 आगंतुकों का स्वागत किया, इनमें विदेशी नागरिक, सरकारी अधिकारी, कॉरपोरेट एवं शिक्षा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ कार्मिक, पेशेवर तथा छात्र शामिल थे।

नयी पहल

हाल ही के वर्षों में, संस्थान ने भारतीय संस्कृति और भारतीय प्रबंध प्रणालियों में रूचि रखने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों की बढ़ती संख्या की मेजबानी की है। इस माँग को पूरा करने के लिए, संस्थान ने आईआईएमए पूर्वछात्र संघ, अहमदाबाद सभा के साथ एक सहयोगात्मक कार्यक्रम प्रारंभ किया है जिसके तहत जो पूर्वछात्र शीर्ष कंपनियों के अधिकारी हैं वे विदेशी प्रतिभागियों के साथ सर्वोत्तम प्रणालियों को साझा करते हैं और भारतीय घरों के दौरे करने की व्यवस्था करते हैं।

सहायता अनुदान

वर्ष 2012-13 के दौरान, इस संस्थान ने गैर-योजना (नियमित) एवं योजना (नियमित) के अंतर्गत, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से कोई भी सहायता अनुदान प्राप्त नहीं किया।

वर्ष 2012-13 के दौरान, इस संस्थान को अन्य पिछड़ी जाति के विस्तार के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से 1419.25 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ।

वर्ष 2012-13 के दौरान, संस्थान को एफ़पीएम छात्रों के वित्तीय समर्थन के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से 100.96 लाख रुपए का अनुदान निम्न रूप से प्राप्त हुआः

1) अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए = 10.96 लाख रुपए

2) अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए = 20 लाख रुपए

3) अनुसंधान बुनियादी ढ़ाँचे एवं आकस्मिकता के लिए = 70 लाख रुपए

बुनियादी ढाँचे का विकास

संस्थान की बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकताओं को पूरा के लिए, नए परिसर में निर्माण कार्य एक सतत प्रक्रिया है। 320 कमरों वाले छात्रावास का कार्य पूर्ण होने के साथ, अब नए परिसर में कुल निर्मित क्षेत्र लगभग 7 लाख वर्ग फुट है। वर्ष 2012-13 में पूर्ण हुए नए छात्रावासों में डी-34 तथा डी-35 थे जो कि छात्र गतिविधि ब्लॉक (एसएबी) और उपयोगिता बिल्डिंगों के साथ बुनियादी सुविधा में सम्मिलित हैं।

शैक्षणिक बुनियादी सुविधा

	नए परिसर का शैक्षणिक ब्लॉक	अंतरराष्ट्रीय प्रबंध विकास केन्द्र
कक्षाएँ	5	3
संगोष्ठी कक्ष	3	2
सिंडीकेट कक्ष	8 (+ 9 छात्रावासों में)	22

आवासीय सुविधा

छात्रावास का प्रकार	एकल कक्ष	संलग्न शौचालय वाले कमरे	स्टुडियो एपार्टमेंट एवं आवास	एक शयनकक्ष, हॉल व रसोई के एपार्टमेंट
छात्रावास (डी- 19 से डी-27 तक)	284			
छात्रावास (डी- 26 एवं 27)		66		
छात्रावास (डी- 29,31,32,33,35)		240		
छात्रावास (डी-30 एवं डी-34)			40	
आईएमडीसी		152	8	
विवाहित छात्रावास				120
कुल	**284**	**458**	**48**	**120**



कार्मिक

वर्ष 2012-13 के दौरान, सात संकाय सदस्यों ने इस संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया। तीन संकाय सदस्यों और एक स्टाफ सदस्य ने संस्थान की सेवा से त्यागपत्र दिया। सत्रह स्टाफ सदस्यों ने सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्ति ली।

दो संकाय सदस्यों को अन्यत्र कार्यभार ग्रहण करने के लिए, अनुपस्थिति की छुट्टी दी गई, जबकि दो संकाय सदस्यों ने अनुपस्थिति की छुट्टी समाप्त होने पर, पुनः संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया।

परिशिष्ट ठ8 में कर्मचारियों की संख्या का विवरण दिया गया है।

अधिकारी एवं कर्मचारी विकास गतिविधि

वर्ष के दौरान, कई अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों को अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन तथा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित, कौशल विकास एवं साथ ही साथ सामान्य पर्यवेक्षी व प्रबंधकीय कार्य संबंधी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रायोजित किया गया। संस्थान ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में कई कर्मचारियों को प्रायोजित करना जारी रखा। महिला दिवस समारोह के एक भाग के रूप में 08 मार्च, 2013 को संस्थान की 50 महिला कर्मचारियों के ज्ञान संवर्धन एवं प्रोत्साहन के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नए भर्ती हुए ग्रुप बी/सी/डी कर्मचारियों के लिए 06 सितम्बर, 2012 को एक प्रेरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन

संस्थान पूर्णतया भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। प्रोफेसर आनंद कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें समय समय पर आयोजित की गई।

संस्थान में, 14 से 28 सितम्बर, 2012 के दौरान राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं (हिन्दी निबंध लेखन, हिन्दी कविता पाठ, शब्द-ज्ञान, आशु-भाषण, तथा सुलेखन) का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 90 से भी अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। समापन-दिवस के अवसर पर विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर आनंद कुमार जायसवाल ने संस्थान के सभी सदस्यों को रोजमर्रा के कार्यकलापों में राजभाषा हिन्दी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

संस्थान की हिन्दी पत्रिका "***प्रतिबिम्ब***" के द्वितीय अंक का प्रकाशन जनवरी 2013 में किया गया। इस अंक की प्रतियाँ सभी आईआईएम, आईआईटी, शासी मंडल के सदस्यों, संबंधित मंत्रालयों और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी 150 सदस्यों को अहमदाबाद एवं गाँधीनगर में भेजी गई। इस पत्रिका को संस्थान के वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

वर्ष के दौरान, हिन्दी में टिप्पण व प्रारूपण पर, तीन हिन्दी-कार्यशालाएँ आयोजित की गई, इनमें 80 कर्मचारियों ने भाग लिया। इन कार्यशालाओं में व्याख्यान देने के लिए हिन्दी के प्रसिद्ध वक्ताओं को आमंत्रित किया गया।

वर्ष के दौरान, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गई। इनमें भारत सरकार द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु "ख" क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर जोर दिया गया।

कर्मचारी पुरस्कार/सम्मान

एक संकाय सदस्य को और एक कर्मचारी को, 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के निमित्त, इस वर्ष के दौरान पुरस्कृत किया गया। एन.वी. पिल्लई, मोहना गंगाधरन्, मंजुला एस. नायर, वी.विजयन्, कीर्ति आचार्य, विजयपाल कोटड, मंजुलाबेन एच. साकरिया, डी.आर. प्रजापति, सतीश एन. शाह, ई.पी. सिद्धार्थन्, एस. जयशंकर, के.टी. विल्सन, धना देवा परमार, आर.एस. मणि, के.एस. सोमयाजुलु, जी.ए. चन्द्रशेखरन्, मगन पी. गोहेल, मफाभाई एम. सोलंकी, आर. गुरुमूर्ति, एस.एम. मकवाना, एन.आर. सोलंकी, मोतीलाल बी. वर्मा, करसन एम. सोनखिया, और आर.जी. मिश्रा को संस्थान की रिकॉर्ड दीर्घ सेवा से सेवानिवृत्त होने पर, इन कर्मचारियों को संस्थान द्वारा सुदीर्घ सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके विवरण **परिशिष्ट ठ** में दिये गए हैं।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन, वर्ष के दौरान पचानवे आवेदन प्राप्त हुए तथा निपटाए गए।

छात्र गतिविधियाँ

एबेकस

एबेकस, एक मुकाबला क्लब है, इसमें सभी गणित एवं साँख्यिकी के उत्साहियों को परिसर पर इकट्ठा कर एकसाथ लाया जाता है।

वर्ष की शुरूआत में, यह क्लब उन छात्रों की मदद करने का प्रयास करता है जो पाठ्यक्रम आधारित मात्रात्मक या गाणितीय ज्ञान कम रखते हैं या उनको पूर्व ज्ञान नहीं है। यह क्लब जैसे कि संभाव्यता और सांख्यिकी के रूप में विषयों की मूल बातों के माध्यम से मार्गदर्शन करता है ।

इस क्लब ने अपनी प्रमुख वार्षिक प्रतियोगिता नटक्रेकर का आयोजन किया जो एक-सप्ताह का समारोह है। इसमें श्रेष्ठ बौद्धिकता वालों के बीच अंतिम पारितोषिक के लिए कड़ा मुकाबला हुआ।

एबेकस ने पोकर, ब्रिज एवं रुबिक्स क्यूब जैसी विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया। इस वर्ष की पोकर कार्यशाला में, उत्साहियों ने खेल के पीछे रही गाणितीय अवधारणाओं को जानने में काफी रुचि जताई।

व्यवसाय प्रबंधन एवं विशेषकर वित्तीय भूमिकाओं में मात्रात्मक तरीकों का उपयोग दिन-प्रति-दिन बढ़ता जा रहा है और यह इस तथ्य से रेखांकित हुआ है कि साक्षात्कारों में कम्पनियाँ पहेलियाँ रखती हैं। इस उद्देश्य के लिए, एबेकस क्लब ने टेसरऐक्ट समारोह का आयोजन किया, जिसमें क्लब ने हर दूसरे दिन पहेलियों का एक सेट ग्रीष्मकालीन नियोजन के एक महीने पहले भेजा ताकि छात्रों को अपने विश्लेषणात्मक एवं आँकड़ों के कौशलों का ज्ञान ताज़ा करने में मदद मिल सके।

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए छात्र जाए उससे पहले, उन्होंने प्रथम सत्र में जो सीखा है उसे परखने की अवधारणा से एबेकस क्लब एम.एस. एक्सेल पुनरावर्तन सत्रों का आयोजन करता है।

एबेकस ऐसी अधिक रमणीय घटनाओं के आयोजन के लिए तत्पर रहता है और विशेषकर, कॉन्फ़्लुअन्स और कैओस के दौरान जिनमें अन्य कॉलेजों के छात्र भाग लेते हैं और अपने मानसिक कौशलों की शक्ति को साबित करते हैं।

शैक्षणिक परिषद्

शैक्षणिक परिषद्, छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच एक अंतरफलक के रूप में कार्य करता है, प्रशासन के समक्ष छात्रों की जरूरतों का प्रतिनिधित्व करता है और शैक्षणिक नीति बनाने की प्रक्रिया में भाग लेता है।

शैक्षणिक परिषद् वर्तमान पाठ्यक्रमों की शिक्षण सामग्री एवं अध्यापन के तरीकों में बदलाव तथा सुधार के लिए सुझाव देने और नए पाठ्यक्रमों को अपनाने में छात्रों की प्रतिक्रिया देने तथा प्रोफ़ेसरों के साथ विचार – विमर्श करने के लिए उत्तरदायी है।

यह परिषद् प्रत्येक सत्र में छात्रों की सुविधा के लिए वैकल्पिक पंजीकरण प्रक्रिया के लिए एक गतिशील पाठ्यक्रम प्रक्रिया का आयोजन करता है। यह पाठ्यक्रमों के बीच के संघर्ष को कम करने के लिए पीजीपी कार्यालय के साथ काम करता है और इस तरह छात्रों को विस्तृत श्रेणी के ऐच्छिकों में से पाठ्यक्रमों के चयन हेतु सक्षम बनाता है।

इस वर्ष शैक्षणिक परिषद् तीन सत्रों के अंतर्गत 150 से अधिक ऐच्छिकों में कामयाब रही। पीजीपी, पीजीपी-एबीएम, पीजीपीएक्स, तथा एफ़पीएम कार्यक्रमों में पेशकृत ये उच्चतम आँकड़े हैं। इस परिषद् द्वारा एक व्याख्यान श्रृंखला की भी शुरूआत की गई, इसमें आईआईएमए के पूर्वछात्रों को आगंतुक वक्ताओं के तौर पर आमंत्रित किया गया।

आगामी वर्ष के दौरान, परिषद् की प्रोफ़ेसरों द्वारा परिचय विडियो उपलब्ध कराके और वरिष्ठ छात्रों की अनौपचारिक प्रतिक्रियाओं को व्यवस्थित करके ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के चयन में छात्रों को सहायता करने की योजना है। यह परिषद् छात्रों एवं संकायों के मध्य सक्रिय अंतरफलक के माध्यम से वर्तमान शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए पीजीपी कार्यालय के साथ भी कार्य करेगी। यह परिषद् ग्रेड के प्रसार के लिए एक ऑनलाइन पॉर्टल बनाने की भी योजना बना रही है।

कृषि व्यवसाय क्लब

एक भावुक टीम के साथ, कृषि व्यवसाय क्लब कृषि व्यवसाय में सर्वोत्तम प्रथाओं को लाने के प्रयास करता है जिसकी कल्पना में ग्रामीण समृद्धि के लिए कृषिव्यवसाय एक उपकरण के रूप में है। इस वर्ष के दौरान, इस क्लब ने कृषि व्यवसाय और उससे संबंधित डोमेन में प्रख्यात वक्ताओं के साथ वक्ता सत्रों की मेजबानी की।

इस क्लब ने व्यापक प्रतिभागियों को आकर्षित करते हुए *इनक्विज़िशन* (बहुउद्देश्यीय सामान्य ज्ञान एवं व्यवसाय क्विज़) जैसी गतिविधियों की मेजबानी की। इस क्लब ने ध्यान केंद्रित समूह चर्चाओं तथा कृषि व्यवसाय सम्मेलनों की मेजबानी की जिसमें इस उद्योग के दिग्गजों ने कृषि व्यवसाय क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की।

एक समर्पित अर्धवार्षिक पत्रिका "दी एग्रिबिज़नेस फ़ॉकस" और एक ब्लॉग "एग्रिबिज़नेस ऑन द रोड टू रुरल प्रोस्परिटी " के साथ यह क्लब मनोरंजन तथा ज्वलंत मुद्दों पर अपनी अंतर्दृष्टि के लिए अवसर प्रदान कराता है।

यह क्लब संस्थान और प्रमुख घटनाओं को महसूस करने के लिए छात्रों के लिए क्रोनोस – एमडीएमएस (मिड डे मिल स्किम - मध्याह्न भोजन योजना) के साथ कॉन्फ़्लुअन्स के कृषि व्यवसाय क्षेत्र का आयोजन करता है। ग्रामीण विपणन के लिए *रुरल क्रुसेडर्स* ने जबरदस्त भागीदारी को आकर्षित किया। इस बार *ग्रीन पहल* सभी छात्रों के लिए खुला था और फ्लैगशिप इवेंट्स पोर्टफोलियो के लिए *आविष्कार, व्यापार योजना प्रतियोगिता* का आयोजन किया गया।

सिंजेंटा चैलेंज में प्रमुख वक्ताओं को इस क्षेत्र की अंतरदृष्टि के लिए संभावनाएँ तलाशते देखा गया। गरीबों के लिए स्थायी आजीविका पैदा करने पर भी एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।

पूर्वछात्र सहभागिता कक्ष

पूर्वछात्र सहभागिता कक्ष का मुख्य लक्ष्य पूर्वछात्रों और छात्रों के बीच दीर्घकालीन संबंध बनाना है और छात्रों के बीच नेतृत्व विकास में सहायता करने के लिए पूर्वछात्रों को सक्षम बनाए रखना भी है।

सिंक्रोनी, जो कि पूर्वछात्र कक्ष के सहयोग से आयोजित एक *वार्षिक* मिलन है इसके आयोजन में विश्वभर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग में सम्मानित पूर्वछात्रों, और आईआईएमए के वर्तमान एवं भावि छात्रों

को एकसाथ लाया गया। संस्थान के विभिन्न हितधारकों के लिए सिंक्रोनी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतर्क्रिया के लिए एक मंच है। सिंक्रोनी 2012 का आयोजन दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, बैंगलुरू, पुणे, कोलकाता, हैदराबाद, सिंगापुर, हाँगकाँग, और लंदन में किया गया। इस इवैंट में कई कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इससे नेटवर्क के लिए एक शानदार अवसर उपलब्ध हुए और दिग्गजों के साथ अच्छे अनौपचारिक संबंध स्थापित करते हुए व्यवसाय की खूबियाँ सीखी गई।

हर वर्ष पूर्वछात्र प्रकोष्ठ, पूर्वछात्रों को अपनी मातृसंस्था में वापस लाने के प्रयास में विभिन्न बैचों के लिए पुनर्मिलन समारोह की मेजबानी करता है। पुनर्मिलन समारोह पूर्वछात्रों एवं उनके परिवारों को अपने बैच के साथियों से मिलने, अपने अनुभवों को बाँटने, एक दूसरे के साथ नेटवर्क बनाने, और संस्थान के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं। प्रसन्न चेहरों और उत्साहित अभिव्यक्ति से समग्र परिसर में उत्साह की विशेष भावना फैल जाती है। अपने आदर्श स्वरूप पूर्वछात्रों के साथ निकटता से बातचीत करने से वर्तमान छात्र काफी खुश एवं बहुत उत्साहित महसूस करते हैं। इस वर्ष 1972, 1988, 1992, 1997 एवं 2002 के बैचो के पुनर्मिलन हुए।

पूर्वछात्र प्रकोष्ठ पूर्वछात्रों द्वारा अतिथि व्याख्यानों की श्रृंखला का भी आयोजन करता है। इससे छात्रों के लिए विभिन्न उद्योगों के प्रारंभिक ज्ञान और उद्योग जगत के दिग्गजों की तरफ से कैरियर के रास्ते तय करने का बड़ा अवसर उपलब्ध होता है।

पूर्वछात्र प्रकोष्ठ ने एक स्मारिका के तौर पर पूर्वछात्र पहचान पत्र वितरित करना प्रारंभ किया, और संस्थान के साथ उनके सहयोग की पहचान भी दी। पिछले वर्ष से प्रारंभ यह पहल, वर्ष 2011 बैच में स्नातक हुए छात्रों को पूर्वछात्र पहचान पत्र देने के साथ शुरू हुई है। संस्थान की स्थापना के बाद से स्नातक हुए, सभी पूर्वछात्रों को ये पहचान पत्र भेजने के प्रयास जारी हैं।

बीटा

बीटा का उद्देश्य एक शैक्षणिक अनुशासन के साथ में कैरियर के विकल्प के रूप में वित्त में रूचि को बढ़ावा देना है। क्लब ने कई राष्ट्रीय स्तर की वित्तीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

बीटा वित्त में कैरियर लक्षित छात्रों को निरंतर मार्गदर्शन एवं परामर्शन प्रदान करती है। यह बीटा आज का शब्द (डब्ल्यूओटीडी) तथा बीटा दैनिक श्रृंखला, बीटा प्राइमर, आरईएम श्रेणी, तथा बीटा मार्गदर्शक कार्यक्रम के द्वारा किया जाता है। डब्ल्यूओटीडी तथा दैनिक श्रृंखला का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय अवधारणाओं की समझ एवं वित्तीय समाचारों से अद्यतन करने में सहायता करना है। इन प्रकाशनों के लिए पाठक वर्ग की संख्या में समग्र भारत के बी-स्कूलों की 50 प्रतिशत से भी अधिक सदस्यता शामिल हुई है।

ग्रीष्मकालीन नियोजन से ठीक पहले बीटा मार्गदर्शक कार्यक्रम का आयोजन होता है और इसका लक्ष्य कैरियर के विकल्प के रूप में वित्त में प्रथम वर्ष के छात्रों की रुचि जगाना है। इनमें से प्रत्येक को द्वितीय वर्ष के बीटा सदस्य बनकर मार्गदर्शक बनने का कार्य सौंपा जाता है।

इस वर्ष, इस क्लब ने प्रसिद्ध ब्लूमबर्ग योग्यता कसौटी (बैट) का आयोजन किया जिससे वैश्विक स्तर पर अपने साथियों के साथ अपने वित्तीय ज्ञान के मापदंड में छात्रों को सहायता मिली। पूरे वर्षभर इस क्लब ने बीटा व्याख्यान श्रृंखला की मेजबानी की जिसमें प्रारंभ में प्रोफ़ेसर जयंत वर्मा द्वारा *उप प्राथमिक संकट* पर वार्ता हुई। इस श्रृंखला के हिस्से के रूप में, श्री भावतोष वाजपाई, प्रबंध निदेशक एवं प्रमुख, इंडिया इक्विटीज़, बार्कलेस तथा पूर्वछात्र, ने *वित्त में रोजगार : मिथक और वास्तविकताएँ* पर वार्ता की।

डीबी सीआईबी केन्द्र के सहयोग में बीटा ने वित्त पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया जिसमें श्री राजेश तोलानी, ग्लोबल मार्केट इक्विटी टीम के व्यवसाय अध्यक्ष और बिश्वरूप चक्रबोर्ती, वरिष्ठ उप

प्रमुख, डच बैंक सीआईबी केन्द्र ने भाग लिया।

इस क्लब ने *फिनोमिना, वित्त शिखर सम्मेलन,* और *एक्सचेकर - राष्ट्रीय वित्त प्रतियोगिता* नाम से चार दिवसीय अंतर आईआईएम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। एक सप्ताह तक चलने वाले *फिनोमिना* वित्त उत्सव में वक्ता श्रृंखला तथा प्रतियोगिताओं जैसे आयोजनों के साथ प्रथम वर्ष के छात्रों को वित्त जगत् में एक परिचायात्मक मंच प्रदान किया गया।

एक्सचैकर (राजकोष), राष्ट्रीय स्तर की वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन बीमा, पुनर्बीमा व कार्मिक लाभ व्यवसाय पर ब्रिटिश आधारित अग्रणी ग्रुप जार्दिन लोयड थोम्पसन ग्रुप के सहयोग में बीटा द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के तीसरे संस्करण में देश के शीर्ष 40 बी-स्कूलों से छात्रों ने भाग लिया, और *विज़ार्ड्स ऑफ़ फ़ाइनेंस* का ताज जीत लिया और एक लाख रुपए के पुरस्कार का दावा किया गया। यह इस तरह का पहला ऐसा वित्त इवैंट बना रहा जो किसी वैश्विक बिजनेस स्कूल में आयोजित होने वाला था और केवल निमंत्रण पर पूँजी बाजारों, निवेश बैंकिंग, निजी इक्विटी, तथा बीमा के चार वित्तीय कार्यक्षेत्रों में प्रतिभागियों का परीक्षण हुआ। इसके साथ ही इस इवैंट के समापन पर परिसर में एक ऑनलाइन व्हॉटदफ़िन पहेली और एक व्याख्यान श्रृंखला का भी आयोजन किया गया। बाद में इस इवेंट में अग्रणी वक्ता जैसे कि श्री श्रीवत्स कृष्ण, राष्ट्रीय टॉपर, आईएएस (1994) और विश्व अर्थव्यवस्था मंच (2003) पर शीर्ष 100 अग्रणियों में से एक; श्री सुदीप नायर, व्यवसाय ट्रांसफ़ोर्मेशन प्रमुख, जार्दिन लोयड थोम्पसन ग्रुप; और श्री प्रशांत गिरबाने, निवेश प्रबंधक एवं उद्यमी जो पहले टीसीएस कैपिटल मार्केट और राष्ट्र संघ में रहे, उपस्थित थे।

इस क्लब ने इस वर्ष *दी एफिसियन्ट फ़्रन्टियर* (टीईएफ़) नाम से अपने फ़्लैगशिप प्रकाशन का 12वाँ संस्करण शुरू किया जिसमें 30,000 रुपए के प्रथम पुरस्कार वाली लेखन प्रतियोगिता भी थी। इस पत्रिका में दुनिया के वित्तीय संस्थानों के कुछ प्रमुखों के विचारों वाले लेख प्रकाशित हुए और कोर्पोरेट गृहों तथा व्यवसाय स्कूलों में व्यापक रूप से इसे पढ़ा जाता है। इस वर्ष के संस्करण में परिवर्तन पर प्रकाश डालते प्रमुख वित्तीय समारोहों/विचारों जो कि वैश्विक रूप से तथा राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय क्षेत्रों में हुए उन्हें शामिल किया गया।

कम्प्यूटर केन्द्र समिति - सीसीसी

कम्प्यूटर केंद्र समिति अथवा सीसीसी के रूप से परिसर में हर जगह जाना जाता है, यह क्लब परिसर में छात्रों की आईटी की बुनियादी जरूरतों को संभालता है और संस्थान के प्रशासन में छात्रों के प्रतिनिधि के रूप में कार्यकारी बनते हुए छात्रों के आई टी संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है।

सीसीसी, अपने लैपटोप थोक सौदे और नवांगतुक छात्र अंतर्क्रिया समूह से, आने वाले नए बैच के छात्रों के साथ बातचीत करने का अनूठा विशेषाधिकार प्राप्त करता है। परिसर में छात्रों के रोजमर्रा जीवन को सीसीसी छूता है इसलिए इसके संबंध काफी मजबूत बने रहते हैं, फिर चाहे लैन व वाई-फाई नेटवर्क के माध्यम से हों, प्रिन्टर, संस्थान का मेल-बॉक्स अथवा डीबैब हो।

हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय सौदे हुए हैं जिनमें मोबाइल फोन कनैक्शन के लिए माइक्रोसॉफ़्ट विन्डोज़-ऑफ़िस सौदा, बाहरी एचडीडी, डाटा काड्र्स और सीयूजी थे। हालाँकि परिसर में अब तक का सबसे महत्त्वपूर्ण और सबसे बड़ा सौदा लैपटोप सौदा है। पिछले वर्ष, इस सौदे से अन्य आईआईएम से सहयोग करते हुए, आँकड़ों की शक्ति पर मोलभाव का उपयोग करते हुए बड़े डिस्काउंट पर प्रभावी ढंग से लेन-देन की सौदेबाजी देखने को मिली थी।

पिछले वर्ष प्रौद्योगिकी के पक्ष में कम्प्यूटर केन्द्र समिति ने महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। इसमें सरलता से वाई-फ़ाई से एंड्रोइड ऐप के साथ कनेक्शन बनाया गया। केवल एक क्लिक के साथ सीधे ही वाई-फ़ाई

ऐप स्थापित हो जाता है। स्थानीय सर्वर से प्रेरित एक ऑनलाइन संगीत पॉर्टल भी सीसीसी ने बनाया है।

वैब ऐप्स बनाना एक नयापन है जो हाल ही में शुरू हुआ है। एक ऑनलाइन छात्र सूचना निर्देशिका भी बनायी गई ताकि बैच के सहपाठियों के सम्पर्क विवरण या पृष्ठभमि के बारे में पत लगाया जा सके। द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए बैच-प्रोफ़ाइल टूल बनाया गया जो एक और महत्त्वपूर्ण ऐप था, यह ग्रीष्मकालीन नियोजन के दौरान प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए काफी उपयोगी रहा।

कैओस

संस्थान ने अपने वार्षिक सांस्कृतिक साहित्यिक-संगीतमय उत्सव की मेजबानी करते ही उत्साहोन्माद एवं आनंदोल्लास का वातावरण बन गया। ऐयरटेल, के सहयोग में कैओस महा उत्सव का आयोजन 20 से 23 दिसम्बर, 2012 के दौरान हुआ। भारत के सबसे बड़े बिजनेस स्कूल के सांस्कृतिक महोत्सव के रूप में कैओस भारी भीड़ को आकर्षित करते हुए, समारोहों एवं प्रदर्शनों की मेजबानी करते हुए, उम्मीदों पर खरा उतरा।

विशेष श्रेणियों और समारोहों के साथ फैश पी, (फ़्लैगशिप फ़ैशन महोत्सव), व्हाय सो सीरियस (अनौपचारिक), फ़िल्मी खेल, स्पेलिंग बी, तथा विविध खेलों के सहित ललित कला, अभिनय, साहित्य और प्रश्नोत्तरियाँ, नृत्यकला तथा धून आदि प्रकार के समारोहों को कैओस महोत्सव में प्रदर्शित किया गया। इस समारोह के प्रत्येक दिन के अंत में विशाल-शेखर, गौरव दागाँवकर, तथा डिस्क जॉकी शान जैसे प्रसिद्ध कलाकारों के शानदार संगीत समारोह भी समर्थक के तौर पर शामिल किये गए।

कैओस के पहले दिन नृत्यकला - फ़्लैगशिप समूह नृत्य प्रतियोगिता के प्रारंभिक एवं आखिरी मुकाबले के प्रदर्शन को प्रस्तुत किया गया। कैओस में इस वर्ष अन्य एक अद्वितीय समारोह - स्पैल बी - के प्रारंभिक मुकाबले का भी आयोजन हुआ। एक पूर्वछात्र गौरव दागाँवकर द्वारा इस दिवस का समापन समकालिकों की विशिष्टता के साथ हुआ।

कैओस टीम द्वारा डिजाइन किए विशेष संगीत समारोहों – ब्लिज़ार्ड्स ऑफ़ रॉक तथा एट वर्ल्ड्स ऐंड, ब्लिज़ार्ड्स ऑफ़ रॉक - के साथ दूसरे दिन का आरंभ हुआ। इस अर्ध समर्थक रॉक बैंड प्रतियोगिता में अहमदाबाद में बाहर से आए सात बैंड्स को लघुसूचीकृत किया गया और रॉक के कड़े मुकाबले में उन्होंने अपना प्रदर्शन दिखाया। इस दिन के अन्य प्रमुख आकर्षणों में पॉटपूरी, सोलो डान्स, गैमिंग तथा अनौपचारिक शामिल थे। ब्लिज़ार्ड्स ऑफ़ रॉक प्रतियोगिता तथा बैंड सउलमैट से निकले अंतिम प्रतियोगियों सहित रॉक नाइट का आरंभ थिंक फ़्लोयड, भारत के सबसे बड़े तथा एकमात्र पिंक फ़्लोयड को श्रद्धांजली शॉ द्वारा प्रदर्शन के साथ हुआ।

पहले दो दिन तक इस महोत्सव के लिए संगीत ही केन्द्र बिंदु बना रहा तो तीसरे दिन फ़ैशन ही प्रमुख आकर्षण बना रहा। फ़ैश-पी प्रतियोगिता, जो कैओस के समारोहों में सर्वाधिक प्रतीक्षित समारोह है, उसमें देशभर से एनआईडी सहित शीर्ष पुरस्कार जीतने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दिन अन्य प्रतियोगिताएँ भी शामिल थीं जिसमें वेस्टर्न सोलो गायक, जोड़ी नृत्य प्रतियोगिता और एक सालसा

कार्यशाला जैसी प्रतियोगिताओं से काफी लोग आकर्षित हुए। इस दिन की समाप्ति इलैक्ट्रोनिक संगीत व नृत्य उत्सव कैओस सनबर्न के साथ हुई।

आखिरी दिन बॉलिवुड की प्रसिद्ध हस्तियों में से विशाल दादलानी और शेखर रावजानी ने बॉलिवुड़ नाइट प्रदर्शन किया। इस दिन तेजी लोकप्रिय हो रहे दक्षिण अमेरिकी नृत्य बेचटा वर्कशोप, पेन्सिल स्केचिंग प्रतियोगिता तथा फ़िल्म *रॉकेट ब्वाय* का प्रदर्शन जैसी अपरम्परागत घटनाएँ भी आयोजित हुई। और जैसे कि परीकथाओं में ज़ोम्बियों तथा पिशाचों का एक स्थान होता है व लोग उनमें विश्वास करते हैं, इस महोत्सव के अंतिम दिन भारत की पहली मूल ज़ोम्बी फ़िल्म, *राइज़ ऑफ़ द ज़ोम्बी* की टीम ने भी कैम्पस पर अपना प्रदर्शन किया। चार दिवसीय इस महोत्सव को बड़ी सफलता मिली वो ही एक महानतम नवीनता व लोकप्रियता को एक उपयुक्त श्रद्धांजलि थी।

कॉन्फ्लुअन्स

आईआईएमए का अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय स्कूल शिखर सम्मेलन *कॉन्फ़्लुअन्स* अपनी तरह का सबसे बड़ा एशिया प्रशांत क्षेत्र का सम्मेलन है। इसे विश्वस्तर पर काफी गौरवपूर्ण स्थान मिला है और प्रमुख महाविद्यालयों के छात्रों को व ऐसे ही अग्रणी उद्योग प्रमुखों को यह अपने ओर आकर्षित करता है। कॉन्फ़्लुअन्स 2012 में सत्रों के साथ साथ अद्वितीय कार्यशालाएँ जिनमें व्यवसाय जगत् के आला दर्जे के महत्त्व के विषयों को लिया गया, और अग्रणी वक्ताओं द्वारा उत्तम व्याख्यानों, अंतर्क्रियात्मक चर्चाओं, तथा प्रतिस्पर्धात्मक समारोहों को शामिल किया गया। वित्त, विपणन, नीति, रणनीति, तथा प्रबंधन के कृषि व्यवसाय क्षेत्रों में 22 प्रतियोगिताएँ रखी गई थी। इन प्रतियोगिताओं में कुछ विदेशी संस्थानों की प्रविष्टियों सहित देशभर से लगभग 16,000 छात्रों ने भाग लिया। अर्थव्यवस्था और प्रबंधन में वर्तमान चुनौतियों को प्रतिबिंबित करते हुए छह नए समारोह आयोजित हुए। सामाजिक कल्याण में सुधार के लिए प्रबंधन के तहत *गैर सरकारी संगठन चलना* और *उद्देश्यपूर्ण अभियान* जैसे समारोहों के माध्यम से भी समाज कल्याण को आगे बढ़ाया गया। *उद्देश्यपूर्ण अभियान* के लिए सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता लाने के लिए एक वीडियो बनाना जरूरी था इसलिए अपने संचालनों में सुधार लाने के सुझावों के लिए छात्रों ने एक दिन गैर सरकारी संगठन में बिताया था। कॉन्फ़्लुअन्स 2012 में व्यवसाय कार्यशाला और मास्टर प्लान : भारत की सबसे बड़ी व्यवसाय योजना प्रतियोगिता जैसी प्रमुख घटनाओं की एक किस्म भी शामिल थी।

श्री एम.वी. टंकसाले

श्री पैट्रिक फोलिस

श्री अरविंद लाल

श्री क्रिस ग्विलबो

श्री महेश मूर्ति

परम वीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव

श्री अमीष त्रिपाठी

श्री विरेन रासकिन्हा

इस वर्ष इस शिखर सम्मेलन का विषय था–"हवा का बदलता रूख : नेतृत्व के नए मानदंड"। सुश्री देबजानी घोष, श्री अरिन्दम् भट्टाचार्य, श्री सुधीर वासुदेरा, श्री एम.वी. टंकसाले तथा श्री पैट्रिक फोलिस जैसे व्यवसाय अग्रणियों को और श्री अरविंद लाल, श्री क्रिस ग्विलबो, तथा श्री महेश मूर्ति जैसे उद्यमियों को ढेर सारे वक्ताओं के तौर पर शामिल किया गया। परम वीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव, श्री अमीष

त्रिपाठी तथा श्री विरेन रासकिन्हा द्वारा साझा की गई कहानियों ने श्रोताओं को जकड़कर रखा।

एफ़आईसीसीआई (फ़िक्की) के सहयोग में एक गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया इसमें सरकारी, उद्योग एवं शिक्षा क्षेत्र से वक्ताओं ने एकत्र होकर भारत में बढ़ते युवा रोजगार के मुद्दे पर चर्चा की। प्रख्यात हस्तियों के इस पैनल में सुश्री जयंती रवि, डॉ. अक्षय अग्रवाल और श्री विशाल मेहता शामिल थे।

तीन दिनों तक चले इस शिखर सम्मेलन में आईआईएमए समुदाय के काफी उत्साही प्रतिभागियों को देखा गया। संगठित समिति के सदस्यों के लिए यह सम्मेलन वास्वविक जीवन प्रबंधन में सीखने का बड़ा अनुभव साबित हुआ।

परामर्श (कन्सल्ट) क्लब

प्रबंध परामर्शन के व्यवसाय में उत्कृष्टता का अनुसरण करने वाले छात्रों के लिए **परामर्श** क्लब एक संगठन है। यह क्लब व्यवसाय की समझ विकसित करने एवं बढ़ाने हेतु तैयार गतिविधियों के माध्यम से छात्रों, संकायों, पूर्वछात्रों और व्यवसायियों के बीच बातचीत के लिए अवसर प्रदान करता है।

इस क्लब ने क्षेत्र आधारित केस अध्ययनों के बारे में क्लब के प्रमुख इवैंट - सेक्टोरामा 2012 का अत्यंत सफल आयोजन किया। इसमें 80 बी-स्कूलों की 2000 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स एवं स्वास्थ्य देखभाल, खुदरा बिक्री, टैकनोलॉजी, मीडिया एवं टैलिकोम, ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाएँ, और ऊर्जा जैसे क्षेत्र शामिल थे।

इस क्लब के साथ प्रोक्टर एंड गैम्बल ने ग्राहक एवं बाजार ज्ञान (सीएमके) के बारे में अपने रणनीति अनुकार खेल का आयोजन करने में सहयोग किया। पिछले वर्ष में यह इवैंट दो बार आयोजित किया गया था – पीजीपी-1 छात्रों के लिए अक्टूबर में और पीजीपी-2 छात्रों के लिए फरवरी में। प्रत्येक इवैंट में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

इस क्लब ने आईआईएम-बैंगलुरू और आईआईएम-कोलकाता के परामर्श क्लबों के सहयोग में आउदिरे नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया। इस वर्ष की आउदिरे पत्रिका ने के.वी. कामथ (अध्यक्ष –इनफोसिस लिमिटेड एवं गैर-कार्यकारी अध्यक्ष - आईसीआईसीआई बैंक) और संजीव बिखचंदानी (संस्थापक एवं सी ई ओ– नौकरी डॉट कॉम) जैसे प्रमुख व्यक्तियों के साक्षात्कार को प्रकाशित करके अपने मानक बढ़ा दिये। इस पत्रिका में तीनों आईआईएमों के छात्रों के भी लेखों को प्रकाशित किया गया। इस क्लब ने एक मासिक समाचार पत्र पैनोरामा का भी प्रकाशन किया जिसमें इस क्षेत्र के मुख्य वाहकों, ऊभरती प्रवृत्तियों, प्रमुख खिलाड़ियों, और विनियामकों एवं नीतियों में परिवर्तन के प्रभाव का विश्लेषण समाहित किया गया।

यह क्लब बॉलीवुड के व्यापार को लेकर सार्वजनिक क्षेत्र में प्रबंधन विषयों के बारे में लेखों के साथ अपने ब्लॉग का रखरखाव करता है। इस क्लब ने आईआईएमए केस बुक के अद्यतन संस्करण का प्रकाशन किया है जिसमें परामर्श कम्पनियों द्वारा ग्रीष्मकालीन और अंतिम नियुक्ति के दौरान आयोजित केस साक्षात्कारों के लेख हैं जो छात्रों को अपनी परामर्शन नियुक्तियों के लिए बेहतर तैयारी करने में मददगार होते हैं।

सांस्कृतिक समिति

इस वर्ष, सांस्कृतिक समिति (कल्टकॉम) ने पीजीपी-1 की टी-शर्ट्स के लिए विचारों पर चर्चा करके अपनी गतिविधियों को शुरू किया। विशेष आदर्श वाक्य ***मजाकिया शीर्षकों के लिए समय नहीं है*** के साथ डिजाइनकृत ये टी-शर्ट्स रोचक एवं ध्यानाकर्षक डिजाइन वाले हैं।

जन्माष्टमी के अवसर पर पाँच सेक्शनों के नवांगतुकों एवं पुराने छात्रों के बीच रस्साकशी मची और जीतने की कड़ी टक्कर देखी गई। इस उच्च एड्रेनालाईन अवसर पर कट्टर शारीरक मजबूती का प्रदर्शन हो जाता है। इस अवसर पर मटकीफोड़ का आयोजन छात्रावासों के मध्य रखा गया था।

पाँच दिवसीय गणेश महोत्सव ने आईआईएमए समुदाय को रोमांचित कर दिया। भगवान गणेश की स्तुति में पूजा के साथ इस महोत्सव का प्रारंभ हुआ। इस महोत्सव के समापन पर गणेशजी की प्रतिमा के विसर्जन का जुलूस पूरे परिसर में निकाला गया।

कल्टकॉम ने आईआईएमए में रास गरबा का भी आयोजन किया, इसमें आईआईएमए समुदाय से व साथ ही साथ माइका (एमआईसीए), एनआईडी, निफ़्ट (एनआईएफ़टी), तथा सैप्ट (सीईपीटी) जैसे अन्य महाविद्यालयों से भी 1200 से अधिक लोग आए थे।

फुटलूज़ के सहयोग में आयोजित गरबा नृत्य कार्यशाला में आईआईएमए समुदाय के प्रतिभागियों में काफी उत्साह देखा गया।

एबेकस के सहयोग में आयोजित, पोकर नाइट अपनी तरह का पहला प्रसंग था। इस इवैंट का उद्देश्य कैम्पस में विकसित हो रही पोकर समुदाय की पीढ़ी को इसमें शामिल करना था। इसमें मँझे हुए विशेषज्ञ खिलाड़ियों से इस जंग में प्रत्येक व्यक्ति रत रहा और रातभर अपने दिमाग पर जोर देते रहे।

मेसकॉम के सहयोग में आयोजित, ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए प्रथम वर्ष के सभी छात्रों की नियुक्ति की पार्टी मनाई गई। इसमें पूरे आईआईएमए समुदाय को शानदार रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया गया और उसके बाद संगीत, नृत्य, तथा डीजे के शानदार संगीत के साथ जश्न मनाया गया।

वाक्पटुता (इलोकन्स)

सार्वजनिक बोलचाल क्लब, इलोकन्स ने जिन छात्रों को सार्वजनिक भाषण, संचार एवं नेतृत्व कौशलों में सुधार करने में रूचि है उन्हें रविवार की साप्ताहिक बैठक के साथ मदद करने का प्रयास जारी रखा है। प्रारंभ में, टोस्टमास्टर्स पद्धति का पालन किया गया, परन्तु बाद में आईआईएमए समुदाय की आवश्यकताओं के अनुरूप करने के लिए अनुकूलित किया गया।

रविवार के ये सत्र छात्रों के प्रेम तथा राजनीति विषयक आशु-भाषण तथा गरम बहस द्वारा विवादों के प्रदर्शन के साथ भीड़ से भरे हुए रहे। सदस्य सक्रिय रूप से प्रतिभागियों को शारीरिक भाव भंगिमाओं, शब्दों के सटिक उपयोग और सही सामग्री के बारे में प्रतिक्रिया देते थे।

रैंडम सेक्शन के मजाक से भरे जीवंत अनुभव ऐसे थे जिसका प्रतिभागियों को उत्सुकता पूर्ण इंतजार रहता था। इसके बाद सोमवार को मन-डे मस्ती होती थी जिसमें सोमवार को आईआईएमए समुदाय को एक विजेता मेल भेजा जाता था।

एंत्रे

जब क्लबों के नाम आते हैं तो एक ही नाम आता है जो अपारम्परिक और जोखिम लेने वाला है। यह नाम है एंत्रे, उद्यमिता क्लब। इस क्लब ने नवाचार, ऊष्मायन एवं उद्यमिता केन्द्र के साथ मजबूत संबंध स्थापित किया है, जिससे छात्रों को अपने स्वप्नों को पूरा करने के काफी अवसर प्राप्त हुए हैं।

यह कहना गलत नहीं होगा कि एंत्रे क्लब धीरे धीरे छात्रों द्वारा देखे जा रहे उद्यमिता के तरीके को पुनः परिभाषित कर रहा है। अक्टूबर 2012 में आयोजित एंत्रे मेला जैसे समारोह न केवल भारत में अपितु अन्य कई देशों में भी उद्यमिता को बड़े तौर पर बढ़ावा देते हैं। जिस जगह पर एंत्रे स्टोर शुरू किया गया, इसे ब्रिक्स के रूप में परिभाषित किया गया है। आज, ब्रिक्स आईआईएमए की वस्तुएँ बेचने का ही स्टोर नहीं

है बल्कि वह छात्रों को अपने विचारों को वास्वतिकता में रूपांतरित करने का मंच भी प्रदान करता है।

इस वर्ष स्वप्नों के पीछे दौड़ने वालों की श्रृंखला की उत्पत्ति हो गई। जिन पूर्वछात्रों ने अपने स्वप्नों की दौड़ लगाई उन्हें छात्रों के साथ अनौपचारिक वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही, प्रौद्योगिकी उद्यमिता क्षेत्र में अन्य प्रसिद्ध व्यवसायियों को भी वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया था। लोगों को अपने विचारों को साझा करने और विशेषज्ञों से निर्णायक अनुभव जानने के लिए अक्टूबर में एक बूटकैम्प का भी आयोजन किया गया।

इस क्लब ने सीआईआईई की आईआईएम मैवरिक्स 2013 की पहल को भी समर्थित किया। यह क्लब जो छात्र उद्यमिता का पालन करना चाहते हैं उनके लिए एक अनुकूलित समर्थन प्रणाली विकसित करने के बारे में विचार करता है और उसके लिए छात्र गतिविधि केंद्र (एसएसी) और प्रशासन के साथ भी निरंतर कार्यरत है।

साम्यावस्था (इक्विपोइज़)

अर्थशास्त्र में रूचि को पोषित करने की एक दृष्टि के साथ इक्विपॉइज़ क्लब चलाया जाता है। अग्रणी प्रबंध स्कूल का एक हिस्सा होते हुए, समारोहों के आयोजन करके पहले से विषय के व्यवहार्य पहलुओं को सामने लाने का प्रयास यह क्लब करता है जिसमें यथार्थवादी व्यवसाय परिदृश्यों में आर्थिक सिद्धांतों के कार्यान्वयन शामिल हैं।

इस वर्ष क्लब ने तीन नए समारोह आयोजित किए : टैलेन्ट स्टॉक एक्सचेन्ज, चाणक्य की चुनौती, और मुद्रा जंग। टैलेन्ट स्टॉक एक्सचेन्ज का आयोजन टी-नाइट के दौरान हुआ और टी-नाइट में प्रतिभागियों को अपने सैक्शन के प्रदर्शन की भविष्यवाणी करने की अनुमति थी। व्यापक रूप से मंद आर्थिक औचित्य के खिलाफ़ सैक्शन की वफादारी खड़ी थी। चाणक्य की चुनौती का आयोजन पबपोल एसआईजी के समन्वय में हुआ, जो एक सार्वजनिक नीति एवं आर्थिक प्रश्नोत्तरी के रूप में था। इस समारोह में 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। बृहत् अर्थशास्त्र तथा नीति निर्माण पर आधारित नवीन प्रारूप और पेचीदा प्रश्नों को इसमें काफी सराहा गया। मुद्रा जंग एक वेब आधारित मुद्रा पॉर्टफोलियो अनुकार था। यह प्रतियोगिता दो महीने तक चली और इसमें विदेशी मुद्रा बाजार के बारे में जागरूकता एवं रूचि पैदा की गई।

इक्विपोइज़ क्लब ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए "क्विज़-मास्टर्स" का आयोजन किया। यह काफी लोकप्रिय प्रतियोगिता है। इससे छात्रों को पीजीपी कार्यालय के समक्ष जाने से पहले क्या हो सकता है उसका अनुमान लगाने का अवसर मिलता है। जबकि प्रारंभ में छात्रों को लगा कि उनका कोड अब पक्का हो गया है परन्तु पीजीपी कार्यालय ने फिर से पूरे बैच को आश्चर्य में डाल दिया था।

इक्विपोइज़ ने सूक्ष्म अर्थशास्त्र एवं बृहत् अर्थशास्त्र पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों के लिए उपचारात्मक सत्रों का आयोजन कर दिया था। ग्रीष्मकालीन नियुक्ति से ठीक पहले, क्लब के पुराने सदस्य छात्रों ने वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बारे में एक समाचार सुधारात्मक सत्र आयोजित किया।

कॉन्फ्लुअन्स के दौरान, इक्विपोइज़ क्लब ने बजट, नीति निर्माण समारोह का आयोजन किया। इसमें देशभर से लगभग 150 से अधिक टीमों ने भाग लिया। टीम को एक ऑनलाइन राउंड पार करना था और इसके बाद अंतिम चयनित प्रतियोगियों को किसी देश का परिकल्पित केस अध्ययन दे दिया गया। सामाजिक-राजनीतिक डाटा का उपयोग करते हुए, इन टीमों को राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति के साथ प्रस्तुत होना था।

ग्रीष्मकालीन नियुक्ति से ठीक पहले कैलिडोस्कोप का उल्लेखनीय प्रकाशन हुआ। हाल ही के आर्थिक समारोहों के एक वैश्विक निवेश आयोजनों को इसमें प्रस्तुत किया गया। इको-कोन्सेप्ट्स, एक नियमित

मेलर (पत्राचार) में मुख्य आर्थिक परिकल्पनाओं के संक्षिप्त सारांशों को समाहित किया गया है। इस क्लब का वेबसाइट अब प्रकाशनों का पूरा संग्रह भी उपलब्ध कराता है।

विनिमय परिषद्

सितम्बर से दिसम्बर तक की अवधि एक तरफ नवागंतुक छात्रों के लिए तनावपूर्ण होती है, तो दूसरी तरफ कई पुराने छात्रों के लिए काफी उदास मनोदशा वाली होती है। इस परीक्षण के समय पर उनके मूड को सही करने के लिए एक क्लब है वह है, विनिमय परिषद्।

अधिकृत रूप से यूरोप से आने वाले और संस्थान से जाने वाले छात्रों के लिए छात्र विनिमय कार्यक्रम की सुविधा प्रदान करते हुए विनिमय परिषद् ने इस प्रक्रिया को सहज, सुखद एवं यादगार वैश्विक अंतर्दृष्टि को आत्मसात् करने का प्रयास किया है। बाहर जा रहे पुराने छात्रों के लिए जरूरी प्रत्येक वस्तु - मुद्रा, वीज़ा और सबसे महत्त्वपूर्ण यूरेल पास से लेकर बैकपैक तक के लिए सरल पहुँच और बेहतर वस्तु विनिमय के थोक सौदे का आयोजन करके - इस परिषद् ने यह सुनिश्चित किया कि छात्रों के पास विनिमय सत्र के लिए आवश्यक सब कुछ आ चुका है।

आगंतुक छात्रों का पंजीकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रत्येक छात्र के लिए दोस्त निर्दिष्ट करते हुए, अपने ठहराव के दौरान सभी पूछताछ के लिए परिषद् ने एक संपर्क सूत्र का आश्वासन दिया। आने वाले छात्रों को छात्र समुदाय से मिलाया गया और परिषद् द्वारा नियमित पार्टियों, जन्मदिन समारोहों तथा समुदाय के समारोहों में भाग लेने के लिए उनको आमंत्रित करने के साथ उस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए मदद की गई। परिषद् ने जोधपुर, जयपुर, गोवा तथा आगरा और अन्य शहरों के दौरे के लिए भी उनकी मदद की।

एक स्मारिका के रूप में, विनिमय छात्रों को भारत भर में अपनी यात्रा और खासकर, आईआईएमए की पहचान बताते हुए टी-शर्ट्स दिए गए। वे कई मित्रों, देश के सर्वोत्तम प्रबंधन कार्यक्रम के शैक्षिक अनुभव और ताज के प्यार के साथ बाहर गए तभी पुराने छात्र उच्च भावनाओं के साथ वापिस लौट आए। विनिमय परिषद् ने नवांगतुक छात्रों के लिए एक संक्षिप्त परिचय एवं जानकारी हस्तांतरण सत्र का आयोजन किया जो आगामी वर्ष में आवेदन करने वाले हों और इसमें सभी आवश्यक यात्रा संबंधित जानकारी भी साझा की गई।

संकाय छात्र सहभागिता

संकाय छात्र सहभागिता (एफएसआई) प्रकोष्ठ संकाय सदस्यों एवं छात्रों के बीच अनौपचारिक संबंधों एवं बातचीत को बढ़ावा देता है। यह प्रकोष्ठ नियमित रूप से शिक्षक-छात्र रात्रिभोज, क्रिकेट मैच, प्रकृति में टहलना, और सामान्य विषयों पर विचार विमर्श जैसे इवैंट्स का आयोजन करता है जिससे प्रोफसरों और छात्रों के बीच की सीमारेखा को धुंधला किया जा सके और सोच तथा विचारों का एक परस्पर विनिमय हो सके।

इसके लिए, एफ़एसआई ने कॉफ़ी विथ प्रोफ़ेसर का आयोजन किया जो छात्रों और संकाय के साथ शांति से बातचीत करने का एक मंच प्रदान करता है, जहाँ आप उनसे कुछ भी और सबकुछ एक छत के नीचे पूछ सकते हैं, चाहे वह शिक्षाविदों, वन्य जीवन, खेलकूद अथवा साहस के बारे में हों।

5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया गया। छात्रों ने अपने दुलारे प्रोफेसरों के लिए अद्भुत इवेंट्स की बाद एक श्रृंखला रखी थी। प्रोफेसरों ने छात्रों के साथ अपने पढ़ाने के अनुभवों और अपने छात्र जीवन के अनुभवों को भी साझा किया। शिक्षक दिवस समारोह का मुख्य आकर्षण, अनुकूलित स्मृतिचिन्हों और छात्रों के संदेशों वाले ग्रीटिंग कार्डों से प्रोफेसरों को पहचानना एवं सम्मान करना था।

इस क्लब ने संकाय-छात्रों के क्रिकेट मैचों का आयोजन किया, इन खेलों का दोनों ने ही पूरी तरह से आनंद उठाया। प्रोफेसरों के साथ अनेक तरीकों से बातचीत हुई, जैसे कि औपचारिक, अनौपचारिक, वर्ग में, वर्ग से बाहर, सामाजिक, शैक्षणिक, आकस्मिक, योजनाकृत, लेकिन जो इन क्रिकेट मैचों ने हासिल किया, वह शायद ही किसी खेल के रूप में देखने को मिलता है।

संकाय सदस्य छात्रों के लिए एक गुरू के रूप में होने के कारण वे छात्रों को गुरुओं के साथ संबंध बनाने और उनकी रुचि के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान करते हैं। नए बैच के संस्थान में आने के पहले दो सप्ताह के अन्दर ही गुरु नियत हो जाते हैं। संकाय सदस्यों को भी उनकी रुचि एवं उपलब्धता के बारे में पूछा गया है। यह क्लब गुरूओं और शिष्यों के बीच के अधिकतम हितों का अधिव्यापन करने की कोशिश करता है।

यह क्लब संकाय सदस्यों के जन्मदिन समारोहों का आयोजन करता है।

उद्योग सहभागिता मंच (एफ़आईआई)

उद्योग सहभागिता मंच (एफ आई आई) छात्र परामर्शन निकाय है। सबसे पुराने छात्र संगठन के रूप में, एफ आई आई ने अपने अस्तित्व के कई वर्षों से अधिक छात्रों एवं उद्योग के बीच एक सफल सहभागिता की सुविधा में मदद की है। विभिन्न पृष्ठभूमि, उद्योग अनुभव, व प्रति वर्ष एफ़आईआई परियोजना टीम का एक हिस्सा बनने में रुचि रखने वाले लगभग 300 से भी अधिक छात्रों के साथ एफ़आईआई ने निरंतर रूप से बहुउद्यमी एवं बहुव्यावसायिक कार्यों वाली कम्पनियों में प्रभावी एवं व्यावहारिक समाधान दिये हैं।

एफ़आईआई की कोर टीम परियोजना पिचों, चर्चाओं के लिए मंच प्रदान करती है और समग्र प्रशासनिक प्रक्रिया को सँभालती है। यह उद्योग में संस्थान के वर्चस्व की ब्रांड एवं गुणवत्ता को प्रतिबिंबित करने वाले समाधानों को सुनिश्चित करता है। एफ़आईआई परियोजना टीम बेहद प्रेरित छात्रों से मिलकर बनी हुई होती हैं। अद्वितीय टीम की आवँटन प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि क्लायंट और टीम संचालित परियोजना के मध्य रुचि एवं समुचित सहयोगों का संरेखण बना रहे।

